जबलपुर गुरुवार 21 मई 2026 > शक संवत 1948, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पंचमी, संवत 2083

वर्ष 31 अंक 321 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com



ऑरेंज कैप पर वैभव सूर्यवंशी का कब्जा » 10

# स्वतंत्र मत

**मौसम**
अधिकतम तापमान 44.9°C
न्यूनतम तापमान 27.6°C
सूर्योदय - 5.27 | सूर्यास्त - 6.47

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।



मानव आबादी पर हाथियों का हमला चिंताजनक » 2



'मैं वापस आऊंगा' का हिस्सा बनकर भावुक हुई » 7



खाद वितरण और उपज खरीदी में दिक्कत से बचने किसान » 9



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आज पुण्यतिथि है

# मध्यप्रदेश में 15 दिन रहेगा तबादलों का मौसम

## कैबिनेट ने स्थानांतरण नीति 2026 को दी मंजूरी

भोपाल

मध्यप्रदेश में 'बादलों' का मौसम आने से पहले 'तबादलों' का मौसम शुरू हो जाएगा जो 15 दिनों तक अदला-बदली की झड़ी लगाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को स्थानांतरण नीति 2026 को मंजूरी दे दी गई। मंत्रिमंडल ने स्थानांतरण पर प्रतिबंध शिथिल करते हुए 15 दिनों के लिए तबादले की अनुमति दी है। प्रदेश में एक जून से 15 जून तक राज्य व जिला स्तर पर तबादले हो सकेंगे। शासकीय सेवक पति-पत्नी की पदस्थापना एक स्थान पर रखी जाएगी। गंभीर बीमारी से पीड़ित शासकीय सेवकों को भी तबादले में छूट दी जाएगी। नोटशीट में ए प्लस श्रेणी के मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों स्थिति से स्वीकार होंगे। मंत्री व प्रभारी मंत्रियों की अनुशंसा पर तबादले होंगे। मंत्री का अनुमोदन ई-ऑफिस के माध्यम से ही होगा। इतना ही नहीं विभाग अपनी सुविधा के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग के अनुमोदन व मुख्यमंत्री की अनुशंसा से तबादला नीति बना सकेंगे। कैबिनेट में तबादला नीति के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण, पीएचई, कृषि, श्रम और लोक सेवा प्रबंधन विभाग के निरंतरता के बजट से जुड़े प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई। कैबिनेट में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने बताया कि प्रदेश के विकास और जन-कल्याण को गति देने के लिए 30,055 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। जिला संवर्ग/राज्य संवर्ग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का जिले के भीतर जिला कलेक्टर द्वारा प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से तबादला किया जाएगा। राज्य संवर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों का स्थानांतरण राज्य के अंदर भारसाधक



मंत्री के अनुमोदन से प्रशासकीय विभाग द्वारा किया जाएगा। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का स्थानांतरण विभागाध्यक्ष द्वारा भारसाधक मंत्री के अनुमोदन से किया जा सकेगा। गृह विभाग में उप पुलिस अधीक्षक के कनिष्ठ स्तर के अधिकारियों, कर्मचारियों का स्थानांतरण पुलिस स्थापना बोर्ड द्वारा और जिले के भीतर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से होगा। जिले के भीतर डिप्टी कलेक्टर/संयुक्त कलेक्टर अनुभाग परिवर्तन एवं तहसीलदार, नायब तहसीलदार की पदस्थापना प्रभारी मंत्री के परामर्श से की जाएगी। जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति में एक वर्ष या उससे कम समय शेष हो, सामान्यत: उनका स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। गंभीर बीमारियों जैसे-कैंसर, किडनी खराब आदि में मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर स्थानांतरण किया जा सकेगा।

### 20 प्रतिशत से अधिक तबादले नहीं

पद या संवर्ग की संख्या 200 तक है तो अधिकतम 20 प्रतिशत तबादले ही किए जाएंगे। वहीं 201 से 1000 संख्या तक 15 प्रतिशत, 1001 से 2000 तक 10 प्रतिशत और 2001 से अधिक होने पर पद या संवर्ग में कार्यरत संख्या के आधार पर स्थानांतरण किए जाएंगे। तबादले ई-ऑफिस के माध्यम से होंगे। इनमें स्वैच्छिक तबादले भी होंगे। यह नीति मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा, राज्य पुलिस सेवा, राज्य वन सेवा एवं मध्य प्रदेश मंत्रालय पर लागू नहीं होगी।

### ए प्लस नोटशीट वाले तबादले 31 तक

मंत्री काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री की ए प्लस नोटशीट वाले तबादले 31 मई तक किए जाएंगे। पहले लंबित आवेदन निपटाए जाएंगे, इसे तबादला नीति में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वयं के व्यय वाले तबादलों में दो स्थितियां शामिल नहीं होंगी। इन्हें तबादला नीति से बाहर रखा गया है। पहला कि ऐसे शासकीय सेवक जो अति गंभीर बीमारी जैसे कैंसर, लकवा, हृदयाघात से पीड़ित हैं और मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर स्थानांतरित किए जाते हैं, उनका इस तबादला नीति में समावेश नहीं किया जाएगा। वहीं पति-पत्नी को भी तबादला नीति की निर्धारित सीमा से बाहर रखा गया है।

### विभागीय मंत्री का अनुमोदन जरूरी

ऐसे मामले जो अत्यंत गंभीर शिकायतों से जुड़े हैं और जिनमें अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जा चुका है, लोकायुक्त / आर्थिक अपराध प्रकरणों में, न्यायालयीन निर्णयों के पालन में और निलंबन, त्यागपत्र, सेवानिवृत्ति आदि से पद रिक्त होने पर पद पूर्ति के लिए (जहां से भेजा जा रहा है, वहां पदों का प्रतिशत पदस्थापना स्थान से कम नहीं होना चाहिए। तबादला प्रतिबंध अवधि के दौरान इन सभी प्रकरणों में केवल विभागीय मंत्री के प्रशासकीय अनुमोदन पर ही तबादले किए जाएंगे।

### 3 महिला धर्मगुरुओं को कार ने कुचला, दो की मौत

**रीवा।** शहर में बुधवार की सुबह सुबह करीब 5.40 बजे दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जिसने पूरे जैन समाज सहित पूरे शहर को गहरे शोक में डुबो दिया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस कंट्रोल रूम और कलेक्टरेट के सामने एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रही थीं जैन समाज की तीन महिला धर्मगुरुओं को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में दो महिला धर्मगुरु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया गया है कि दुर्घटना करने वाले युवक एवं वाहन को जबलपुर के पनागर पुलिस ने पकड़ लिया है।

### सीमांकन के लिए रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**भिंड।** भिंड जिले के मालनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने तुकेंडा हल्का के पटवारी हिमांशु तोमर को 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवारी जमीन का सीमांकन करने के एवज में फरियादी से इस घूस की मांग कर रहा था। जानकारी के अनुसार, फरियादी ने पटवारी हिमांशु तोमर द्वारा की जा रही पैसों की मांग की शिकायत लोकायुक्त से की थी।

### सड़क हादसे में तीन रोजगार सहायकों की मौत

**रतलाम।** रतलाम से भोपाल जा रहे ग्राम पंचायत सचिवों की गाड़ी को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में रतलाम जिले की सैलाना जनपद की ग्राम पंचायत करिया के सहायक सचिव लखन और ग्राम पंचायत कांगसी के सहायक सचिव हुर्जी मईड़ा की मौत सुबह हो गई थी। शाम को बरड़ा ग्राम पंचायत के सहायक सचिव प्यारेलाल खराड़ी की मौत हो गई। हादसे में 10 लोग घायल हो गए थे। घटना मंगलवार रात करीब 2 बजे देवास के पास हुई।

### नीट री-एग्जाम से पहले फेक टेलीग्राम चैनल्स पर एक्शन

**नई दिल्ली।** नीट यूजी के 21 जून को होने वाले री-एग्जाम को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने परीक्षा से जुड़ी अफवाहें फैलाने वाले फर्जी टेलीग्राम चैनलों और ऑनलाइन नेटवर्क्स पर एक्शन लेने के निर्देश दिए। खुफिया एजेंसियों ने बुधवार को सरकार को बताया कि कई फर्जी टेलीग्राम चैनल कुछ ही मोबाइल नंबरों से चलाए जा रहे हैं। इससे संगठित गिरोह के सक्रिय होने की आशंका है।

# मेलोनी को 'गिफ्ट' में मेलोडी

## इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने कहा- 'परिश्रम ही सफलता की कुंजी है'

रोम/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। पीएम मेलोनी ने एक्स पर इस वीडियो को पोस्ट कर कहा- प्रधानमंत्री मोदी मेरे लिए गिफ्ट में बहुत-बहुत अच्छी टॉफी लेकर आए- मेलोडी। गिफ्ट के लिए थैंक्यू। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन (10 करोड़) से ज्यादा बार देखा गया। वहीं एक्स पर भी इसे 74 लाख से ज्यादा व्यू मिले। पीएम मोदी अपने पांच देशों के दौरे के आखिरी चरण में मंगलवार को इटली पहुंचे। वहां पीएम मेलोनी ने उनका स्वागत किया। दोनों रोम की सड़कों पर एक ही कार में घूमे और करीब 2000 साल पुराने ऐतिहासिक कोलोजियम का दौरा भी किया। मोदी ने मेलोनी को 'मेलोडी' टॉफी इसलिए गिफ्ट की थी क्योंकि सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं के नामों को जोड़कर मेलोडी (मोदी+मेलोनी=मेलोडी) शब्द काफी वायरल हो गया था। असल में मेलोनी और मोदी के नामों को जोड़कर लोगों ने



मजाकिया और दोस्ताना अंदाज में मेलोडी कहना शुरू कर दिया था। जी20 और दूसरे अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में दोनों नेताओं की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद यह शब्द इंटरनेट मीम और ट्रेंड बन गया। इसी को हल्के-फुल्के अंदाज में लेते हुए मोदी ने मेलोनी को भारत की मशहूर टॉफी गिफ्ट की। पीएम मोदी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने आज रोम में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान दौरान मेलोनी ने हिंदी में कहा कि 'परिश्रम ही सफलता की कुंजी है'। मेलोनी ने कहा कि भारत में एक शब्द बहुत खास है 'परिश्रम', जिसका मतलब है मेहनत, लगातार प्रयास और समर्पण। यह शब्द भारत में अक्सर इस्तेमाल किया जाता है। वहीं पीएम मोदी ने कहा कि रोम को दुनिया में 'इटरनल सिटी' कहा जाता है। भारत में मेरी लोकसभा सीट काशी को भी इसी तरह जाना जाता है। जब दो सभ्यताएं मिलती हैं, तो बातचीत सिर्फ एजेंडे तक सीमित नहीं रहती। उसमें इतिहास की गहराई, भविष्य की झलक और दोस्ती की सादगी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि मैं पीएम मेलोनी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मेरा और मेरे प्रतिनिधिमंडल को स्वागत किया। उन्होंने जॉर्जिया मेलोनी को भारत आने का न्योता दिया।

### राहुल गांधी ने निशाने पर लिया

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को रायबरेली में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को निशाने पर लिया। राहुल गांधी ने कहा कि जब भी बीजेपी-आरएसएस के लोग आपके सामने आएं और बात करें तो आप उनसे खुलकर कहिए बीजेपी-आरएसएस गद्दार हैं, क्योंकि आप लोगों ने मिलकर देश को बेचने का काम किया है। बीजेपी-आरएसएस ने संविधान पर, वीरा पासी जी, गांधी जी और अंबेडकर जी पर हमला किया है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान के आर्थिक सिस्टम को बेच दिया है, अब आर्थिक तूफान आ रहा है और नरेंद्र मोदी और हिंदुस्तान की सरकार आपको नहीं बचा पाएगी, वे आपसे कहेंगे, रोएंगे और कहेंगे कि मेरी गलती नहीं है। मैं आपको बता रहा हूं, गलती सिर्फ नरेंद्र मोदी, अमित शाह और आरएसएस की है क्योंकि इन्होंने इसे (संविधान) खत्म किया है। पेट्रोल-डीजल के बढ़े दामों पर राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव से पहले कहा गया कि पेट्रोल, गैस की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल के दाम नहीं बढ़ेंगे। आज जब पेट्रोल के दाम बढ़ रहे हैं तो अंबानी पेट्रोल हिंदुस्तान से बाहर भेज रहे हैं। अंबानी रूस से पेट्रोल खरीदकर बाहर बेचते हैं और उस पैसे से वे नरेंद्र मोदी की फंडिंग करते हैं। यह सच्चाई है।




# ट्विशा केस : सीबीआई जांच कराने लेटर लिखेगी सरकार

**भोपाल।** एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा मौत मामले में मध्यप्रदेश सरकार सीबीआई जांच के लिए केंद्र को पत्र लिखेगी। साथ ही, ट्विशा की सास और रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह की जमानत रद्द कराने के लिए भी आवेदन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को ट्विशा के परिजन से मुलाकात के दौरान यह आश्वासन दिया। ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा रिटायर्ड सैनिकों के साथ सीएम से मिलने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार परिवार की हर संभव मदद करेगी। इधर, भोपाल कोर्ट ने दोबारा पोस्टमॉर्टम कराने की मांग खारिज कर दी है। कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि शव को ऐसी मॉर्च्युरी में सुरक्षित रखा जाए, जहां उसे डीकंपोज होने से बचाया जा सके। ट्विशा के परिजन ने रिटायर्ड जज गिरीबाला सिंह को कंज्यूमर फोरम से हटाने की मांग की है। इसके लिए राज्यपाल डॉ. मंगू भाई पटेल को पत्र भेजा गया है। परिजनों का कहना है कि गिरीबाला सिंह पर दहेज हत्या की एफआईआर दर्ज है, इसलिए उन्हें पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। गिरीबाला फिलहाल डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर फोरम में जज हैं।

### रिटायर्ड सैनिकों ने निकाली बाइक रैली

बुधवार को ही भोपाल में रिटायर्ड सैनिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए बाइक रैली निकाली। लाल परेड ग्राउंड पहुंचकर प्रदर्शन किया। रिटायर्ड जनरल श्याम सुंदर श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्पेशल डीजी अनिल कुमार शर्मा से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा। श्रीवास्तव ने बताया कि हमने ट्विशा के परिवार की पांच मांगों को उनके सामने रखा है। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस पर किसी प्रकार का दबाव नहीं है।

# बहुत सस्ती और सुरक्षित होगी सौर ऊर्जा

## सीयूजे के वैज्ञानिकों ने संध्या मालती फूल से बना डाला सोलर सेल

रांची।

स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा के क्षेत्र में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के वैज्ञानिकों ने एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। यूनिवर्सिटी के ऊर्जा इंजीनियरिंग विभाग के शोधकर्ताओं ने हमारे आसपास पाए जाने वाले संध्या मालती फूल की पंखुड़ियों से एक ऐसा सौर सेल विकसित किया है, जो न केवल बेहद कम लागत वाला है, बल्कि पूरी तरह पर्यावरण-अनुकूल भी है। यह शोध भविष्य में सौर ऊर्जा तकनीक को आम लोगों के लिए अधिक सुलभ, सस्ती और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। शोधकर्ताओं ने मिराबिलिस जलापा फूल की पंखुड़ियों से प्राकृतिक रंग (डाई) निकाला और उसका उपयोग डाई-सेंसिटाइज्ड सोलर सेल्स या ग्रैट्जेल सेल्स में किया। यह तकनीक सूर्य के प्रकाश को सीधे बिजली में बदल देती है। संध्या मालती को देश भर में फोर ओ-क्लाक फ्लावर, गुल-अब्बास और गुल-बख्शी के नाम से भी जाना जाता है। इसकी खासियत यह है कि इसके फूल आमतौर पर शाम चार बजे के बाद ही खिलते हैं। पारंपरिक चिकित्सा और सजावट में इसका इस्तेमाल सालों से होता आ रहा है, लेकिन अब इससे बिजली भी बनाई जा सकेगी। डॉ. प्रधान के अनुसार, इस समय बाजार में मौजूद सोलर सेल्स में जिन सिंथेटिक डाई का इस्तेमाल किया जाता है, वे बहुत महंगी होती हैं और पर्यावरण के लिए भी खतरनाक हैं। विशेष रूप से रूथेनियम आधारित डाई प्रकृति के लिए सुरक्षित नहीं हैं। इसके विपरीत, संध्या मालती फूल से तैयार यह



प्राकृतिक डाई पूरी तरह से गैर-विषैली और बायो-डिग्रेडेबल है। इस बड़ी खोज को दुनिया की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका जर्नल ऑफ पावर सोर्सेज में प्रकाशित किया गया है।

### यह तकनीक कैसे काम करती है?

ऊर्जा इंजीनियरिंग विभाग के सह-प्राध्यापक और इस शोध के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. बासुदेव प्रधान ने बताया कि फूल से निकाले गए प्राकृतिक रंग का इस्तेमाल सौर सेल में सेंसिटाइजर के रूप में किया गया है। यह सेंसिटाइजर सूर्य की रोशनी को सोखकर इलेक्ट्रॉन्स के फ्लो को एक्टिव करता है, जिससे बिजली पैदा होती है। वैज्ञानिकों ने शुरुआती रिसर्च में 0.61 प्रतिशत की पावर कन्वर्जन एफिशिएंसी और लगभग 250 घंटे तक की स्थिरता हासिल की है। भले ही यह शुरुआती परिणाम है, लेकिन प्राकृतिक डाई आधारित सोलर सेल तकनीक के लिए इसे बहुत बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

# 'सूर्यास्त्र' रॉकेट ने ओडिशा में साधा सटीक निशाना

अनुगुल (ओडिशा)

भारत के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र को बड़ी मजबूती देते हुए पुणे स्थित निजी कंपनी निबे लिमिटेड ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में 18 और 19 मई को 'सूर्यास्त्र' लंबी दूरी की रॉकेट प्रणाली का सफल परीक्षण किया। इन परीक्षणों में भारतीय सेना के लिए विकसित 150 किलोमीटर और 300 किलोमीटर मारक क्षमता वाले दो अत्याधुनिक रॉकेटों ने बेहद सटीक निशाना साधकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। कंपनी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, 150 किलोमीटर रेंज वाले रॉकेट ने 1.5 मीटर की वृत्ताकार त्रुटि संभाव्यता (सीईपी) हासिल की, जबकि 300 किलोमीटर रेंज वाले संस्करण ने 2 मीटर सीईपी दर्ज की। रक्षा क्षेत्र में सीईपी को किसी भी मिसाइल या रॉकेट की सटीकता का सबसे महत्वपूर्ण पैमाना माना जाता है।




इसका अर्थ है कि लक्ष्य के आसपास निर्धारित दायरे में आधे प्रक्षेप्य गिरने की संभावना रहती है। इतनी कम सीईपी लंबी दूरी के गहरे स्ट्राइक अभियानों में इस प्रणाली की घातक सटीकता को दर्शाती है। जानकारी के अनुसार, यह परीक्षण भारतीय सेना के खरीद आदेश के तहत किए गए। सूर्यास्त्र प्रणाली को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह लंबी दूरी से दुश्मन के महत्वपूर्ण ठिकानों पर हमला कर सके और प्रक्षेपण प्लेटफॉर्म को दुश्मन की पहुंच से दूर रख सके।

### इजरायली तकनीक के साथ स्वदेशी ताकत

'सूर्यास्त्र' को इजरायल की एलबिट सिस्टम्स की प्रिसिजन एंड यूनिवर्सल लॉन्चिंग सिस्टम तकनीक के भारतीय संस्करण के रूप में विकसित किया गया है। परियोजना में 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत व्यापक स्तर पर स्वदेशी विनिर्माण और तकनीकी हस्तांतरण को शामिल किया गया है। यह प्रणाली बहु-कैलिबर सार्वभौमिक रॉकेट लॉन्चर के रूप में कार्य करती है, जो विभिन्न प्रकार के रॉकेटों और लोइटरिंग म्यूनिशन को मॉड्यूलर पॉड्स के माध्यम से दागने में सक्षम है।

### आपातकालीन खरीद आदेश के बाद परीक्षण

गौरतलब है कि भारतीय सेना ने जनवरी 2026 में लगभग 293 करोड़ रुपये के आपातकालीन खरीद आदेश के तहत सूर्यास्त्र प्रणाली की खरीद को मंजूरी दी थी। इस अनुबंध में दो सूर्यास्त्र लॉन्चर, एक सप्लाई-कम-लोडर वाहन, अतिरिक्त पुर्जे, गोला-बारूद, रॉकेट और तकनीकी सहायता शामिल है। एनएसई में सूचीबद्ध निबे लिमिटेड रक्षा उपकरणों और प्रणालियों के निर्माण में तेजी से उभरती भारतीय कंपनी मानी जा रही है। कंपनी पहले से ही पिनाका जैसी स्वदेशी रक्षा प्रणालियों के लिए महत्वपूर्ण पुर्जों का निर्माण कर रही है।

# समाज सेवा की दिशा में 'सेठिया सेवा संस्थान' बुढार की अनूठी मिसाल

## पीड़ित मरीजों को नि:शुल्क मेडिकल उपकरणों का सुगमता से अर्जित कराया जा रहा लाभ

बुढ़ार (स्वतंत्रमत)

जरूरतमंद और अस्वस्थ व्यक्तियों को आपातकालीन स्थिति में नि:शुल्क मेडिकल उपकरण हासिल करायें जाने के पुनीत उद्देश्य से बुढ़ार में समाज सेवा की अनूठी मिसालरू बुढार में 'सेठिया सेवा संस्थान' द्वारा अर्जित करायी जा रही है,घ् और अर्जित करायें जाने वाले उपकरण का लाभ अर्जित करने के उपरांत संस्थान को वापस करायें जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सेवा परमो धर्म के मूल मंत्र के साथ, तथा नर सेवा को ही नारायण सेवा मानते हुए बुढ़ार नगर के वार्ड क्रमांक 14 में सेठिया सेवा संस्थान का शुभारंभ किया गया है, जिसे समाजसेविका रजनी सेठिया एवं समाजसेवी राजू सेठिया द्वारा पूज्य पिता एवं पूज्य मां के मिले शुभाशीष से किया गया हैं। सेठिया संस्थान का मुख्य उद्देश्य यह है कि बुढार एवं आसपास के जरूरतमंद और अस्वस्थ व्यक्तियों को आपातकालीन स्थिति में मेडिकल उपकरण सुगमता से निरूशुल्क मिल सके और पीड़ित जनो को




राहत मिल सके। बुढार एवं आघ्सपास के क्षेत्र में आयें दिन देखा जाता रहा है कि आकसमिक गंभीर बीमारी या दुर्घटना के समय परिवारों को महंगे मेडिकल उपकरण जुटाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए, सेठिया सेवा संस्थान के राजू सेठिया जो समाजसेवा में बढ़-चढ़कर एक लंबे समय से अपनी सहभागिता का निर्वहन करते रहे है और विभिन्न स्वस्थ शिविरों में भी वे सहभागिता निभाते रहे हैं, के द्वारा पीड़ितो की सहायता के लिए पूरी तरह से नि:शुल्क मेडिकल उपकरण उपलब्ध कराये जाने के पुनीत उद्देश्य से सेठिया संस्थान के माध्यम से अत्यावश्यक उपकरण जिनमें ऑक्सीजन गैस सिलेंडर, हाइड्रोलिक फोल्डिंग पलंग, मरीज के लिए विशेष बेड, व्हील चेयर और स्ट्रेचर, वाकर और बैसाखी, एयर गद्दे से बचाव के लिए तथा नेबुलाइजर मशीन निरूशुल्क रूप से उपलब्ध की सुविधा करायी गई है, और प्रदत्त उपकरण से लाभ अर्जित करने के उपरांत संस्थान को वापस पीड़ित परिवार द्वारा वापस करायी जायेगी, जिससे निरंतर पीड़ितजन उपकरण से लाभ हासिल कर सकें। मो.नं. 9993051190, 9893780299, वार्ड क्रमांक 14, ओम ट्रेडर्स के पीछे, बुढ़ार परघ् संपर्क स्थापित कर सकते हैं। समाजसेवी राजू सेठिया ने बताया कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति इन उपकरणों की सहायता के लिए सीधे संस्थान से संपर्क कर सकता है। सेठिया संस्थान के इस सेवाभावी कदम की नगर और आसपास के क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों द्वारा काफी सराहना की जा रही है, और लोगों का मानना है कि इस पहल से स्थानीय स्तर पर आर्थिक स्थिति से कमजोर और मध्यमवर्गीय परिवारों को बहुत बड़ी राहत मिल सकेगी।



# जिला बास्केटबॉल संघ की 14 वर्ष बालिका टीम कल उज्जैन रवाना होगी

शहडोल (स्वतंत्रमत)

जिला बास्केटबॉल संघ की 14 वर्ष बालिका टीम ओपन स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 22 मई को उज्जैन के लिए रवाना होगी। यह प्रतियोगिता 23 मई से 26 मई तक उज्जैन में आयोजित की जाएगी। जिला बास्केटबॉल संघ की टीम हर वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करती रही है। पिछले कई वर्षों में टीम ने मध्यप्रदेश स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष भी टीम से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है। टीम के कोच राष्ट्रीय कोच के.के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगी। टीम में आराध्या द्विवेदी, दाक्षी सिंह, आराध्या यादव, एंजेल साकेत, दृष्टि वशिष्ठ, अलीना खान, अद्विक खंडेलिया, अन्वी अग्रवाल, अन्वेष मिश्रा, अक्षरा बर्मन, शानवी गुप्ता एवं अवनी पॉल शामिल हैं। टीम मैनेजर की जिम्मेदारी शिप्रा द्विवेदी, अनुष्का कारागंले एवं शुभांगी अग्रवाल निभाएंगी। गौरतलब है कि वर्ष 2025 में इंदौर में आयोजित 14 वर्ष बालिका ओपन स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता में संभाग की टीम ने इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर एवं सागर जैसी मजबूत टीमों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था तथा इंदौर ए टीम से मुकाबले में उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया था। जिला बास्केटबॉल संघ के सभी सदस्यों एवं खेल प्रेमियों ने टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# जिला अस्पताल शहडोल में डॉक्टरों की लापरवाही से नवजात की मौत का आरोप




शहडोल (स्वतंत्रमत)

अस्पताल में प्रसूता के परिजनों ने डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नवजात शिशु की मौत के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार, कनीज फातमा को 18 मई को डिलीवरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 19 मई को ऑपरेशन की तैयारी के बाद डॉक्टरों ने प्लेटलेट काउंट 65 हजार बताकर ऑपरेशन रोक दिया। इसके बाद परिजनों ने निजी लैब में जांच कराई, जहां प्लेटलेट काउंट लगभग 1.20 लाख बताया गया।

परिजनों का आरोप है कि निजी जांच रिपोर्ट अस्पताल में जमा कराने के बावजूद समय पर ऑपरेशन नहीं किया गया। रात करीब 1 बजे प्रसूता को तेज दर्द शुरू हुआ, जिसकी सूचना ड्यूटी स्टाफ को दी गई। आरोप है कि डॉक्टरों के अस्पताल पहुंचने में कई घंटे लग गए और सुबह करीब 5 से 6 बजे ऑपरेशन किया गया। तब तक शिशु की गर्भ में ही मृत्यु हो चुकी थी। पीड़ित परिवार ने डॉक्टर त्रिगेंद्र सिंह एवं डॉ. अंजली टेकाम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। परिजनों ने कहा कि यदि समय पर उपचार और ऑपरेशन किया जाता, तो शिशु की जान बचाई जा सकती थी। इस घटना से परिजनों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## ग्राम देवरी नं 2 में तालाब की साफ-सफाई कर दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान जनभागीदारी से जनांदोलन बन चुका है। जल ही जीवन है यह केवल एक वाक्य नही, बल्कि हमारी पृथ्वी का आधार है। हर बूंद हमारे अस्तित्व से जुड़ी है। जल की हर बूंद का संरक्षण मध्यप्रदेश सरकार का प्रण है। जल की हर बूंद की अहमियत समझते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये गए कार्यों में सकारात्मक एवं प्रभावशाली परिणाम परिलक्षित हो रहें। जल के संरक्षण, संवर्धन एवं जल के प्रति जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उददेश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान शहडोल जिले में प्रगति पर है। जल गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण के अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम में ग्राम देवरी-2 में संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद भीम सिंह डामोर एवं जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय, नवांकुर संस्था वीर सावरकर सेवा समिति के सदस्यो द्वारा तालाब की साफ-सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के अध्यक्ष मुकेश केवट, मेंटर्स मुकेश पाठक, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवदहा, सीएम सीएमएलडीपी के छात्र-छात्राएं ने भी सहभागिता निभाई।

# मानव आबादी पर हाथियों का हमला चिंताजनक : सांसद हिमाद्री सिंह

शहडोल (स्वतंत्रमत)

शहडोल एव अनूपपुर जिले के मानव आबादी वाले क्षेत्रों मे जंगली हाथियों के दखल और उससे होने वाले जान माल के नुकसान की खबरों को सांसद हिमाद्री सिंह ने चिंता व्यक्त की है। हाथियों के हमले से चार लोगो की मौत एवं कुछ लोगों के घायल होने पर सांसद हिमाद्री सिंह ने गहरा शोक प्रकट करते हुए वन मंत्री दिलीप अहिरवार एवं सीसीएफ शहडोल से चर्चा करके हाथियों का रेस्क्यू करने और प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा देने को कहा है। छत्तीसगढ़ से लगे जंगली इलाके से होकर मध्यप्रदेश के सीमावर्ती अनूपपुर और शहडोल जिलों मे पिछले चार माह से चार हाथियों का समूह निरंतर अलग - अलग क्षेत्रों मे भ्रमण कर रहा है। हाथियों के इस समूह मे एक नर हमलावर हाथी भी है। हाथी के हमले से डेढ माह के अंदर अनूपप्रु जिले मे दो और अनूपपुर जिले की सीमाओं से लगे मरवाही और शहडोल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों मे एक-एक व्यक्ति की दुखद मौत हो गयी। एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल है। हाथियों ने ना केवल घरों, फसलों को नुकसान पहुंचाया बल्कि आठ पशुओं को भी मार डाला। ग्रामीण और जैतहरी जैसे नगरीय क्षेत्रों मे हाथियों की लंबे समय से चहलकदमी के कारण लोगों मे दहशत है। लोग डरे हुए हैं और इसके कारण तेंदूपत्ता, महुआ, लकडी लेने जंगलों मे नहीं जा रहे और खेतों मे भी जाने से डर रहे हैं। हाथियों के लंबे समय से क्षेत्र मे धमाचौकडी मचाने के कारण जान माल के नुकसान और भय के कारण ग्रामीणों मे गुस्सा बढ रहा है। सांसद हिमाद्री सिंह ने ग्रामीणों से मिली इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग के आला अधिकारियों और वन मंत्री से सीधे बात करके लोगों को हाथियों



से हो रही समस्याओं से अवगत करवाया। सांसद ने वन मंत्री दिलीप अहिरवार से चर्चा करके उन्हे शहडोल संसदीय क्षेत्र मे हाथियों के हमलों से लोगों को हो रहे नुकसान से अवगत करवाते हुए। अपील की कि शहडोल और अनूपपुर जिले से वन्य हाथियों को रेस्क्यू करके अन्यत्र ले जाया जाए। इस हेतु अनुमति की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। सांसद ने हाथी के हमले से मृत हुए लोगों के परिजनों, घायलों को शीघ्र पूरा मुआवजा देने, फसल, घर, सम्पत्ति नुकसान का आंकलन करके उसकी क्षतिपूर्ति शीघ्र करने तथा हाथियों की आबादी मे आवाजाही रोकने के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। सांसद सिंह ने हाथियों की बढती समस्याओं को चिंताजनक बताते हुए इसके स्थायी व्यवस्था की मांग की गयी है।

## 725 क्विंटल अमानक मसूर मिलने से हड़कंप : गोदाम में मिली घुनी हुई बोरियां, प्रबंधक को नोटिस जारी

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** खाद्य शाखा जिला डिंडोरी द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत संचालित चना एवं मसूर खरीदी कार्य में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बी-पेक्स डिंडोरी के प्रबंधक एवं प्रभारी खरीदी केंद्र निगवानी श्री रघुवर सिंह गौतम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस के अनुसार दिनांक 19 मई 2026 को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री आकाश तुरकर द्वारा निगवानी खरीदी केंद्र स्थित एमपीडब्ल्यूएलसी गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कृषकों द्वारा लाए गए मसूर की बिना साफ-सफाई एवं ग्रेडिंग के सीधे शासकीय बारदानों में भराई किए जाने की स्थिति पाई गई। जांच में मसूर में सिकुड़े हुए दाने, कचरा एवं तेवड़ा की मात्रा पाए जाने से सामग्री अमानक स्तर की पाई गई। निरीक्षण के दौरान गोदाम क्रमांक 19 में विगत वर्षों की उपार्जित मसूर की 5 बोरी घुनी हुई मिली। वहीं लगभग 250 शासकीय बोरियों में भरी मसूर के नमूनों में भी अमानक स्तर की सामग्री पाए जाने की पुष्टि हुई। इसके अतिरिक्त गोदाम क्रमांक 18 में लगभग 1200 बोरियों में भरी 600 क्विंटल मसूर अमानक स्तर की पाए जाने पर वेयरहाउस कर्मचारियों द्वारा पृथक रखवाई गई थी।

# भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न, संगठन विचारधारा और बूथ सशक्तिकरण पर मिला मार्गदर्शन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण वर्ग का दो दिवसीय आयोजन कोनार्क मैरिज गार्डन डिंडौरी में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की विचारधारा, बूथ प्रबंधन, कार्य विस्तार, सरकार की योजनाएं, मीडिया की भूमिका एवं सामाजिक चुनौतियों जैसे विषयों पर वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ। प्रदर्शनी में भाजपा की वैचारिक यात्रा, संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई। प्रथम सत्र में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने बूथ प्रबंधन विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका बूथ स्तर तक मजबूत संगठन



है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतदान केंद्र स्तर तक सक्रिय रहने एवं संगठन की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में भाजपा राष्ट्रीय मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आग्रह किया। तृतीय सत्र में बालाघाट के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे ने कार्य विस्तार विषय पर संगठन को मजबूत करने और नए लोगों को पार्टी से जोड़ने पर जोर दिया। वहीं चतुर्थ सत्र में अजजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम ने हमारा इतिहास एवं विकास विषय पर भाजपा की वैचारिक यात्रा एवं राष्ट्रवाद पर प्रकाश डाला। पंचम सत्र में कटनी के पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांतों की जानकारी दी। इसके बाद पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी ने संगठनात्मक कार्यपद्धति, अनुशासन एवं कार्यक्रम संचालन पर विस्तार से जानकारी दी।

# दो डीएड डिप्लोमा में एक ही शिक्षक की फोटो! जांच में फर्जी निकले प्रमाणपत्र, जिले में मचा हड़कंप

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में फर्जी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों के सहारे शासकीय सेवा और पदोन्नति प्राप्त करने का सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। ग्राम कुकर्रामठ निवासी लोक सिंह दुर्वासा ने जनसुनवाई में कलेक्टर डिंडौरी को शिकायत सौंपकर दो शिक्षकों पर फर्जी डीएड अंकसूची और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर नौकरी एवं आर्थिक लाभ लेने का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायत में तामेश्वर दास सुरेश्वर एवं सेवानिवृत्त शिक्षक तिलक सिंह तिलगाम के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज कर वेतन एवं अन्य शासकीय लाभों की वसूली की मांग की गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार दोनों शिक्षकों की अंकसूचियों में एक जैसे फोटो और समान अंक दर्ज पाए गए हैं, जिससे दस्तावेजों की प्रामाणिकता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**- आरटीआई में खुलासा, डाइट मंडला ने प्रमाणपत्र जारी करने से किया इंकार-** मामले का खुलासा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी से हुआ। शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार संबंधित शिक्षकों ने जो डीएड डिप्लोमा प्रस्तुत किए हैं, उनमें परीक्षा केंद्र





और प्रमाणपत्र जारी करने वाली संस्था के रूप में गवर्नमेंट डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट मंडला का उल्लेख किया गया है।

जब उक्त रोल नंबरों और अंकसूचियों की जानकारी डाइट मंडला से मांगी गई तो संस्था ने लिखित रूप से स्पष्ट किया कि संबंधित रोल नंबरों के परीक्षार्थी न तो परीक्षा में शामिल हुए थे और न ही संबंधित अंकसूचियां संस्थान से जारी की गई थीं। प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंडला द्वारा 14 फरवरी 2026 को जिला शिक्षा अधिकारी डिंडौरी को भेजे गए पत्र में बताया गया कि तामेश्वर दास सुरेश्वर की डीएड द्वितीय वर्ष 2006 परीक्षा अनुक्रमांक 3475535 की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि संबंधित परीक्षार्थी वर्ष 2006 की परीक्षा में सम्मिलित ही नहीं हुआ था और न ही उसकी अंकसूची संस्थान द्वारा जारी की गई। इसी प्रकार सेवानिवृत्त शिक्षक तिलक सिंह तिलगाम के डीएड द्वितीय वर्ष 2010 पत्राचार अनुक्रमांक 5681182 की जांच में भी यह तथ्य सामने आया कि संबंधित परीक्षार्थी वर्ष 2010 की परीक्षा में शामिल नहीं हुआ था तथा उक्त अंकसूची भी संस्थान द्वारा जारी नहीं की गई।

**वर्षों तक उठाते रहे वेतन वृद्धि और पदोन्नति का लाभ-**शिकायतकर्ता लोक सिंह दुर्वासा का आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दोनों शिक्षकों ने वर्षों तक शासकीय सेवा में पदोन्नति, वेतनवृद्धि, एरियर्स और अन्य आर्थिक लाभ प्राप्त किए, जिससे शासन को लाखों रुपये की आर्थिक क्षति हुई। साथ ही वास्तविक पात्र कर्मचारियों के अधिकार भी प्रभावित हुए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित शिक्षकों के साथ-साथ उस समय के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की मांग की है।

**एफआईआर और वसूली की मांग-** लोक सिंह दुर्वासा ने प्रशासन से मांग की है कि मामले में धोखाधड़ी, कूटरचना और शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की जाए तथा अब तक प्राप्त वेतन और अन्य शासकीय लाभों की वसूली सुनिश्चित की जाए। मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग और प्रशासनिक महकमे में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, जंगली सुअर का मांस ले जाते 5 आरोपी गिरफ्तार

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले के करंजिया वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने वन्य जीव संरक्षण को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शिकार और वन्य जीवों के मांस के परिवहन में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से मोटरसाइकिल में ले जाया जा रहा जंगली सुअर का कच्चा मांस बरामद किया गया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शिकार करने वालों में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग जंगल क्षेत्र में वन्य जीव का शिकार कर उसका मांस अवैध रूप से परिवहन कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए करंजिया वन परिक्षेत्र की टीम ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्धों की तलाश शुरू की। वन विभाग की टीम ने संदेह के आधार पर



मोटरसाइकिल सवार लोगों को रोककर तलाशी ली, जहां उनके पास से भारी मात्रा में जंगली सुअर का कच्चा मांस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर टीम ने सभी पांचों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद धनपुरी जिला-शहडोल म.प्र.**

क्रमांक/न.पा./लो.नि./2026/27/251 धनपुरी दिनांक : 15/05/2026

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रमाणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक एवं टेण्डर आई.डी | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | 148 Date 24.04.2026 2026_UAD_502892_1 | Contruction of Ganesh Higher Secondary School at word no 14 Phase-2 | 180 दिवस 197.96 लाख | 12500/- एवं 99000/- | 26/05/2026 05:30 PM |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, धनपुरी, जिला-शहडोल (म.प्र.)

# लापरवाही बरतने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही: कलेक्टर

## औचक निरीक्षण कर सिहोरा में जांची भंडारण व्यवस्था, अधिकारियों को चेताया

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह सिहोरा के जुझारी स्थित स्पर्श वेयरहाउस पहुंचे, जहाँ उन्होंने गेहूं खरीदी और भंडारण व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर चल रहे तुलाई कार्य की प्रगति का भी जायजा लिया। मौसम के बदलते मिजाज और संभावित बारिश को देखते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए खरीदी और तुलाई का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। साथ ही, खरीदे गए गेहूं को तुरंत सुरक्षित गोदामों में संग्रहित करने की व्यवस्था की जाए ताकि अनाज को किसी भी प्रकार का नुकसान न पहुंचे।



### लापरवाही पर मिलेगी सजा

कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों की सुविधा और शासन की प्राथमिकताएं सर्वोपरि हैं। सभी व्यवस्थाएं समय सीमा के भीतर और सुव्यवस्थित ढंग से पूरी होनी चाहिए। कार्यों में किसी भी तरह की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ एसडीएम अभिषेक सिंह और स्थानीय क्षेत्र के तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

### तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने पनागर तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर राजस्वर प्रकरणों के निराकरण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, राजस्व वसूली एवं अतिक्रमण से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में पाया गया कि सीमांकन एवं नामांतरण के कई प्रकरणों के निराकरण में आशाजनक प्रगति नहीं मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तहसीलदार से प्रकरणों के लंबित होने के कारण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए। राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने संबंधित राजस्व निरीक्षक को निर्धारित लक्ष्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध कॉलोनियों से जुड़े नामांतरण मामलों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन स्तर पर अवैध कॉलोनियों के नामांतरण पर रोक लागू है, इसलिए ऐसे किसी भी प्रकरण का नामांतरण नहीं किया जाए।

# सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलकाने वालों पर चला पुलिस का हंटर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नशा मुक्त मध्य प्रदेश अभियान के तहत जिला पुलिस ने असामाजिक तत्वों और अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर धरपकड़ अभियान चलाया है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के कड़े निर्देश पर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाने वालों और अवैध शराब के धंधे में लिप्त अपराधियों को दबोचने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया था, जिन्होंने शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ दबिश दी। एएसपी जितेन्द्र सिंह के निर्देशन में कंट्रोल रूम प्रभारी उप निरीक्षक सतीश झारिया, सूबेदार वीरेंद्र सिंह अर्क, सूबेदार राहुल सिंह और सूबेदार योगेश सिंह के नेतृत्व में विशेष टीमों ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कुल 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्यवाही कर थाना संजीवनी नगर से 7 आरोपी, थाना माढ़ोताल से 5 आरोपी, थाना ओमती से 2 आरोपी, थाना अधारताल, गोहलपुर, विजय नगर और बेलबाग से 1-1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से कुल 536 पाव देसी व अंग्रेजी शराब और 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।



26 शराब तस्कर दबोचे, भारी मात्रा में देसी-विदेशी शराब जब्त

### चैकिंग में हथियार हुए बरामद

अपराध नियंत्रण के इसी सिलसिले में थाना विजय नगर और हनुमानताल पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए 2 आरोपियों को अवैध हथियारों के साथ दबोचा। इनके पास से 2 धारदार चाकू जब्त कर 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं दूसरी ओर, सड़कों पर हुड़दंग रोकने और यातायात नियमों का पालन कराने के लिए मोटर व्हीकल एक्ट के तहत व्यापक चेकिंग चलाई गई। इस दौरान नियम तोड़ने वाले 224 वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 1 लाख 7 हजार 700 रुपये का समन शुल्क (जुर्माना) वसूला गया।

# केंद्रीय रेलवे चिकित्सालय में स्वच्छता एवं कचरा पृथक्करण कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल द्वारा दिनांक 15 मई से 5 जून तक विश्व पर्यावरण दिवस अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जबलपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जबलपुर, कटनी, नई कटनी जंक्शन, सतना, रीवा, दमोह एवं पिपरिया में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जागरूकता एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों एवं रेल उपयोगकर्ताओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार 20 मई को विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत केंद्रीय चिकित्सालय, जबलपुर में स्वच्छता अभियान एवं कचरा पृथक्करण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान चिकित्सालय परिसर की व्यापक साफ-सफाई की गई। तथा स्वच्छता कर्मियों को नवीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुरूप रंग-कोडित डस्टबिन (गीला एवं सूखा कचरा) के सही उपयोग एवं कचरे के वैज्ञानिक पृथक्करण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।



# मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या-निरोधक जागरूकता के लिए दिया योग का प्रशिक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन एवं सकारात्मक जीवन-दृष्टि के संवर्धन के लिए सहज योग ध्यान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहज योग की प्रशिक्षिका श्रीमती संध्या करमरकर ने मां निर्मला देवी द्वारा प्रतिपादित सहज योग की अवधारणा, उसके वैज्ञानिक एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के जीवन में बढ़ते तनाव, अवसाद, प्रतिस्पर्धात्मक दबाव एवं मानसिक असंतुलन जैसी चुनौतियों के समाधान हेतु ध्यान एवं योग अत्यंत प्रभावी माध्यम हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सहज योग का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया तथा ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, आत्मानुभूति एवं सकारात्मक ऊर्जा के अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर श्रीमती मीना शर्मा, श्रीमती वर्षा यादव एवं श्रीमती शोभा गुप्ता ने भी प्रशिक्षण सत्र में सक्रिय सहभागिता करते हुए प्रतिभागियों को योग एवं ध्यान की विभिन्न प्रक्रियाओं का मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त वरिष्ठ प्राध्यापकगण, सहायक प्राध्यापक, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ.ए.सी.तिवारी, डॉ. मृत्युजंय सिंह, डॉ. रुपेन्द्र गौतम, डॉ. रविश तमन्ना ताजिर, डॉ. जागेश्वर प्रजापति, डॉ. संघप्रिया तिवारी, डॉ. मीनाक्षी मेरावी उपस्थित रही।



# ज्ञान गंगा कॉलेज में एबीपीए ने चलाया सदस्यता अभियान





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा युवाओं और भावी फार्मासिस्टों को एकजुट करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता एवं सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार, 20 मई को ज्ञान गंगा कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने फार्मेसी के छात्र-छात्राओं को संगठन की नीतियों, उद्देश्यों और उनके अधिकारों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान संगठन की महत्ता और फार्मासिस्टों के भविष्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिससे प्रेरित होकर बड़ी संख्या में फार्मेसी स्टूडेंट्स ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की और सक्रिय रूप से जुड़ने का संकल्प लिया। संगठन की ओर से इस अभियान का नेतृत्व करने और छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए आजाद जी, अभय उसरेठे जी, अभिषेक निगम जी, अशोक सिंह जी, इबरार अहमद जी, नीलेश विश्वकर्मा जी, अभिषेक साहू जी, धनराज मोगरे जी एवं लकी पटेल जी सहित कई अन्य वरिष्ठ साथी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अंकित पटेल बने असंगठित मजदूर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी, नरसिंह नगर (चंद्रशेखर आजाद वार्ड) निवासी अंकित पटेल को असंगठित मजदूर कांग्रेस में एक बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के प्रति उनकी अटूट निष्ठा, निरंतर सक्रियता और श्रमिक वर्ग के हितों में किए गए उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें असंगठित मजदूर कांग्रेस का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कार्यकारी अध्यक्ष रामराज तिवारी की अनुशंसा, प्रदेश महामंत्री महेश राजपूत की सहमति तथा जबलपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा की विशेष अनुशंसा पर की गई है। अंकित पटेल की इस नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और श्रमिक वर्ग ने खुशी जाहिर की है।



# सिद्धार्थ और आयुष ने हौसलों से जीता मैदान

## जबलपुर के खिलाड़ियों ने फटे जूते और टूटी स्टिक से तय किया इंटरनेशनल हॉकी प्रतियोगिता का सफर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहर के दो युवा खिलाड़ियों ने अपने हौसलों के दम पर कामयाबी की नई इबारत लिख दी है। शहर के दो ऐसे युवा खिलाडी जिन्होंने घोर अभावों से लड़ते हुए अपने सपनों को हकीकत में बदल दिया। कभी मैदान पर उतरने के लिए फटे जूते थे, तो कभी हॉकी स्टिक टूट जाने पर नई स्टिक खरीदने के पैसे नहीं होते थे। लेकिन इन संघर्षों के बीच भी दोनों का हौसला नहीं डगमगाया। आज जबलपुर के 16 वर्षीय सिद्धार्थ बेन और 17 वर्षीय आयुष रजक भोपाल में आयोजित भारत-ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 हॉकी सीरीज में देश और अपने शहर का नाम रोशन कर रहे हैं।

जानकारी अनुसार महज 5 से 7 साल पहले हॉकी थामने वाले ये दोनों खिलाड़ी पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम का हिस्सा बने हैं। पिछले 2 वर्षों से दोनों खिलाड़ी मध्य प्रदेश भोपाल एकेडमी में रहकर ही हॉकी का कड़ा प्रशिक्षण ले रहे हैं और वहीं अपनी पढ़ाई भी पूरी कर रहे हैं। गौरतलब है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 सीरीज में अब तक चार मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिनमें भारत ने एक मैच जीता, एक हारा और एक मुकाबला ड्रॉ रहा है। अब सीरीज का फाइनल मुकाबला खेला जाना बाकी है।





### तीन साल की उम्र में मां को खोया, फिर भी नहीं मानी हार

घमापुर निवासी सिद्धार्थ बेन ने लगभग पांच वर्ष पहले हॉकी खेलना शुरू किया था। अब तक 5 से अधिक स्टेट और 5 नेशनल प्रतियोगिताएं खेल चुके सिद्धार्थ का यह पहला इंटरनेशनल टूर्नामेंट है। सिद्धार्थ जब मात्र तीन वर्ष के थे, तभी उनकी मां का निधन हो गया था। पिता एक प्राइवेट कंपनी में गार्ड की नौकरी करते हैं, जिससे घर की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी।

सिद्धार्थ बताते हैं, कई बार खेलते समय हॉकी स्टिक टूट जाती थी या जूते फट जाते थे, लेकिन नई स्टिक खरीदने के पैसे नहीं होते थे। ऐसी स्थिति में भी मैंने हार नहीं मानी। सिद्धार्थ के इस संघर्ष को देखकर स्पोर्ट्स टीचर अकबर खान ने उनका हाथ थामा और लगातार सहयोग दिया। बाद में मप्र भोपाल अकादमी में चयन होने के बाद बेहतर डाइट और आधुनिक सुविधाओं ने उनके खेल को नई दिशा दी।

### पिता के निधन के बाद मां ने संभाली कमान, बने टीम के गोलकीपर

*मोदीवाड़ा सदर निवासी आयुष रजक ने छह वर्ष पहले स्कूल से हॉकी खेलना शुरू किया था। अभ्यास के लिए आयुष रोजाना सदर से पैदल रानीताल स्टेडियम जाया करते थे। उनके पिता प्लंबर का काम करते थे। आयुष बताते हैं, मैं कई बार फटे जूतों और क्रैक स्टिक से खेला हूँ। पिताजी हमेशा कहते थे कि बेटा आगे बढ़ते रहो, चिंता मत करो। करीब आठ माह पहले पिता के अचानक निधन से आयुष पूरी तरह टूट गए थे, लेकिन उनकी मां ने उन्हें संभाला। आयुष भारतीय टीम में गोलकीपर की अहम भूमिका निभा रहे हैं। वे अब तक दो नेशनल प्रतियोगिताएं खेल चुके हैं।*

# धनगवां से डुण्डी रेलवे स्टेशन तक पहुंच मार्ग की फिर उठी मांग

सिहोरा (स्वतंत्र मत) ।

धनगवां क्षेत्र भ्रमण पर निकले सांसद आशीष दुबे का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट जबलपुर एवं कटनी इकाई के द्वारा धनगवां से डुण्डी रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग के लिए ज्ञापन सौंपा गया। धनगवां जबलपुर व कटनी जिले का सीमावर्ती ग्राम है, नेशनल हाईवे 30 किनारे होने के साथ इससे दोनों जिलों के सैकड़ों गांव जुड़े हुए हैं।

डुण्डी रेलवे स्टेशन की दूरी महज 3-4 किलोमीटर है लेकिन वर्षों से पहुंच मार्ग नहीं होने के कारण रेल सुविधा से यह क्षेत्र वंचित है। ट्रस्ट के सदस्यों ने मांग की है की मार्ग का सर्वे कराया जाए ताकि वर्षों से रेल सुविधा से वंचित लोगों को रेलवे स्टेशन से आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके। डुण्डी रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर मेमो सहित इंटरसिटी एक्सप्रेस का भी ठहराव होता है बावजूद इसके विद्यार्थी,शिक्षक, व्यावसायी,कामगार व अन्य अप-डाउनर लंबे रास्ते और अधिक समय देकर यात्रा करने मजबूर हैं। सांसद दुबे ने आश्वस्त किया है कि मार्ग का सर्वे कराया जाएगा। इस दौरान नवल किशोर यादव, मोहम्मद सईद , नितिन सोनी, मनेंद्र झारिया, संतोष भुमिया, लीला पांडे मौजूद थे।



# ग्वालियर में बनती थीं एमबीबीएस की फर्जी डिग्रियां

## जबलपुर के संजीवनी क्लीनिक में पदस्थ डॉक्टर अजय मौर्य ने 10 लाख में खरीदी थी पहली फर्जी डिग्री

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मध्य प्रदेश में सरकारी स्वास्थ्य सिस्टम की आंखों में धूल झोंककर मरीजों की जान से खेलने वाले फर्जी डॉक्टरों के गिरोह को लेकर एक बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। भोपाल से गिरफ्तार किए गए रैकेट के मास्टरमाइंड ने पुलिस पूछताछ में कुबूल किया है कि जबलपुर के संजीवनी क्लीनिक में पदस्थ कथित डॉक्टर अजय मौर्य ने ही सबसे पहले 10 लाख रुपए में एमबीबीएस की फर्जी डिग्री खरीदी थी। इसी जाली दस्तावेज के दम पर उसने सरकारी नौकरी हासिल की और पिछले करीब दो साल से जबलपुर में मरीजों का इलाज कर रहा था।

### डिग्रियों का 8 से 10 लाख में होता था सौदा

पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, इस पूरे रैकेट का जाल बेहद शातिर तरीके से बुना गया था। पूछताछ में सामने आया है कि एमबीबीएस की ये फर्जी डिग्रियां और अंकसूचियां ग्वालियर में तैयार की जाती थीं। इसके बाद रैकेट के सक्रिय सदस्य इन्हें 8 से 10 लाख रुपए में जरूरतमंदों को बेचते थे। गिरोह ने सबसे पहला सौदा मुरैना निवासी अजय मौर्य के साथ किया था। अजय ने मोटी रकम देकर यह फर्जी डिग्री ली और जबलपुर के शासकीय संजीवनी क्लीनिक में डॉक्टर की कुर्सी हथिया ली।



फॉलोअप

### अब तक 6 आरोपी गिरफ्तार

इस पूरे फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ सबसे पहले दमोह में हुआ था, जहां स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर पुलिस ने दो फर्जी डॉक्टरों को दबोचा था। इसके बाद जब कोतवाली पुलिस ने कड़ियां जोड़ीं, तो मामले की परतें खुलती चली गईं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भोपाल और ग्वालियर में दबिश दी, जिसके बाद भोपाल से नेटवर्क के मुख्य संचालक संदीप (निवासी भोपाल) को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अब तक गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 6 हो चुकी है।

### ग्वालियर का एमबीबीएस डॉक्टर था गिरोह का माइंड

जांच में यह भी साफ हुआ है कि फर्जी अंकसूची और डिग्री बनाने के इस खेल के पीछे ग्वालियर का एक असली एमबीबीएस डॉक्टर शामिल है, जिसने भोपाल के संदीप के साथ मिलकर इस पूरे नेटवर्क को खड़ा किया। यही डॉक्टर फर्जी डिग्रियां उपलब्ध कराने का काम करता था। फिलहाल पुलिस की टीमें उस आरोपी डॉक्टर की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का मानना है कि मुख्य आरोपी डॉक्टर की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश के कई अन्य सरकारी और निजी अस्पतालों में तैनात फर्जी डॉक्टरों के नामों का खुलासा हो सकता है।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
गुरुवार 21 मई 2026



# सहायिका से 4000 की रिश्वत लेने के आरोप

## किरनापुर विकासखंड के वनग्राम जोधीटोला के आंगनवाड़ी केंद्र का मामला

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

महिला एवं बाल विकास विभाग, जो मातृत्व, पोषण और संवेदनशीलता का प्रतीक माना जाता है, अब उसी विभाग के भीतर फैले भ्रष्टाचार और बेशर्मी की तस्वीरें सामने आने लगी हैं। एकीकृत महिला एंव बाल विकास परियोजना कार्यालय किरनापुर के अंतर्गत आने वाले वनग्राम जोधीटोला की आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती खिलेश्वरी पति सहसराम कटरे की कहानी सुनकर लोगों की आंखें नम हैं तो वहीं विभागीय रवैये को लेकर गुस्सा भी चरम पर है। सड़क हादसे में कमर टूटने के बाद महीनों तक अस्पताल में जिंदगी और मौत से लड़ने वाली यह महिला आज भी वॉकर के सहारे चलकर बच्चों की सेवा कर रही है, लेकिन दुखद यह है कि उसे अपने ही मेहनत के मानदेय के लिए रिश्वत देनी पड़ी। बताया जा रहा है कि परियोजना कार्यालय किरनापुर में पदस्थ सेक्टर प्रभारी रेखा देशमुख ने सहानुभूति का मुखौटा पहनकर पहले भरोसा दिया और बाद में मानदेय जारी होने पर चार हजार रुपये हजम कर लिए। अब पूरे क्षेत्र में सवाल नहीं, बल्कि आक्रोश है कि आखिर गरीब सहायिकाओं का हक निगलकर किस तरह का प्रशासन चलाया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यह मामला केवल चार हजार रुपये का नहीं, बल्कि उस मानसिकता का है जहां गरीब और मजबूर कर्मचारियों को दबाकर उनसे पैसे ऐंठना व्यवस्था का हिस्सा बनता जा रहा है। दुखद यह भी है कि एक महिला अधिकारी ने दूसरी महिला की




पीड़ा को समझने के बजाय उसकी मजबूरी को ही कमाई का जरिया बना लिया।

परियोजना कार्यालय किरनापुर से जुड़े सूत्रों की मानें तो प्रभारी परियोजना अधिकारी जागृति बघेल परियोजना अधिकारी अमृता कुजूर की अनुपस्थिति में पूरे कार्यालय की सर्वेसर्वा मानी जाती हैं ओर वहीँ टीएल बैठक, जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य विभागीय व्यवस्थाओं को लंबे समय से वही संभालती आ रही हैं।

### यह है पूरा मामला....

वनग्राम जोधीटोला निवासी श्रीमती खिलेश्वरी पति सहसराम कटरे बीते 02 अक्टूबर 2025 को वारी से लौटते समय सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई थीं। इस दर्दनाक हादसे में उनके पति सहसराम कटरे भी गंभीर रूप से घायल हुए। घायल खिलेश्वरी का पहले लांजी के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें गोंदिया के निजी चिकित्सालय में भर्ती करना पड़ा। करीब 13 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रही खिलेश्वरी कटरे की कमर में फ्रैक्चर हुआ, शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, यहां तक की कई दिनों तक होश भी नहीं था। इलाज में लगभग चार लाख रुपये खर्च हो गए। गरीब परिवार ने रिश्तेदारों और परिचितों से उधार लेकर किसी तरह इलाज कराया। सबसे शर्मनाक पहलू यह रहा कि शासन और विभाग की ओर से कोई ठोस आर्थिक सहायता तक नहीं मिली। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान खिलेश्वरी द्वारा अवकाश संबंधी आवेदन दिया गया था, लेकिन उसे गंभीरता से नहीं लिया गया। बाद में जब मानदेय जारी हुआ तो उससे से चार हजार रूपये सेक्टर प्रभारी रेखा देशमुख ने रुपये लेने के गंभीर आरोप लगे हैं। महिलाओं को सामान्यतः संवेदनशीलता, सहानुभूति और मानवीय व्यवहार का प्रतीक माना जाता है। अक्सर कहा जाता है कि एक महिला दूसरी महिला के दर्द को सबसे बेहतर समझ सकती है। लोगों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि एक ओर आंगनवाड़ी सहायिका का पूरा मासिक मानदेय लगभग 7500 रुपये है वहीं दूसरी ओर परियोजना स्तर के अधिकारियों को हर माह 35 से 50 हजार रुपये तक वेतन और सुविधाएं मिलती हैं। सवाल यह नहीं कि अधिकारी अच्छा वेतन क्यों ले रहे हैं। सवाल यह है कि जब शासन पहले से इतनी अच्छी तनख्वाह दे रहा है तो फिर गरीब आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एंव सहायिकाओं के हिस्से की रकम निगलने की भूख आखिर क्यों?

### इनका कहना है...

यह मामला आपने मेरे संज्ञान में लाया है। सहायिका का एक्सीडेंट हुआ था वह दो माह के लिये मेडिकल में थी, परंतु उनका मानदेय निकला और उन्होने इसके लिये सेक्टर प्रभारी को रिश्वत दी है, यह आरोप सेक्टर प्रभारी ने नकार दिया है। साथ ही जब यह सब घटनाक्रम हुआ था मैं स्वयं प्रभार में नहीं थी।

**जागृति बघेल,**
**(प्रभारी महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी किरनापुर)**

यह मामला आपने मेरे संज्ञान में लाया है, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी, तथा जो भी व्यक्ति इस कृत्य में दोषी पाए जाएंगे उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**दीपमाला सोलंकी**
**जिला परियोजना अधिकारीबालाघाट**

# 15 वर्षीय किशोर हत्याकांड का हुआ खुलासा, दोस्तों ने रची थी हत्या की साजिश

उमरिया (स्वतंत्रमत)

बुधवार 20 मई को जिले के मानपुर में हुए 15 वर्षीय किशोर हत्याकांड का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। जिस दोस्त के साथ किशोर घूमता-फिरता था, उसी ने अपने साथी के साथ मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची। पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर दो विधि विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लेकर मामले का पर्दाफाश कर दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक किशोर कटनी जिले के विजयराघवगढ़ क्षेत्र का रहने वाला था और कुछ दिन पहले मानपुर अपने रिश्तेदारों के यहां घूमने आया था। 14 मई की शाम वह बाजार से सामान लेकर घर पहुंचा, लेकिन कुछ देर बाद अचानक कहीं चला गया। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। मोबाइल फोन बंद मिलने के बाद परिवार की चिंता बढ़ गई और अगले दिन थाना मानपुर में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। गुमशुदगी की जांच चल ही रही थी कि 17 मई को सगमनिहा जंगल के सिगुड़ी क्षेत्र में एक किशोर का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान लापता किशोर के रूप में हुई। शव पर गंभीर चोटों के निशान थे। प्रारंभिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और मोबाइल कॉल डिटेल खंगालना शुरू किया। जांच में सामने आया कि घटना से पहले किशोर लगातार अपने एक दोस्त के संपर्क में था। पुलिस ने संदेह के आधार पर उस



बालक से पूछताछ की। शुरुआत में वह पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन बाद में टूट गया और पूरी वारदात कबूल कर ली। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक उसकी दोस्त से बातचीत करता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच पहले भी विवाद हो चुका था। बदला लेने के लिए अपने एक साथी के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। दोनों ने किशोर को रील और वीडियो शूट करने के बहाने जंगल बुलाया। जंगल पहुंचने के बाद आरोपियों ने किशोर से कहा कि वे किडनैपिंग सीन वाला वीडियो बनाएंगे। इसी बहाने उसके हाथ और मुंह को टेप से बांध दिया गया। जब किशोर कुछ समझ पाता, उससे पहले ही चाकू से उसके गले और सीने पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मानपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों विधि विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में ले लिया। उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू, टेप, मोबाइल फोन और घटना के समय पहने गए कपड़े बरामद किए गए हैं। पुलिस अब मामले की अन्य पहलुओं से भी जांच कर रही है। पूरे मामले के खुलासे में एसडीओपी पी. एस. परस्ते के नेतृत्व में थाना मानपुर पुलिस और साइबर सेल की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी जांच, लगातार निगरानी और त्वरित कार्रवाई के कारण यह अंधी हत्या का मामला बेहद कम समय में सुलझाया जा सका।

# अवैध मुरूम परिवहन करते 01 ट्रैक्टर जब्त



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देशन में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु खनिज विभाग द्वारा लगातार सघन जांच और कार्रवाई की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह, सहायक खनिज अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनिज निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनिज निरीक्षक एन.एस. आर्मो की संयुक्त टीम द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सतत भ्रमण कर निरीक्षण किया जा रहा है। बुधवार 20 मई को कार्रवाई के दौरान चपहा कॉलरी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 78 पर ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 54 ए 7509 को रोका गया। जांच में वाहन में लगभग 3 घनमीटर मुरूम बिना रॉयल्टी रसीद एवं बिना ई-ट्रांजिट पास (ईटीपी) के परिवहन करते पाया गया। वाहन चालक पप्पू बैगा, पिता गोपाली बैगा, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम ददरी, तहसील बांधवगढ़, जिला उमरिया द्वारा अवैध रूप से खनिज परिवहन किया जा रहा था। ट्रैक्टर को जप्त कर थाना कोतवाली उमरिया में अभिरक्षा हेतु खड़ा कराया गया है।

# कटंगी-तिरोड़ी में दवा दुकानों की रही सांकेतिक हड़ताल, मरीजों को भारी परेशानी

कटंगी

कटंगी और तिरोड़ी तहसील में बुधवार 20 मई को दवा दुकानों के बंद रहने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और मध्यप्रदेश राज्य केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर जिलेभर के केमिस्ट और दवा विक्रेताओं ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। यहां कटंगी और तिरोड़ी दोनों ही तहसील क्षेत्र में छोटी से लेकर बड़ी सभी मेडिकल दुकानों में पूरा दिन ताले लटके रहे और मरीज दवा लेने के लिए भटकते हुए नजर आए। दवा विक्रेता संघ ने शाम 04 बजे तिरोड़ी में तहसीलदार गीता राहंगडाले और कटंगी में नायब तहसीलदार पी.एल. सांडिया को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री, फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन, बिना चिकित्सकीय परामर्श के घर-घर






दवा वितरण और अत्यधिक छूट जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की गई। दवा विक्रेताओं का कहना है कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट, 1940 और नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद विभिन्न ऑनलाइन कंपनियां वर्षों से दवाओं की बिक्री कर रही हैं। वर्ष 2018 में जारी अधिसूचना जीएसआर 817 (ई) अब अप्रासंगिक हो चुकी है। कोविड महामारी के दौरान जारी जीएसआर 220 (ई) केवल आपातकालीन परिस्थिति के लिए था, लेकिन अब इसका दुरुपयोग हो रहा है।

### यह है प्रमुख मांगें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सौंपे गए ज्ञापन में अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरुद्ध कठोर कार्यवाही। बिना वैध ई-प्रिस्क्रिप्शन के दवा बिक्री और होम डिलीवरी पर पूर्ण प्रतिबंध। जीएसआर 817 (ई) और जीएसआर 220 (ई) को तत्काल वापस लिया जाए। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा दी जा रही अत्यधिक छूट और अनुचित मूल्य निर्धारण नीति पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस दौरान दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष दिलीप जैन, उपाध्यक्ष राजेश चौधरी मिरगपुर, एस. सोनवाने, पवन राणा, शशी अग्रवाल, प्रदीप बिसेन सहित अन्य मेडिकल संचालक मौजूद रहे। मेडिकल दुकानों के बंद रहने से क्षेत्र में मरीजों को आवश्यक दवाएं नहीं मिल सकीं। कई लोग सुबह से ही दुकानों के खुलने का इंतजार करते रहे। ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों को भी खाली हाथ लौटना पड़ा। मरीजों ने कहा कि अचानक दुकानों के बंद होने से उन्हें काफी कठिनाई हुई।

# सराफा व्यापारी लूट कांड का सहयोगी आरोपी पुलिस अभिरक्षा से हुआ फरार..!




उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले के मानपुर विधानसभा स्थित इंदबार थाना अंतर्गत ग्राम पल्झा में विगत दिनों पनपथा बाजार करके सराफा व्यापारी संतोष सोनी अपने घर ग्राम पल्झा जा रहे थे तभी रस्ते में कुछ अपराधी प्रवत्ति के युवकों द्वारा सुनियोजित तरीके से उनके साथ हाथा पाई करते हुए सोने चांदी से भरे बैग को छीन कर भाग निकले थे दी गई शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी इसी दौरान कुछ दिनों बाद उक्त लुटेरों द्वारा घुनघुटी थाना अंतर्गत ग्राम चौरी में भी एक सराफा व्यापारी को निशाना बनाते हुए उसके साथ भी इसी स्टाइल में लुट को अंजाम दिया था जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदत से उक्त लुटेरों को पकड़ लिया गया वहीं घुनघुटी पुलिस द्वारा आरोपियों से पूंछ तांछ के दौरान आरोपियों ने पल्झा में भी सराफा व्यापारी के साथ घटना को अंजाम देना स्वीकार किया था जिसके बाद इंदवार थाना पुलिस ने उक्त आरोपियों को जेल से दो दिनों की रिमांड पर आरोपियों को अपने सुपुर्द लिया और कड़ाई से पूंछ तांछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि कटनी जिला के ग्राम बरही निवासी सराफा कारोबारी को लूटा गया सोना चांदी बिक्री किया गया है वहीं आरोपियों के निशानदेही पर इंदवार पुलिस बरही पहुंची जहां से सराफा कारोबारी बंटी ताम्रकार नमक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया ।

## रेडक्रास सोसायटी से विसरता बैगा को उपलब्ध कराई गई 15 हजार रूपये की सहायता राशि

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** विसरता बैगा पिता नरेश बैगा ग्राम लदेरा ने कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय को बताया कि 11 वर्षीय बालक जो कि गंभीर बीमारी पेट के लीवर ट्रांन्स प्लान्ट होना डाक्टरों द्वारा बताया गया है जिसका इसका यहाँ संभाव नहीं है। डाक्टरों व्दारा बालक को दिल्ली एम्स में दिखाते इसका इलाज कराने की सलाह दी है। जिसका ईलाज चल रहा है। प्रार्थी एक मजदूर होने के कारण बच्चे का ईलाज नहीं करवा पा रहा है, तथा प्रार्थी का कोई आय का स्तोत्र नहीं है। ईलाज के साथ-साथ आने जाने व खाने किराया की माँग की गई है। जिसके बाद कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी श्रीमती राखी सहाय ने 15000 (पन्द्रह हजार रूपये) की राशि रेडक्रास सोसायटी से भुगतान किये जाने के निर्देश दिये गये। निर्देश के परिपालन में संबंधित आवेदक को बुधवार 20 मई को राशि रूपये 15000 (पन्द्रह हजार रूपये) रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई।

# उल्लू पंचायत के साथ तीन दिवसीय नाट्य समारोह का हुआ शानदार समापन



उमरिया (स्वतंत्रमत)

संभाग की एकमात्र पंजीकृत एवं सक्रिय नाट्य संस्था संदेश नाट्य मंच (रंग मंडल) उमरिया द्वारा नगर की ऐतिहासिक नाट्य परंपरा को जीवंत रखते हुए इस कड़ी में 17, 18 ,19 मई 2026 को तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया। नाट्य समारोह के प्रथम दिवस 17 मार्च 2026 को नाटक शिकारी (द सिडक्शन) एंटोन चेखव द्वारा लिखित नाटक का मंचन एवं मौसा जी, लेखक उदय प्रकाश द्वारा लिखित कहानी का कहानी मंचन हुआ। इसके निर्देशक थे पंकज दुबे जो की (राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ,नई दिल्ली के स्नातक हैं)। दूसरे दिन 18,5,2026 को..नाटक,,,तुमने क्यों कहा था मैं खूबसूरत हूं.. रंग उत्सव नाटक समिति रीवा द्वारा इसकी प्रस्तुति की गई। यह प्रख्यात लेखक यशपाल जी द्वारा लिखित कहानी है एवं मंच संयोजन श्री अंकित मिश्रा और निर्देशन श्री गौरव सिंह राजपूत का था। और तीसरी प्रस्तुति यानी कि मंगलवार 19 मई को समापन दिवस पर कहानी बाज थिएटर सोसाइटी ,,रायगढ़ (छत्तीसगढ़) द्वारा उल्लू पंचायत नाटक का मंचन किया गया। यह एक संगीतमई लोक प्रस्तुति थी। कहानी पंचतंत्र की है।,जिसका मार्गदर्शन किया था डॉ योगेंद्र चौबे जी ने जो कि (राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ,नई दिल्ली के स्नातक हैं) और संगीत एवं निर्देशन किया था मोहन सागर जी ने..। इन तीनों ही प्रस्तुतियों को उमरिया के दर्शकों ने भरपूर सराहा और तीनों ही प्रस्तुतियों का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। कल की प्रस्तुति में उमरिया अपर कलेक्टर प्रमोद सेन गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, केके शुक्ला, कौशल विश्वकर्मा. प्रदीप सिंह गहलोत, मेहंदी हसन, पुष्पराज सिंह एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने किया। संदेश नाट्य मंच बाहर से आए अतिथि कलाकारो सुमित तिलोकानी, रवि शंकर भारती, सोमनाथ भट्टाचार्य, अभीष स्वामी, अनंत मिश्रा, सुनील रावत, रवित मिश्रा ,अशोक सिंह टेकाम ,कुशल सिंह इन सभी के सहयोग के लिए संदेश नाट्य मंच का आभार व्यक्त करता है।

# मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाल, कब सुधरेंगे हालात..!

मानपुर (स्वतंत्रमत)

दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 40 उप स्वास्थ्य केन्द्रो में कुल चार डॉक्टर, एक बीएमओ, 25 सीएचओ हैं ऐसे में यहां के असपतालों की क्या दशा होगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में सफाई, भर्ती मरीजों को भोजन नास्ता पानी की व्यवस्था, फटे मटमैले गद्दा चादर की दशा खुद बयां कर रही है वहां स्थित को। सामने एक सीसी टीवी कैमरा लगा है जिसका वायर टूटा हुआ झूलता दिख रहा है, बीएमओ कक्ष का एसी सालो से बंद है। एनआरसी के सामने महीनों से डेस्ट के बड़े बड़े ढेर लगे है जो फैलवाये तक वहीं गये। एनआरसी में पहले 51 इंच



का टेलीविजन रहता था जहां अब बहु छोटा लगा है ऊपर लगे होने से वहां भर्ती कुपोषित माताओं को टीवी के चित्र पहचाने नहीं आते, स्वास्थ्य केंद्र में टेलीविजन कहीं नजरे नहीं आता है, जनरेटर बंद पड़ा है, यहां के कुस्ट रोग विषयक और परिवार कल्याण वाले फिल्ड प्रभारी प्रचार समझाइस परामर्स के लिये फिल्ड में क्या कभी भ्रमण करते हैं,कोई जानकारी नहीं। यहां एडमिट होने वाले सभी मरीजों को भोजन नास्ता तक नही मिलता, गद्दा चादर गंदे रहते हैं जो फटे हैं, एनआरसी में डस्ट के ढेर लगे हैं, हॉस्पिटल के सामने रोड में अतिक्रमण छाया हुआ है, गहरी नाली होने से एक गेट कई वर्ष से बंद है, यहां के कई कर्मचारी और बीएमओ उमरिया रहते हैं जो कई दिन यहां अनुपस्थित रहते हैं, यहां दवाई की सारटेज सदा बनी रहती है। जंगली जानवर के काटने से पूरा इलाज निशुल्क यहीं से होने का प्रावधान है फिर भी मिलीभगत के चलते 50 हजार से लाखों रुपये तक की दवाई बाहर से लिखकर बिल बनवाकर भुक्तान काराना आदत सा बना हुआ है, डॉक्टर और महिला डॉक्टर न होने से अधिक्तर नार्मल मरीज और प्रसूतिकाओं को जल्द रिफेयर कर दिया जाता है।

## चतुर्थ क्रमोन्नति देने की मांग

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** ट्रायबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों के लिए चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ देने हेतु पत्र लिखा है एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डीके सिंगोर द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक शिक्षकों प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ दिए जाने की स्वीकृति मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र 1 अप्रैल के माध्यम से पहले ही दी जा चुकी है ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने आग्रह किया है कि उक्त लाभ अब जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत सहायक शिक्षकों, शिक्षकों, प्राथमिक शिक्षकों एवं माध्यमिक शिक्षकों को भी तुरंत प्रदान किया जाए एसोसिएशन ने इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के मूल पत्र की प्रति भी संलग्न की है।

## दो पक्षों के बीच विवाद

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** जिले के थाना क्षेत्र बम्हनी बंजर में लगातार बढ़ रहे विवाद और आपराधिक घटनाक्रम अब कानून व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रही हैं। देर रात करीब 2:50 बजे ग्राम ठरका में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस को तत्काल मोर्चा संभालना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति को नियंत्रित किया। विवाद में शामिल दोनों वाहनों को थाना परिसर में अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। जानकारी के अनुसार मामले में दो अलग-अलग आवेदन पुलिस को प्राप्त हुए हैं। पहला आवेदन गणेश बरमैया की ओर से दिया गया है जिनका डंपर विवाद में शामिल बताया जा रहा है।

## 25 वाहन चालकों को नोटिस

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन में थाना यातायात से प्राप्त 25 ड्राइविंग लाइसेंस धारकों को 3 माह के लिए लाइसेंस निलंबन संबंधी नोटिस जारी किए गए हैं। इन मामलों में बिना हेलमेट वाहन चलाने के 18 प्रकरण, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाने के 3 प्रकरण, ओवरस्पीड का 1 प्रकरण तथा अन्य 3 प्रकरण शामिल हैं। इसके अलावा 9 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस 3 माह के लिए निलंबित भी किए गए हैं। इनमें बिना हेलमेट वाहन चलाने के 4 प्रकरण, ओवरस्पीड का 1 प्रकरण, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाने का 1 प्रकरण तथा अन्य 3 प्रकरण शामिल हैं।

## मोबिलाईजर कल करेंगे आंदोलन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पंचायत पेसा मोबिलाईजर कर्मचारी संघ के कार्यकर्ताओं ने बताया कि मध्यप्रदेश के 20 पेसा जिलों में 22 मई को आंदोलन किया जाएगा। जिसमें बेरोजगारी हटाओ रोजगार दिलाओ, पेसा कानून बचाओ पेसा मोबिलाईजर बचाओ ग्राम सभा सशक्त करो आदिवासी अधिकार मजबूत करो मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति पेसा अधिनियम लागू 20 जिलों, 88 विकासखंड एवं 5000 ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत पेसा मोबिलाईज़र कर्मचारी अब अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए सड़क पर उतरने जा रहे हैं। 22 मई को पंचायत पेसा मोबिलाईजर कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश द्वारा भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले सभी 20 जिलों में विशाल जिला आंदोलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आंदोलन के दौरान जिला कार्यालयों का घेराव रोड जाम एवं चक्का जाम जिला कलेक्ट्रेट का घेराव, अन्याय के खिलाफ न्याय की मांग, रोजगार बहाली एवं पेसा कानून बचाने की हुंकार दिखाई देगा।

# चिरईडोंगरी में डोलोमाइट परिवहन बना ग्रामीणों के लिए अभिशाप, त्रस्त जनता ने दी चक्काजाम आंदोलन की चेतावनी

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिले की नैनपुर तहसील अंतर्गत चिरईडोंगरी क्षेत्र में डोलोमाइट परिवहन अब ग्रामीणों के लिए गंभीर संकट का कारण बन चुका है। ओवरलोड डम्परों की बेलगाम आवाजाही सड़कों पर गिरती गिट्टी उड़ती धूल और नियमों की खुलेआम अनदेखी ने पूरे इलाके की जिंदगी को खतरे में डाल दिया है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि अब ग्रामीणों और ब्लाक कांग्रेस कमेटी चिरईडोंगरी ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए चक्काजाम आंदोलन की चेतावनी दे डाली है ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरईडोंगरी के अध्यक्ष अनिल कुमार उइके ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नैनपुर को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट कहा है कि यदि एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र में उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि डोलोमाइट परिवहन करने वाले डम्पर लगातार ओवरलोड होकर चल रहे हैं जिनसे पत्थर और गिट्टी सड़क पर गिरती रहती है। इससे दोपहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं ग्रामीणों




का कहना है कि चिरईडोंगरी से गुजरने वाले डोलोमाइट डम्परों में क्षमता से अधिक माल भरा जाता है। तेज रफ्तार डम्परों से पत्थर और धूल उड़ते रहते हैं जिससे सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया है खासकर मोटर साइकिल चालकों के लिए यह रास्ता मौत का जाल बन चुका है। कई बार बाइक चालक सड़क पर फैली गिट्टी के कारण फिसलकर घायल हो चुके हैं लेकिन जिम्मेदार ठेकेदार और प्रशासन मूकदर्शक बने हुए हैं डम्पर चालक न तो सुरक्षा नियमों का पालन करते हैं और न ही वाहनों को ढंकने की कोई व्यवस्था की जाती है। दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही से गांव की सड़कें पूरी तरह धूल से पट



चुकी हैं और क्षतिग्रस्त भी हो चुकी हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हैं। लोगों का कहना है कि घरों के भीतर तक धूल की मोटी परत जम रही है जिससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है रेलवे और खनिज परिवहन के स्पष्ट नियम हैं कि लोडिंग के समय पानी का छिड़काव किया जाए ताकि धूल न उड़े लेकिन यहां इन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। न तो लोडिंग पॉइंट पर पानी का छिड़काव हो रहा है और न ही प्रदूषण नियंत्रण के अन्य उपाय अपनाए जा रहे हैं आरोप यह भी है कि डोलोमाइट ठेकेदारों को कई बार मोबाइल फोन के माध्यम से शिकायत दी गई लेकिन उन्होंने किसी प्रकार की गंभीरता नहीं दिखाई। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदारों की मनमानी इस हद तक बढ़ चुकी है कि उन्हें प्रशासन का भी कोई डर नहीं रह गया है। चिरईडोंगरी के लोगों में प्रशासन के प्रति भी भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार शिकायतों और दुर्घटनाओं के बावजूद राजस्व विभाग परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर किसके संरक्षण में नियमों का इतना खुला उल्लंघन किया जा रहा है क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते ओवरलोड डम्परों पर रोक नहीं लगाई गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित है जबकि जमीन पर हालात बदतर होते जा रहे हैं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरईडोंगरी रेल्वे ने इस मुद्दे को लेकर आक्रामक रुख अपना लिया है। ब्लाक अध्यक्ष अनिल कुमार उइके ने कहा कि ग्रामीणों की जान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस कार्यकर्ता ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क पर उतरेंगे और डोलोमाइट लोडिंग के दौरान चक्काजाम कर उग्र आंदोलन करेंगे उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता लगातार प्रदूषण दुर्घटनाओं और भय के माहौल में जी रही है। गांव में चारों तरफ धूल का गुबार फैला रहता है जिससे लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। आंदोलन के तहत चक्काजाम कर डोलोमाइट लोडिंग और परिवहन पूरी तरह बंद कराया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य से बड़ा कोई मुद्दा नहीं है और इसके लिए निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।

## दवा व्यापारियों का जोरदार प्रदर्शन



**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** केंद्र सरकार द्वारा जारी जीएसआर 817(ई) एवं जीएसआर 220 से संबंधित ऑनलाइन फार्मेसी और ई-प्रिस्क्रिप्शन व्यवस्था के विरोध में आयोजित देशव्यापी हड़ताल का नारायणगंज दवा व्यापारी संघ ने पूर्ण समर्थन किया। ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आव्हान पर नगर के दवा व्यापारियों ने एकजुट होकर अपनी मेडिकल दुकानें बंद रखीं और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन फार्मेसी एवं ई-प्रिस्क्रिप्शन व्यवस्था लागू होने से स्थानीय दवा विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि हड़ताल का उद्देश्य आम जनता को परेशान करना नहीं बल्कि अपनी समस्याओं और मांगों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाना है। ज्ञापन कार्यक्रम में रीतेश सोनी, दिनेश सोनी, कुशाग्र श्रीवास्तव, आयुष शर्मा, अनिल सिंगरोरे, निखिल अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, सत्येंद्र यादव, दक्ष अग्रवाल एवं अभिषेक सिंगरोरे सहित अनेक दवा व्यापारी उपस्थित रहे।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

मण्डला(स्वतंत्रमत)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत संपूर्ण प्रदेश में जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में 18 एवं 19 मई को होटल किंगफिशर में प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया है। जिसमें अपेक्षित श्रेणी के 115 पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण हुआ। जिसमें हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान एकात्ममानवाद दर्शन सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पंचनिष्ठाएं, कार्यपद्धति, अपनी सरकारों की गरीब कल्याण योजनाएं एवं उसके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका, कार्यकर्ता विकास संभाल एवं अपेक्षाएं, विचार परिवार, हमारा इतिहास विकास, व्यवहारिक सत्र, कार्य विस्तार, सोशल मीडिया, स्थायी कार्यक्रम बूथ प्रबंधन, मन की बात, देश के समक्ष चुनौतियां राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा की एवं प्रदेश द्वारा तय किये गये वक्ता शशांक श्रीवास्तव पूर्व महापौर कटनी, पीताम्बर टोपनानी पूर्व जिलाध्यक्ष कटनी, विवेक बंटी साहू सांसद छिंदवाड़ा, फग्गनसिंह कुलस्ते सांसद मण्डला, संजय साहू पूर्व जिलाध्यक्ष डिंडौरी, पंकज तेकाम प्रदेशाध्यक्ष अजजा मोर्चा, श्रीमति नंदिता पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, रमेश भटेरे जिला संगठन प्रभारी, श्रीकांत साहू, अमन शर्मा प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया, मौसम बिसेन सदस्य पिछडा वर्ग आयोग



बालाघाट, श्रीमति संपतिया उइके कैबिनेट मंत्री सहित वक्ताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए पार्टी के सिद्वांत रीति-नीति एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा किया। वहीं रात्रि में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्यकर्ताओं द्वारा वर्ग स्थल पर ही सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की गयी। वही प्रातः योग शिक्षक वरुण सिहारे एवं श्री पांडे के द्वारा प्रशिक्षुओं को लगभग एक घंटे योग कराया और योग के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात द्वितीय दिवस के सत्र प्रारंभ हुए जिसमें अंतिम समापन सत्र मे भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कार्यकर्ताओ के साथ संवाद करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। दो दिवसीय वर्ग में जिला प्रभारी रमेश भटेरे, वर्ग प्रभारी नरेन्द्र राजपूत, के साथ इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, वर्ग नियंत्रक राजेश कस्तूरचंद जैन, जिला उपाध्यक्ष मंजू कछवाहा, महेंद्र पटेल, शैलेश मिश्रा, महेंद्र राठौर, रामप्रकाश साहू, जिला महामंत्री नरेश चंद्रोल, पंडित सिंह धुर्वे, संतोष रजक, जिला मंत्री देवेन्द्र झा, जोरावर सिंह, शशिकांत श्रीवास्तव,कौशल्या मरावी, रक्षा अग्रवाल, कृष्णा पंजवानी, कोषाध्यक्ष अखिल सिहारे, सोशल मीडिया शोभित रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष अजजा मोर्चा नीरज मरकाम, प्रदेश मंत्री शशि पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष आसाराम भारतीया, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा नगर परिषद अध्यक्ष मीना हरदहा, हेमलता परस्ते, रजनी मरावी, जिलाध्यक्ष रोचीराम गुरवानी, बालकिशन खंडेलवाल, रतन सिंह ठाकुर, बिजेन्द्र कोकडिया, पूर्व विधायक डॉ शिवराज शाह, देवसिंह सैयाम, डॉ विजय आनंद मरावी, जयप्रकाश श्रीवास्तव, अंजनी तिवारी, महेंद्र सिहारे, शैल जैन, सुषमा मिश्रा, अशोक गोयल सहित मंडल अध्यक्ष महामंत्री मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं महामंत्री वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पालासुंदर में युवक ने फांसी लगाई

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** थाना क्षेत्र नैनपुर के ग्राम पालसुन्दर में एक 32 वर्षीय युवक ने खेत मे आम के पेड़ से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 6 महीने पहले हुए परिवार के विवाद के बाद युवक मानसिक रूप से परेशान था। मृतक की पहचान राजेश साहू पिता कन्हैया साहू उम्र लगभग 32 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक के एक बेटा और दो बेटियां हैं। जानकारी के अनुसार लगभग 6 माह पूर्व गांव में हुए परिवार के साथ विवाद और मारपीट की घटना में राजेश के सिर में गंभीर चोट आई थी। परिजनों का आरोप है कि उसी घटना के बाद से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था और वह अक्सर गांव में इधर-उधर घूमता रहता था। परिवार के मुताबिक वह कई बार फांसी लगाने जैसी बातें भी किया करता था। मृतक के बड़े भाई आनंद साहू का कहना है कि पुराने विवाद में कुछ अन्य लोगों के नाम भी मामले में जोड़ने की मांग को लेकर वह पुलिस थाना और अधिकारियों तक पहुंचा था। उसका आरोप है कि घटना के बाद से परिवार लगातार न्याय की मांग कर रहा था। आनंद ने यह भी बताया कि एक दिन पहले दूसरे पक्ष द्वारा उसे धमकी भी दी गई थी। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि आनंद साहू द्वारा भी उन्हें धमकियां दी जा रही थीं, जिसकी शिकायत थाने में की गई थी। इस पूरे मामले को लेकर दोनों पक्ष अपने-अपने तर्क दे रहे हैं। थाना प्रभारी बलदेव मुजाल्दा ने बताया कि पुराने मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में चालान पेश किया जा चुका है। मृतक के परिजन दो अन्य नाम जोड़ने की मांग कर रहे थे, जिस संबंध में चर्चा हुई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल नैनपुर भेजा गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने चला अभियान

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जन शिक्षण संस्थान द्वारा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन संस्थान के नवीन कार्यालय आंगन तिराहा गोयल भवन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शिखा श्रीवास्तव स्थानीय परिवाद समिति जिलाध्यक्ष क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं पैरालीगल वालेंटियर डालसा की गरिमामयी



उपस्थिति रही निर्देशक अखिलेश पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित यह पहल प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत एवं महिला सशक्तिकरण के संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में अनेक प्रशिक्षार्थी महिलाओं प्रशिक्षकों एवं संस्थान के सदस्यों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र प्रदान किए गए जिससे उनमें आत्मविश्वास एवं रोजगार के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ मुख्य अतिथि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों की महिलाओं के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं यह प्रशिक्षण जहॉ हमारे लिए हुनर विकसित करने का काम किया वही हमें सामाजिक रूप से सशक्त बनाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्रशिक्षिका श्रीमती राधा, संस्थान राकेश सिंधियां, प्रमोद परमार, रामकृण धुर्वे एवं स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शमशाद बेगम ने किया।

## ट्रैक्टर पलटा,मौके पर मौत

### जामगांव चमरवाही सड़क मार्ग में हादसा

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** थाना क्षेत्र नैनपुर अन्तर्गत ग्राम जामगांव में सुबह सुबह हुए एक हादसे में एक युवक की ट्रेक्टर पलट जाने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि जामगांव चमरवाही सड़क मार्ग पर तालाब के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमे दबकर ट्रेक्टर चालक तरुण पिता कुंअर यादव उम्र 21 साल की मौके ओर ही मौत हो गई। काफी मशक्कत कर बाद मृतक तरुण को ट्रैक्टर कर नीचे से निकाला गया। जिसमे काफी देर लगी और उसे बचाया नही जा सका। मृतक को सिविल हॉस्पिटल नैनपुर लाया गया । जहां पोस्टमार्टम कार्यवाही उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# पटाखा स्टोरेज विस्फोटक मैग्जीन्स सील

**मण्डला/नैनपुर(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशन एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी नैनपुर आशुतोष ठाकुर के नेतृत्व में 19 मई को नैनपुर अनुभाग अंतर्गत विस्फोटक भंडारण स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम निवारी स्थित शायरानी पटाखा स्टोरेज में स्टॉक संधारण में अनियमितताएं पाई गईं। निर्धारित अभिलेखों एवं उपलब्ध स्टॉक में विसंगति मिलने पर संबंधित स्टोरेज सेंटर को नियमानुसार सील कर दिया गया इसी क्रम में ग्राम परसवाड़ा स्थित मेसर्स लकी एक्सप्लोसिव्स एंड मैग्जीन्स की दो विस्फोटक भंडार मैग्ज़ीन्स का भी निरीक्षण किया गया जांच के दौरान सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं नहीं पाई गईं तथा आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं होने पर एसडीएम नैनपुर, एसडीओपी एवं थाना प्रभारी की उपस्थिति में दोनों मैग्जीन्स को सील करने की कार्रवाई की गई प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विस्फोटक पदार्थों के भंडारण एवं संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या सुरक्षा मानकों की अनदेखी को गंभीरता से लिया जाएगा नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## श्रीमति अंशू लालवानी का निधन

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर के चिरपरिचित व्यापारी रमेश लालवानी की बहू मुकेश लालवानी की धर्म पत्नी श्रीमति अंशू लालवानी का अल्प आयु में लम्बी विमारी के चलते उपचार के दौरान स्वर्ग वास हो गया है। आपकी अंतिम यात्रा दोपहर 1 बजे निज निवास वार्ड क्रमांक 2 से निकाली गई। अंतिम यात्रा में नगर के व्यापारियों , चिरपरिचितो, सामाजिक बन्धुओ सहित परिजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। अंतिम संस्कार बाद सभी ने दो मिनट का मोन रख अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# ग्राम खोहरी में मिला महिला का कंकाल

## महाराजपुर थाना में दर्ज थी महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नैनपुर थाना अंतर्गत ग्राम खोहरी में एक महिला का कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह सुबह गांव के तेंदूपत्ता तोड़ने वाले श्रमिको के द्वारा महिला के शव कर अवशेष मिलने की सूचना सबसे पहले ग्राम वासियो को दी। जानकारी अनुसार उक्त कंकाल पास ही मिली साड़ी और मुह मर लगे एक सोने के दांत से महिला की शिनाख्त होना बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार महिला ग्राम मलारा थाना महाराजपुर निवासी इंदुवती पति स्व चेतराम विश्वकर्मा बताई जा रही है। जो कि 4 मई को घर से कही चली गई थी। 8 मई को महिला की बेटी ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चूंकि खोहरी में मृतिका के रिस्तेदार भी रहते है। इसलिए परिजनों की पहचान पर ही उक्त मृतिका की शिनाख्त संभव हो सकी। सूचना पर एस डी ओ पी मनीषराज और थाना प्रभारी बलदेव सिंह मुजाल्दा मौके पर पहुचे। जहां पंचनामा कार्यवाही कर उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। नैनपुर थाना प्रभारी बलदेव मुजाल्दा द्वारा बताया गया कि मृतिका रक वृद्ध थी। परिजनों कर बताए अनुसार वह थोड़ी बेसुध सी और अर्ध विक्षिप्त सी थी। जो कई कई बार घर से निकलकर चार पांच दिनों मर वापिस लौट आती थी। इस बार वह 4 मई को घर से निकली जब वापिस नही आई तो उसकी बेटी ने महाराजपुर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मांद जनपद पंचायत बिछिया**

क्रमांक/ग्रा.पंचा/2026 दिनांक-20/05/2026

**// निविदा सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मांद अंतर्गत सीसी रोड, 5वां वित, 15वां वित एंव आदिवासी बस्ती विकास निधि सहित अन्य कार्यो हेतु निम्न सामग्री ईंट, रेत, गिट्टी 20एमएम एवं 40एमएम, मुर्रम, सीमेंट, लोहा 8 एमएम 10 एमएम 12 एमएम, दरवाजा खिड़की, मिक्सर मशीन, बाईब्रेटर टीन शेड, सेंटिंग, पानी टेंकर सहित अन्य सामग्री की आवश्यकता है। अतः इच्छुक सामग्री सप्लायर अपनी निविदा पत्र बंद लिफाफा में 26.05.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत मांद में स्वयं उपस्थिति होकर या डाक से जमा कर सकते है। सामग्री निर्माण स्थल पर प्रदान करनी होगी। सामग्री की गुणवत्ता निरीक्षण के पश्चात् सामग्री क्रय की जावेगी। जिस सामग्री में रॉयल्टी की आवश्यकता होगी रायल्टी देना अनिवार्य होगा सामग्री का भुगतान जीएसटी बिलो पर देय होगा। निविदा 26.05.2026 को पंचायत समिति के समक्ष खोली जाएगी एवं निविदा स्वीकृत एवं आमान्य करने का अधिकार ग्राम पंचायत समिति का निर्णय अन्तिम होगा।

सरपंच
ग्राम पंचायत मांद
जनपद पंचायत बिछिया

सचिव
ग्राम पंचायत मांद
जनपद पंचायत बिछिया

**कार्यालय ग्राम पंचायत कांसखेडा जनपद पंचायत बिछिया**

क्रमांक/ग्रा.पंचा/2026 दिनांक-20/05/2026

**// निविदा सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कांसखेडा अंतर्गत सीसी रोड, 05वां वित,15वां वित एंव आदिवासी बस्ती विकास निधि सहित अन्य कार्यो हेतु निम्न सामग्री ईंट, रेत, गिट्टी 20एमएम एवं 40एमएम, मुर्रम, सीमेंट, लोहा 8 एमएम 10 एमएम 12 एमएम, दरवाजा खिड़की, मिक्सर मशीन, टीन शेड, सेंटिंग, बाईब्रेटर पानी टेंकर सहित अन्य सामग्री की आवश्यकता है। अतः इच्छुक सामग्री सप्लायर अपनी निविदा पत्र बंद लिफाफा में 26.05.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में स्वयं उपस्थिति होकर या डाक से जमा कर सकते है। सामग्री निर्माण स्थल पर प्रदान करनी होगी। सामग्री की गुणवत्ता निरीक्षण के पश्चात् सामग्री क्रय कि जावेगी। जिस सामग्री में रॉयल्टी की आवश्यकता होगी रायल्टी देना अनिवार्य होगा सामग्री का भुगतान जीएसटी बिलो पर देय होगा। निविदा 26.05.2026 को पंचायत समिति के समक्ष खोला जावेगा एवं निविदा स्वीकृत एवं आमान्य करने का अधिकार ग्राम पंचायत समिति का निर्णय अन्तिम होगा।

सरपंच
ग्राम पंचायत कांसखेडा
जनपद पंचायत बिछिया

सचिव
ग्राम पंचायत कांसखेडा
जनपद पंचायत बिछिया

संपादकीय

# क्यों टूट रहा रुपया

भारतीय करेंसी रुपये में गिरावट थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते सोमवार को 1 डॉलर की कीमत 96 रुपये के पार पहुंच गई है। इस साल अबतक डॉलर के मुकाबले रुपये की वैल्यू में करीब 5 रुपये की गिरावट आ चुकी है। एक्सपर्ट ईरान संकट, कच्चे तेल की कीमत में उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली इसके पीछे की मुख्य वजह बता रहे हैं। साथ ही जल्द ही रुपये को टूटकर 100 के पार पहुंचने की आशंका भी जता रहे हैं। अर्थशास्त्री से लेकर आम जनमानस रुपये की कमजोरी होती सेहत पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। आखिर रुपये के साथ ऐसा क्या हुआ कि आजदी के समय डॉलर के बराबरी पर खड़ा रुपया आज पाताल में पहुंच गया है। क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतों के बीच रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण रुपये पर लगातार दबाव बढ़ा है। इस साल अब तक रुपया छह फीसदी से अधिक टूट चुका है और पिछले छह कारोबारी सत्र में यह लगभग 2 फीसदी कमजोर हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, वैश्विक अनिश्चितताओं, अपेक्षाकृत उच्च मूल्यांकन और एआई-आधारित निवेश अवसरों की कमी ने पूंजी प्रवाह पर दबाव डाला है। ईरान संकट, कच्चे तेल की कीमत में उबाल, वैश्विक अनिश्चितताओं में बढ़ोतरी ने विदेशी निवेशकों को भारतीय बाजारों से अपना पैसा निकालकर दूसरे मार्केट में लगाने को प्रेरित किया है। विदेशी निवेशकों के पैसा निकालने से रुपया टूट रहा है। मौजूदा समय में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से आयात बिल तेजी से बढ़ा है। इससे भारत का व्यापार घाटा और करेंट अकाउंट घाटा बढ़ने की आशंका है। इससे भी रुपया कमजोर हो रहा है। वैश्विक संकट के इस दौर में अमेरिकी डॉलर एक सुरक्षित-पनाहगाह बना हुआ है। जब भी वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक या आर्थिक जोखिम बढ़ते हैं, तो निवेशक इसकी ओर रुख करते हैं। इससे भी रुपया कमजोर हो रहा है। रुपये की कीमत में गिरावट भारत में गहरी चिंता का विषय है, क्योंकि इससे आयात बिल लगातार बढ़ रहा है। कच्चे तेल से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के आयात बिल तेजी से बढ़ा है। इससे भारत का व्यापार घाटा और विदेशी कर्ज चुकाने की लागत दोनों बढ़ेगी। रुपये कमजोर होने से विदेश यात्रा करना और बच्चों को विदेशों में पढ़ाने का खर्च बढ़ गया है। रुपये में लगातार गिरावट विदेशी निवेशकों को हतोत्साहित कर रही है, जिससे वे अपना पैसा भारत से निकाल रहे हैं। पूंजी का यह पलायन रुपये को और भी कमजोर कर सकता है। बहरहाल, अभी भी कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के बीच रुपये में गिरावट जारी रहने का अनुमान है। मजबूत डॉलर और विदेशी पूंजी की निकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ सकता है। ऐसे में रुपये की कमजोरी रोकने के लिए हमें अपना आयात बिल कम करना होगा। इसी दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोने की खरीद 1 साल तक नहीं करने और कच्चे तेल की खपत कम करने की अपील की है। इसी पर हमारा सबसे अधिक विदेशी मुद्रा खर्च हो रहा है। इसके कम होने से रुपये में मजबूती लौटेगी। रुपये में मजबूती लौटे, इसके लिए निर्यात बढ़ाने पर जोर देना होगा। डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ थोपने के बाद रुपये में गिरावट बढ़ी है। ऐसा निर्यात प्रभावित होने के कारण हुआ है। निर्यात बढ़ाकर रुपये की गिरावट को थामा जा सकता है। रुपये की मजबूती लौटाने के लिए सरकार और आरबीआई को विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए नियमों को आसान बनाना होगा। इससे विदेशी मुद्रा का भंडार तेजी से बढ़ेगा जिससे करेंसी मार्केट में रुपये को तत्काल सपोर्ट मिलेगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि एवं राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस विशेष

# रक्तरंजित राहों पर शांति का संकल्प



सुनील कुमार महला

किसी कवि ने क्या खूब लिखा है-आतंकवाद से धरा दूषित है, इसे शुद्ध हो जाने दो। हाथ खोल दो वीरों के अब महायुद्ध हो जाने दो। भारत ही नहीं पूरे विश्व के लिए वास्तव में आतंकवाद आज पूरी मानवता के लिए एक नासूर बन चुका है। सच तो यह है कि यह ऐसा दंश है, जिसमें केवल जहर ही जहर भरा है। आज भारत ही नहीं, बल्कि पूरा विश्व आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। गरीबी, जनसंख्या वृद्धि, निरक्षरता और असमानता जैसी समस्याएँ अपनी जगह हैं, किंतु आतंकवाद इन सबमें सबसे अधिक खतरनाक है, क्योंकि यह सीधे मानव सभ्यता, शांति और राष्ट्रीय एकता पर हमला करता है। आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इसका समूल नाश आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।

पाठक जानते होंगे कि प्रतिवर्ष 21 मई को भारत में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस (एंटी टेररिज्म डे) मनाया जाता है। यह दिन मुख्य रूप से भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के रूप में उनकी स्मृति में मनाया जाता है। वर्ष 1991 में तमिलनाडु के श्रीपेरुमबुदुर में एक आत्मघाती आतंकी हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। वास्तव में, इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आतंकवाद और उग्रवाद से दूर रखना तथा समाज में शांति, एकता और सद्भाव का संदेश देना है। सरल शब्दों में कहें तो यह दिवस लोगों को आतंकवाद और हिंसा के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का दिन है। दरअसल, इस दिवस का उद्देश्य केवल आतंकवाद का विरोध करना भर नहीं है, बल्कि समाज में भाईचारा, राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना भी है। यह दिन युवाओं को आतंकवाद और कट्टरता के खतरों से अवगत कराता है तथा हिंसा के स्थान पर संवाद, लोकतांत्रिक सोच और मानवीय मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। साथ ही आतंकवाद से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करने और नागरिकों में आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता अर्थात जीरो टॉलरेंस की भावना विकसित करने का संदेश भी देता है। इस दिन देशभर के सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों में अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों द्वारा आतंकवाद विरोधी शपथ ली जाती है। इस प्रतिज्ञा में बिना किसी धर्म या संप्रदाय का नाम लिए मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव और आपसी समझ को बढ़ावा देने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने का संकल्प लिया जाता है। इसके अतिरिक्त विद्यालयों और संस्थानों में वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ, सेमिनार, व्याख्यान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं तथा आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में शहीद हुए जवानों और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।

राजीव गांधी की हत्या भारतीय इतिहास की सबसे चर्चित आतंकी घटनाओं में से एक थी। यह हमला श्रीलंका के उग्रवादी संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तमिल ईलम यानी एलटीटीई द्वारा किया गया था। एक महिला आत्मघाती हमलावर 'थानु' (धनु) ने फूलों का हार पहनाने के बहाने विस्फोट कर दिया, जिसमें राजीव गांधी की मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद भारत की आंतरिक सुरक्षा और वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किए गए। विशेष सुरक्षा समूह यानी विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के नियमों को अत्यंत सख्त बनाया गया तथा पूर्व प्रधानमंत्रियों और उनके परिवारों को भी सुरक्षा दायरे में लाया गया। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि एलटीटीई यानी कि लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम श्रीलंका का एक अलगाववादी गुरिल्ला संगठन था, जिसने श्रीलंका के उत्तर और पूर्वी भागों में तमिलों के लिए एक स्वतंत्र राष्ट्र तमिल ईलम की मांग को लेकर लगभग तीन दशकों तक सशस्त्र संघर्ष किया। इसकी स्थापना वर्ष 1976 में वेलुपिल्लई प्रभाकरन द्वारा की गई थी। प्रभाकरन अंत तक इस संगठन का सर्वोच्च और तानाशाही कमांडर बना रहा। एलटीटीई का आत्मघाती दस्ता ब्लैक टाइगर्स कहलाता था, जिसे दुनिया के सबसे खतरनाक और अनुशासित आत्मघाती दस्तों में गिना जाता था। दरअसल, श्रीलंका (तत्कालीन सीलोन) को वर्ष 1948 में स्वतंत्रता मिलने के बाद वहाँ बहुसंख्यक सिंहली समुदाय और अल्पसंख्यक तमिलों के बीच जातीय तनाव बढ़ने लगा। तमिलों का आरोप था कि सरकारी नौकरियों, शिक्षा और नागरिकता के मामलों में उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। इसी असंतोष ने धीरे-धीरे उग्रवाद का रूप ले लिया और एलटीटीई जैसे संगठन का जन्म हुआ। शुरुआत में श्रीलंका में तमिलों पर हो रहे अत्याचारों के कारण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में, एलटीटीई के प्रति सहानुभूति थी। वर्ष 1987 में भारत-श्रीलंका समझौते के तहत प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भारतीय शांति सेना श्रीलंका भेजी, लेकिन एलटीटीई ने हथियार डालने से इनकार कर दिया और भारतीय सेना से ही संघर्ष शुरू कर दिया। इसके बाद संबंध बेहद तनावपूर्ण हो गए। अंततः 21 मई 1991 को एलटीटीई ने आत्मघाती हमले में राजीव गांधी की हत्या कर दी, जिसके बाद भारत सरकार ने इस संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया। बाद में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एलटीटीई को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया और उसकी फंडिंग कमजोर पड़ती गई। अंततः वर्ष 2006 से 2009 तक चले चौथे ईलम युद्ध में श्रीलंकाई सेना ने एलटीटीई को पूरी तरह पराजित कर दिया तथा 18 मई 2009 को प्रभाकरन की मृत्यु के साथ ही संगठन का अंत हो गया। वास्तव में, अपने राजनीतिक, धार्मिक या व्यक्तिगत उद्देश्यों की पूर्ति के लिए हिंसात्मक तरीकों का प्रयोग ही आतंकवाद कहलाता है। आतंकवाद की सबसे ख़तरनाक बात यह है कि अंततः यह उन लोगों को भी नष्ट कर देता है जो इसका समर्थन या अभ्यास करते हैं। आतंकवाद राष्ट्रीय सद्भाव, शांति और सामाजिक एकता को गहरी क्षति पहुँचाता है। सच तो यह है कि आतंकवाद का कोई धर्म, राष्ट्रीयता या मानवीय उद्देश्य नहीं होता। यह मानवता के विरुद्ध हिंसा और अमानवीयता की पराकाष्ठा है। महात्मा गांधी ने कहा था- मैं मरने के लिए तैयार हूँ, पर ऐसी कोई वजह नहीं है जिसके लिए मैं मारने को तैयार हूँ। गांधीजी ने सदैव अहिंसा, शांति और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने कभी भी हिंसा और आतंकवाद को उचित नहीं माना। वास्तव में आतंकवाद स्वतंत्रता, लोकतंत्र और मानवीय मूल्यों पर सीधा हमला है। हिंसा कभी भी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकती। प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार हरिओम पंवार की पंक्तियाँ भी इस संदर्भ में अत्यंत सार्थक प्रतीत होती हैं-बंदूकों की गोली का उत्तर सद्भाव नहीं होता।हत्यारों के लिए अहिंसा का प्रस्ताव नहीं होता। कोई विषधर कभी शांति के बीज नहीं बो सकता है, और भेड़िया शाकाहारी कभी नहीं हो सकता है। आज आतंकवाद केवल भारत की ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व की गंभीर समस्या बन चुका है। विशेष रूप से अफ्रीका और एशिया के कई क्षेत्रों में आतंकवाद तेजी से फैल रहा है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों, विशेषकर यूनाइटेड नेशंस में बार-बार यह चिंता व्यक्त की है, कि आतंकवाद को पनाह देने वाले देशों को उनके कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। भारत ने यह भी कहा है कि जिन देशों में आतंकवाद से निपटने की क्षमता का अभाव है, उनकी सहायता की जानी चाहिए। भारत सदैव पंचशील, शांति, संयम और सह-अस्तित्व के सिद्धांतों में विश्वास करता आया है तथा धर्म, जाति, संस्कृति और आस्था से परे हर प्रकार के आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता रहा है। हाल फिलहाल,यहाँ यह उल्लेखनीय है कि इस साल यानी कि वर्ष 2026 में भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा प्रहार नामक भारत की पहली व्यापक राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति जारी की गई है। इसका उद्देश्य आतंकवाद, कट्टरपंथ, साइबर हमलों, ड्रोन खतरों तथा संगठित आतंकी नेटवर्क से समन्वित तरीके से निपटना है। इतना ही नहीं, हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नार्वे में 19 मई 2026 मंगलवार को तीसरे भारत-नार्डिक समिट में हिस्सा लिया है, जहां नार्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड और स्वीडन के नेता जुटे। अच्छी बात यह रही कि इस समिट के दौरान सभी नेताओं ने हर प्रकार के आतंकवाद और कट्टरपंथ की कड़ी निंदा करते हुए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की जरूरत बताई है। इतना ही नहीं,इस समिट के दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले की भी कड़े शब्दों में निन्दा की गई है। बहरहाल, आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज में शांति, सद्भाव, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत किया जाए।

# जमानत पाने का 'मौलिक' हक



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारत की संवैधानिक कानून व्यवस्था जिस आधार पर टिकी हुई है उसके अनुसार सौ अपराधी भी छूट जायें मगर एक निरपराधी को सजा नहीं मिलनी चाहिए। जाहिर है कि किसी भी सभ्य समाज में तब तक उस व्यक्ति को निर्दोष माना जाता है जब तक कि उस पर आरोप साबित न हो जाये और आरोप केवल कानून द्वारा स्थापित न्यायालयों में ही साबित किया जा सकता है। इसी से स्पष्ट है कि भारत में किसी भी आरोपी को जमानत पर छूटने का अधिकार मिलना स्वाभाविक और नैसर्गिक है जबकि उसे आरोप सिद्ध होने तक लगातार जेल में बन्द रखना प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है। भारत के संविधान के अनुच्छेद-21 में निजी स्वतन्त्रता का अधिकार हर नागरिक को मिला हुआ है जिसमें वह उस सरकारी कानूनी कार्रवाई को चुनौती दे सकता है, जिसमें उसे प्रशासन द्वारा आरोपित कर भारत न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत सजा देने का प्रावधान होता है मगर इन धाराओं की सत्यता केवल न्यायालय ही सिद्ध कर सकता है अतः न्यायालय चाहे तो उस व्यक्ति को जमानत पर जेल से बाहर आने की इजाजत दे सकता है। इस सन्दर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना व उज्वल भुइयां की पीठ ने यह कह कर कि जमानत सामान्य प्रक्रिया है और जेल असामान्य घटना है, साफ कर दिया है कि भारत की न्यायपालिका प्राकृतिक न्याय के अनुरूप अपनी कार्यवाही चलाने को वरीयता देती है।

इससे यह भी सिद्ध होता है कि न्यायपालिका सर्वप्रथम मानवीयता को ध्यान में रखकर ही अपने निर्णय करने को प्रश्रय देती है। वैसे भारत का पूरा संविधान ही मानवीयता पर टिका हुआ है तभी तो इसमें अनुच्छेद-21 को शामिल किया गया। आज हमें यह जानने की सख्त जरूरत है कि 1946 से लेकर 1949 तक बने भारतीय संविधान की प्रत्येक धारा और अनुच्छेद को संविधान सभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था जबकि इसके सदस्यों में उस समय के लगभग सभी सामाजिक व राजनीतिक तबकों का प्रतिनिधित्व था (केवल समाजवादियों को छोड़ कर क्योंकि तब संविधान सभा का सदस्य बनते वक्त ब्रिटेन के सम्राट के प्रति वफादारी की शपथ उठानी पड़ती थी)। संविधान सभा में कांग्रेस के प्रतिनिधि भी थे और हिन्दू महासभा के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी तथा राजे-रजवाड़े भी। कहने का मतलब यह है कि संविधान ने जब मानवीयता को अपना आधार बनाया तो पूरा भारत देश इस पर सहमत था। इसलिए न्यायमूर्ति नागरत्ना व भुइयां का यह कहना कि आतंकवाद निरोधक कानून (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को भी जमानत पर छूटने का अधिकार है, भारतीय संवैधानिक आदर्शों को ही प्रतिष्ठापित करता है। मगर यह भी सत्य है कि सर्वोच्च न्यायालय स्वयं ही इस सन्दर्भ में पूर्व में अलग-अलग फैसले दे चुका है। खासकर 2020 के दिल्ली दंगों में गिरफ्तार जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र नेता उमर खालिद व शरजिल इमाम के मामले में। ये दोनों छात्र नेता तभी से जेल में बन्द हैं और बीच में सर्वोच्च न्यायालय ने भी इनकी जमानत की अर्जी खारिज कर दी जबकि 2021 में सर्वोच्च न्यायालय की एक तीन सदस्यीय पीठ ने 'भारत सरकार विरुद्ध के.ए. नजीब' मुकदमे का फैसला देते हुए कहा था कि किसी भी व्यक्ति पर चलाये जा रहे मुकदमे की त्वरित सुनवाई में देरी करते हुए उसे लम्बा खींचना नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है जो कि जमानत पाने का अधिकार बनता है, चाहे उस व्यक्ति की गिरफ्तारी यूएपीए कानून के तहत ही क्यों न हुई हो।

इस तीन सदस्यीय पीठ ने तब 2015 से जेल में बन्द आरोपी नजीब को जमानत दे दी थी। नजीब को 2010 में केरल के एक प्रोफैसर का हाथ काटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति नागरत्ना व भुइयां की पीठ ने इस फैसले का संज्ञान लेते हुए कहा कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा लम्बा चलाये रखने के लिए उसे लगातार जेल में बन्द रखे रहने पर कई तरह के सवाल उठने स्वाभाविक हैं क्योंकि यूएपीए कानून की धारा 43डी(5) में आरोपी को सख्त सजा देने का प्रावधान तो है और जमानत पाने के लिए कड़े नियम व उपनियम भी हैं मगर यह धारा तब हल्की पड़ जाती है जब आरोपी को बिना मुकदमा आगे बढ़ाये ही लम्बे समय तक जेल में बन्द रखा जाता है। इससे संविधान के अनुच्छेद-21 की उल्लंघना होती है। इससे स्पष्ट है कि शरजिल इमाम व उमर खालिद के मामले में अभी तक जिस प्रकार का रवैया न्यायपालिका का रहा है वह मौलिक संवैधानिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। न्यायमूर्ति नागरत्ना व भुइयां का मन्तव्य यही लगता है। मगर तीन सदस्यीय पीठ के फैसले के बाद दो और मामले सर्वोच्च न्यायालय के सामने आये और दोनों ही बार न्यायालय की दो-दो सदस्यीय पीठों ने अलग-अलग फैसले लिये। एक मामला गुरुवेन्दर सिंह विरुद्ध पंजाब राज्य था और दूसरा गुलफिशा फातिमा विरुद्ध दिल्ली सरकार था। क्रमशः 2024 और 2026 के इन मामलों में गुलफिशा फातिमा मुकदमे में न्यायालय ने 2020 के दंगों में आरोपित पांच अन्य आरोपियों को जमानत दे दी मगर शरजिल इमाम व उमर खालिद को यह राहत नहीं दी गई। यह फैसला न्यायमूर्ति अरविन्द कुमार व एन.वी. अंजरिया की पीठ ने किया था। उन्हें यह कह जमानत नहीं दी गई कि अपराध में उनकी सक्रियता अन्य लोगों से कही ज्यादा लगती है। न्यायमूर्ति नागरत्ना व भुइयां की पीठ ने अपने आंकलन में इन फैसलों को लेते हुए कहा है कि उन्हें इस बारे में इतना ही कहना है कि बड़ी संख्या वाली पीठ के फैसले के आलोक में कम सदस्यों वाली पीठों के फैसलों का अवलोकन किया जाना चाहिए। इससे कुल आशय यही निकलता है कि भारतीय दंड प्रणाली कठोर से कठोरतम परिस्थियों में भी मानवीयता का दामन नहीं छोड़ती है। न्यायमूर्ति नागरत्ना व भुइयां की पीठ जम्मू-कश्मीर के सैयद इफ्तिखार अन्द्राबी के मुकदमे पर विचार कर रही थी जिसे यूएपीए कानून के तहत 2020 में गिरफ्तार किया गया था। उस पर अवैध नशा तस्करी व आतंकवाद फैलाने के आरोप हैं। पीठ ने उसे जमानत देते हुए उपरोक्त आंकलन किये।

# चुनौतियां हमारे रास्ते की दीवार नहीं, जीवन को निखारती हैं

मनुष्य अपने बारे में सबसे कम उस समय जानता है, जब जीवन सहज और आरामदायक चल रहा होता है। आराम हमें शांति तो देता है, पर वह हमें हमारे असली रूप से परिचित नहीं कराता। हमारी असली पहचान तब सामने आती है, जब जीवन हमें चुनौती देता है, जब हमें रास्ते बंद नजर आते हैं, जब हमारे भीतर भय घर करने लगता है और जब दुनिया हमें यह विश्वास दिलाने लगती है कि अब आगे बढ़ पाना संभव नहीं है। मुश्किल हालात में लोग अक्सर यह सोचने लगते हैं कि जीवन उनके विरुद्ध हो गया है।



मैंने संघर्ष को बहुत करीब से देखा है। मैंने उन चेहरों को देखा है, जो डर से कांप रहे थे, लेकिन फिर भी अन्याय के सामने खड़े थे। मैंने उन लोगों को देखा है, जिनके पास पैसा नहीं था, शक्ति नहीं थी, सुरक्षा नहीं थी, फिर भी उनके भीतर ऐसा साहस था, जो किसी साम्राज्य की ताकत से भी ज्यादा था। तभी मैंने समझा कि चुनौतियां हमारे रास्ते की दीवार नहीं हैं, बल्कि वे हमें बताने आती हैं कि हम वास्तव में कौन हैं। जब जीवन आसानी से गुजर रहा होता है, तब हम भ्रम में जीते हैं। हमें लगता है कि हम साहसी हैं, धैर्यवान हैं या मजबूत हैं। पर जब संकट आता है, तभी इन शब्दों की सच्चाई सामने आती है। मैंने अपने जीवन में देखा है कि कई लोग खुद को कमजोर समझते हैं, पर हालात उन्हें ऐसी जगह ले जाते हैं, जहां उन्हें अपने भीतर छिपी शक्ति का पता चलता है। कितनी विचित्र बात है कि अधिकांश लोग अपनी महानता से तब तक परिचित नहीं होते, जब तक कि जीवन उन्हें संघर्ष के बीच खड़ा नहीं कर देता। मुझे याद है, जब लोग अन्याय के विरुद्ध सड़कों पर उतरते थे, तब उनके सामने डर ही डर था। मैंने देखा कि वही लोग, जो आम दिनों में साधारण दिखाई देते थे, संघर्ष के समय असाधारण बन गए थे। यही जीवन का रहस्य है। जब दुनिया हमारे खिलाफ हो और तब भी हम अपने भीतर की करुणा, सत्य व साहस को बचाए रखें, तभी हमारा वास्तविक चरित्र प्रकट होता है। यही कारण है कि मैं चुनौतियों को पीड़ा के रूप में नहीं देखती। वे जीवन के कठोर शिक्षक हैं। चुनौतियां और कठिनाइयां उन भ्रमों को मिटा देती हैं, जिनमें हम जी रहे होते हैं। वे हमें मजबूर करती हैं कि हम अपने भीतर उस जगह तक जाएं, जहां हमारी असली शक्ति छिपी होती है।

चुनौतियां केवल हमें ही नहीं बदलतीं, समाज को भी बदलने की क्षमता रखती हैं। यदि जीवन में कभी ऐसा समय आए, जब आपको लगे कि सब कुछ आपके खिलाफ हो गया है, तो तुरंत यह मत मान लीजिए कि जीवन आपको समाप्त करना चाहता है। शायद जीवन आपको आपके भीतर छिपे उस व्यक्ति से मिलाने आया है, जिससे आप अभी तक परिचित नहीं हैं। शायद वह संघर्ष आपको यह दिखाने आया है कि आप जितना सोचते हैं, उससे कहीं अधिक मजबूत हैं। शायद वह पीड़ा आपको उस गहराई तक ले जाना चाहती है, जहां से आपका नया जन्म शुरू होगा।

# फिर कैसे मिले सुर मेरा-तुम्हारा

उमेश चतुर्वेदी

विधानसभा चुनावों में बड़े विपक्षी चेहरों की बड़ी नाकामी से विपक्षी खेमे में खलबली मच गई है। बंगाल की शेरनी कही जाने वाली ममता बनर्जी की हार ने विपक्षी खेमे के उन दलों के माथे पर पसीने की बूंदें उभर आई हैं, जो इन चुनावों से बेपरवाह थे। केरल की गठबंधन सरकार में वापसी की वजह से कांग्रेस थोड़ी राहत में भले ही हो, लेकिन ज्यादातर क्षेत्रीय दलों को अपने अस्तित्व पर खतरा नजर आने लगा है। तमिलनाडु में सत्ता की चाहत में विपक्षी गठबंधन टूट भी चुका है। कांग्रेस के हाथ ने डीएमके का बरसों पुराना साथ छोड़ नवेली टीवीके का दामन थाम लिया है। दूसरी तरफ धांधली का आरोप लगाने के साथ ही ममता बनर्जी को विपक्षी एकता, खासकर इंडिया ब्लॉक की याद आने लगी है। अब उन्हें विपक्षी एकता मजबूत करने की याद भी आने लगी हैं।

दिलचस्प यह है कि अतीत में इंडिया ब्लॉक की एकता से बेपरवाह रहीं ममता को अब उसी की बहुत याद आने लगी है। वैसे विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस की ओर से भी कम गलतियां नहीं हुई हैं। राहुल गांधी का पश्चिम बंगाल में बीजेपी की बढ़त के लिए ममता को खुलेआम जिम्मेदार ठहराना एक तरह से तृणमूल की ताबूत का कील ही साबित हुआ। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि विपक्षी एकता का विचार सिरे से परवान चढ़ सकता है ? अतीत में एकता को लेकर जिस तरह विपक्षी खेमे में एक-दूसरे को शह और मात देने का खेल चला है, उससे क्या मुकम्मल एकता की उम्मीद बचती है? 2024 के आम चुनावों के पहले विपक्षी राजनीति को एक मंच पर लाने और भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की कोशिश तो हुई, लेकिन आपसी टकराव और वर्चस्व के चलते यह हकीकत नहीं बन पाया। 23 जून 2023 को पटना में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुआई में विपक्षी क्षत्रपों की बैठक में इंडिया ब्लॉक बनाने का फैसला तो हुआ,लेकिन नेतृत्व के मुद्दे पर एक राय नहीं बन पाई। नीतीश कुमार ने खुलकर भले ही कभी नहीं कहा, लेकिन उनकी चाहत थी कि विपक्षी गठबंधन का संयोजक उन्हें बनाया जाय। लेकिन कांग्रेसी आलाकमान की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। दरअसल कांग्रेस विपक्षी राजनीति की लगाम खुद के हाथ में ही रखना चाहती है। नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और एमके स्टालिन का साथ तो उसे चाहिए, लेकिन इनमें से किसी का भी नेतृत्व उसे गवारा नहीं। अपने पहले परिवार की पूरी स्वीकार्यता भले ही ना हो, लेकिन अगुआई कांग्रेस को ही चाहिए। यही वजह है कि विपक्षी राजनीति के सबसे ज्यादा स्वीकार्य चेहरा रहे नीतीश कुमार ने निराशा में उसी मोदी का हाथ थाम लिया, जिनसे वे दूर हो चुके थे। इसके बाद का



इतिहास सबको पता है।

ममता को राजनीति में पहला बड़ा ब्रेक बेशक राजीव गांधी ने दिया, लेकिन वाममोर्चा के साथ राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेसी सहयोग ने उन्हें बाद के दिनों में गांधी-नेहरू परिवार से दूर कर दिया। हालिया हार के बावजूद अपनी संघर्षशीलता के चलते ममता विपक्षी राजनीति का अब भी बड़ा चेहरा हैं। उनकी अपनी छवि अक्सर राहुल गांधी पर भी भारी पड़ती है। इंडिया ब्लॉक के विचार के वक्त पूर्व कांग्रेसी होने के नाते ममता को पता था कि कांग्रेस अपने हाथ में नेतृत्व बनाए रखने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेगी, इसीलिए उन्होंने ही नीतीश कुमार और लालू यादव को पहली बैठक पटना में कराने का सुझाव दिया था। बाद के दिनों में कांग्रेस ने जैसी चाल चली, उससे विपक्षी एकता का राग बेसुरा हो गया। जिसका नतीजा लोकसभा चुनाव नतीजों में दिखा भी। विपक्ष को उसी वक्त चेतना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। असर यह हुआ कि हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने बाजी मार ली। बाकी कसर बीते विधानसभा चुनावों ने पूरी कर दी है।

गौर करने की बात है कि जब भी सत्ता पक्ष के उफान में विपक्ष बह जाता है, उसकी एकता की छटपटाहट बढ़ जाती है। ज्यादातर यह अस्तित्व संकट टालने का यह फौरी उपाय होता है। तब वह हार के बाद वोटों के गुणा-गणित में जुट जाता है। फिर उसे इलहाम होता है कि अगर वह एक रहता तो वह भारी पड़ता। 1962 के आम चुनावों में नेहरू को फूलपुर की सीट पर सीधी चुनौती में हार मिलने के बाद लोहिया को भी कुछ ऐसा ही लगा। तब भारी उत्सुकता और उत्साह के बावजूद लोहिया हार गए थे। इसके बाद उन्होंने गैर कांग्रेसवाद का विचार दिया। तब कांग्रेस को 44 प्रतिशत से कुछ ज्यादा वोट मिले थे। लोहिया को लगा कि विरोध में पड़े 56 प्रतिशत वोटों को अगर एक किया जाता तो नतीजे कुछ और होते। गैर कांग्रेसवाद के बैनर के तले उन्होंने 1963 के उपचुनावों और 1967 के आम चुनावों में इसे आजमाया। इसका असर यह हुआ कि आठ राज्यों से कांग्रेस की विदाई हो गई। तब से सत्ता में आने वाली पार्टी के खिलाफ बाकी विपक्ष की एकता के सुर उठने की परंपरा बन गई है। कभी यह कांग्रेस के खिलाफ होता था, जिसमें वाममोर्चा और जनसंघ- बीजेपी भी शामिल रहते थे, अब यह भाजपा के खिलाफ हो रहा है।

प. बगाल के बीते विधानसभा चुनाव में ममता को जहां करीब 42 प्रतिशत वोट मिला है, वहीं बीजेपी को करीब 46 प्रतिशत। कांग्रेस को 2.97 और वाममोर्चे को 4.45 प्रतिशत वोट मिले हैं। गैर बीजेपी वोटों को मिला दें तो यह आंकड़ा 49 प्रतिशत से ज्यादा हो जाता है। चुनावी राजनीति में सात प्रतिशत का अंतर बड़ा होता है। अब विपक्षी खेमे को लग रहा है कि अगर वे एक होते तो बीजेपी को ऐसी जीत नहीं मिलती। वैसे चुनावी गणित सामान्य गणित की तरह नहीं होता। 2018 के विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में कांग्रेस से बीजेपी को पांच लाख से ज्यादा वोट मिले थे, लेकिन सीटों के मामले में वह पिछड़ गई थी। चुनावी मैदान में जब सिर्फ दो खेमे होते हैं, तब मतदाताओं के बीच लंबवत ध्रुवीकरण हो जाता है। तब बिखराव वाले आंकड़े भी बदल जाते हैं। 2014 के संसदीय चुनाव में उत्तर प्रदेश में ऐसा साफ दिखा, जब बीजेपी सब पर भारी रही।

संसदीय चुनाव में सफलता के लिहाज से देखें तो कांग्रेस की 99 सीटों के बाद 37 सीटों के साथ समाजवादी पार्टी विपक्ष का दूसरा बड़ा दल है। तीसरे नंबर पर 29 सीटों के साथ ममता ही हैं। इंडिया ब्लॉक की पहली बैठक के पीछे ममता का भी विचार था, फिर भी ना तो लोकसभा और ना ही विधानसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस या ब्लॉक के दूसरे दलों को तवज्जो दिया। तमिलनाडु में डीएमके के साथ कांग्रेस की खींचतान जारी रही। विपक्ष के किसी भी दल ने एकता की कीमत पर त्याग स्वीकार नहीं किया। विपक्षी खेमे का संकट यह है कि वह अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में सहयोगियों से हिस्सेदारी बांटना ही नहीं चाहता।

आपसी अहं के टकराव के चलते नीतीश विपक्षी खेमा छोड़ चुके हैं। दूसरी बड़ी नेता ममता को चुनावी मैदान में करारी शिकस्त मिल गई है। अखिलेश को भी अगले साल उत्तर प्रदेश के सियासी मैदान में बीजेपी से दो-दो हाथ करना है। बीजेपी की कोशिश उन्हें तीसरी बार शिकस्त देने की होगी। अगर वह ऐसा करने में कामयाब रही तो उसके सामने दूर-दूर तक कोई चुनौती नहीं होगी। ऐसे में विपक्षी खेमे का संकट बड़ा है। अतीत के विपक्षी व्यवहार से नहीं लगता कि शायद ही भविष्य में कोई मजबूत मोर्चा बन सके। खुलकर विपक्षी खेमा भले ही ना कहे, लेकिन अंदर ही अंदर वह जरूर गुनगुना रहा है, कैसे मिले सुर हमारा-तुम्हारा....

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं**

# भारत बना दुनिया का सबसे गर्म देश! 100 सबसे गर्म शहर में शामिल

नई दिल्ली

पूरा देश इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है और उत्तर, मध्य तथा पूर्वी भारत के अनेक हिस्सों में तापमान लगातार नए कीर्तिमान बना रहा है। मंगलवार दोपहर को भी भारत ने वैश्विक तापमान चार्ट पर अपना दबदबा बरकरार रखा। दोपहर करीब 2ः30 बजे, त्तङ्क.द्धठ्ठ की लाइव तापमान रैंकिंग के अनुसार, दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में से सभी भारत में ही स्थित थे। यह देश भर में जारी भीषण गर्मी की लहर की तीव्रता और व्यापकता को रेखांकित करता है। रैंकिंग से पता चला कि दोपहर होते-होते तापमान में और वृद्धि हुई, यहां तक कि सूची में सबसे नीचे के शहरों में भी भीषण गर्मी दर्ज की गई, और यहां भी तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे स्पष्ट है कि गर्मी का दायरा कितना व्यापक हो चुका है।

इस सूची में केवल छोटे कस्बे ही नहीं, बल्कि देश के प्रमुख शहर भी शामिल रहे। नई दिल्ली, फरीदाबाद, चंडीगढ़, जम्मू, आगरा, अयोध्या, ग्वालियर, कोटा और रायपुर जैसे शहरों में भीषण लू का असर दिखाई दिया। दोपहर तक चंडीगढ़, जम्मू, बठिंडा, पठानकोट, बरेली, झांसी, कैथल और हरिद्वार जैसे कई शहर 46 डिग्री तापमान के दायरे में पहुंच गए थे। वहीं उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के अनेक शहरों में तापमान 45 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया।

पूर्वी भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है। आसनसोल और दुर्गापुर में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि धनबाद में पारा 44 डिग्री दर्ज किया गया। नई दिल्ली वैश्विक सूची में 99वें और फरीदाबाद 100वें स्थान पर रहे, जहां तापमान 44 डिग्री रहा। यह स्थिति दर्शाती है कि लू अब केवल कुछ राज्यों तक सीमित नहीं रही, बल्कि उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत के व्यापक भूभाग को अपनी चपेट में ले चुकी है।

भारतीय मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी राहत की संभावना कम बताई है। विभाग के अनुसार राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश और विदर्भ में इस सप्ताह लू से लेकर भीषण लू की स्थिति बनी रह सकती है।



पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 19 से 24 मई तक तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में 21 मई तक गंभीर गर्मी की चेतावनी जारी की गई है।

विशेषज्ञों के अनुसार इस बार की गर्मी सामान्य मौसमी चक्र से कहीं अधिक खतरनाक बनती जा रही है। बेंगलुरु स्थित तक्षशिला संस्थान के भूस्थानिक अनुसंधान कार्यक्रम के प्रमुख प्रोफेसर वाई नित्यानंदम का कहना है कि अप्रैल और मई में उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में अधिक गर्मी होना सामान्य बात है, क्योंकि इस समय तेज सौर विकिरण, शुष्क हवाएं और मिट्टी में नमी की कमी रहती है। लेकिन इस वर्ष चिंता का विषय गर्मी की तीव्रता, लंबे समय तक बने रहना और उसका अत्यधिक व्यापक फैलाव है। रात के समय भी पर्याप्त ठंडक नहीं मिल रही, जिससे हालात और गंभीर हो रहे हैं।

विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि कम वर्षा, लगातार शुष्क वायु प्रवाह, तेजी से बढ़ता शहरीकरण और हरित क्षेत्र में कमी ने स्थिति को और विकट बना दिया है। जलवायु परिवर्तन भी इस संकट को कई गुना बढ़ा रहा है। अब लू की घटनाएं पहले की तुलना में अधिक बार, अधिक समय तक और ज्यादा तीव्रता के साथ देखने को मिल रही हैं।

भीषण गर्मी का असर देश की बिजली व्यवस्था पर भी साफ दिखाई दे रहा है। मंगलवार को देश में बिजली की मांग नया रिकार्ड बनाते हुए 260 गीगावाट तक पहुंच गई। इससे पहले सोमवार को मांग 258 गीगावाट दर्ज की गई थी। यह आंकड़ा अप्रैल में बने 256 गीगावाट के पुराने रिकार्ड से भी अधिक है। बिजली की बढ़ती मांग का मुख्य कारण घरों और दफ्तरों में तेजी से बढ़ता शीतलन उपकरणों का उपयोग माना जा रहा है।

राष्ट्रीय विद्युत पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार सोमवार को दोपहर तीन बजकर तेइस मिनट पर जब मांग चरम पर पहुंची, तब तापीय बिजली संयंत्रों ने सबसे अधिक 157.2 गीगावाट बिजली उपलब्ध कराई। इसके अलावा सौर ऊर्जा से 61.3 गीगावाट, जल विद्युत से 14.8 गीगावाट और पवन ऊर्जा से 13.5 गीगावाट बिजली मिली।

उत्तर प्रदेश का बांदा जिला इस गर्मी में विशेष रूप से चर्चा में है। बुंदेलखंड क्षेत्र का यह जिला पिछले एक महीने में दो बार दुनिया का सबसे गर्म शहर और तीन बार एशिया का सबसे गर्म स्थान बन चुका है। सोमवार को यहां तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले 75 वर्षों में मई महीने का सबसे अधिक तापमान है। विशेषज्ञों का कहना है कि बांदा केवल मौसमीय कारणों से नहीं, बल्कि मानवीय गतिविधियों के कारण भी अत्यधिक गर्म हो रहा है। लगातार घटती हरियाली, सूखती नदियां, पत्थरीली जमीन और रेत खनन ने इसे कृत्रिम गर्म द्वीप में बदल दिया है।



## खैबर पख्तूनख्वा में दो गुटों में हुई हिंसक झड़प में 14 की मौत, इलाके में सक्रिय हैं कई सशस्त्र समूह

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दो गुटों में हिंसक झड़प हुई। इसमें 14 आतंकवादी मारे गए है। वहीं, इलाके में कई सशस्त्र समूह सक्रिय हैं। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र समूहों के बीच झड़प हुई। इसमें कम से कम 14 आतंकवादी मारे गए। वहीं, कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, अफगानिस्तान की सीमा से लगे मध्य कुर्रम जिले के मनातो कामरान किले इलाके में आतंकवादी कमांडरों काजिम और मुमताज इम्ती के नेतृत्व वाले समूहों के बीच झड़पें हुईं। अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी के दौरान कमांडर मुमताज इम्ती शहीद हो गए। झड़प के बाद, स्थानीय लोगों ने शवों को उसी इलाके में दफना दिया। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कई आतंकवादी गुटों की मौजूदगी की खबरों के बीच मध्य कुर्रम में कई अभियान चलाए गए हैं।उन्होंने आगे बताया कि इन अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने आतंकवादी प्रशिक्षण केंद्रों और ठिकानों को नष्ट कर दिया और सैकड़ों आतंकवादियों को मार गिराया।

# युद्ध के बीच तेहरान में सामूहिक निकाह, कुर्बानी की शपथ लेकर शादी करने पहुंचे सैकड़ों जोड़े

नई दिल्ली

ईरान की राजधानी तेहरान में अमेरिकी और इजरायली हमलों के बीच सैकड़ों जोड़ों की सामूहिक शादियां कराई गईं। इन जोड़ों ने सरकार समर्थित एक योजना के तहत युद्ध में अपनी जान कुर्बान करने की तैयारी जताई थी। सोमवार देर रात तेहरान के कई बड़े चौकों पर ये समारोह आयोजित किए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केवल इमाम हुसैन चौक पर ही 100 से ज्यादा जोड़ों का निकाह कराया गया। इन समारोहों का प्रसारण सरकारी टीवी पर भी किया गया। माना जा रहा है कि ईरानी सरकार युद्ध के माहौल में लोगों का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन कर रही है।

ईरानी मीडिया के अनुसार, इन लोगों ने जानफदा यानी आत्म-बलिदान योजना में हिस्सा लिया था। इसके तहत लोगों ने युद्ध के दौरान अपनी जान जोखिम में डालने की शपथ ली। रिपोर्ट्स में कहा गया कि इस योजना में लोग बिजलीघरों जैसे महत्वपूर्ण स्थानों के बाहर मानव श्रृंखला बनाकर सुरक्षा देने की भी बात कर रहे हैं।



ईरानी अधिकारियों का दावा है कि संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन समेत लाखों लोगों ने इस योजना के समर्थन में अपना नाम दर्ज कराया है।

एएफपी की तस्वीरों में देखा गया कि कई जोड़े मशीनगनों से लैस सैन्य जीपों में बैठकर इमाम हुसैन चौक पहुंचे। वहां एक मंच पर मौलवी की मौजूदगी में उनका निकाह कराया गया। मंच को गुब्बारों से सजाया गया था और वहां सर्वोच्च नेता आयतुल्ला मोजतबा खामेनेई की बड़ी तस्वीर भी लगाई गई थी। मोजतबा खामेनेई को उनके पिता अली खामेनेई की युद्ध के पहले दिन हुई हत्या के बाद सर्वोच्च नेता बनाया गया था। मेहर न्यूज एजेंसी से बात करते हुए एक दुल्हन ने कहा, देश युद्ध में है, लेकिन युवाओं को शादी करने का अधिकार भी है। वहीं एक दूल्हे ने कहा कि यह दिन उनके लिए खास है क्योंकि यह इमाम अली और फातिमा के विवाह की सालगिरह से जुड़ा हुआ है।

मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, केवल इमाम हुसैन चौक के समारोह में 110 जोड़ों ने हिस्सा लिया। वहां बड़ी संख्या में लोग गुलाब लेकर नवविवाहितों को शुभकामनाएं देने पहुंचे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी में शुरू हुए युद्ध के बाद से ईरानी सरकार लगभग हर दिन बड़े जनसभाओं और कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है, ताकि युद्ध के दौरान जनता के समर्थन और एकजुटता को दिखाया जा सके।

## केदारनाथ मार्ग पर भूस्खलन में फंसे दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं को एसडीआरएफ ने सुरक्षित निकाला

**देहरादून (वार्ता)।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित भगवान शिव के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के पैदल यात्रा मार्ग पर मंगलवार देर रात भूस्खलन में फंसे लगभग दस हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं को राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) ने सुरक्षित निकाल लिया है। एसडीआरएफ के कमांडेंट आईपीएस अर्पण यदुवंशी ने बुधवार सुबह यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोनप्रयाग-गौरीकुंड के मध्य मुनकटिया क्षेत्र में अचानक भूस्खलन होने से मुख्य सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया। मार्ग बाधित होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु बीच रास्ते में फंस गए। रात्रि का समय, खराब मौसम, पहाड़ी क्षेत्र में लगातार गिरता मलबा तथा यात्रियों की भारी भीड़ के कारण स्थिति अत्यंत चुनौतीपूर्ण बनी हुई थी। घटना की सूचना जिला नियंत्रण केंद्र रुद्रप्रयाग द्वारा रात 21:16 बजे एसडीआरएफ को मिली।

# क्या है रोमियो-जूलियट कानून? नेपाल में बड़े बदलाव की तैयारी में बालेन सरकार

नई दिल्ली



नेपाल की बलेन शाह सरकार रेप कानून में बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर रही है। सरकार रोमियो-जूलियट क्लॉज लाने पर विचार कर रही है, जिसके तहत कम उम्र के किशोर-किशोरियों के आपसी सहमति वाले रिश्तों को अपने आप रेप का मामला नहीं माना जाएगा। प्रस्तावित बदलाव के मुताबिक, 16 से 18 साल की उम्र के किशोरों के बीच यदि उम्र का अंतर तीन साल तक है और रिश्ता आपसी सहमति से है, तो उसे रेप की श्रेणी में नहीं रखा जाएगा। हालांकि यौन शोषण, दबाव या जबरदस्ती के मामलों में सख्त सजा जारी रहेगी। नेपाल के मौजूदा कानून के अनुसार 18 साल से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति के साथ यौन संबंध को, सहमति होने के बावजूद, रेप माना जाता है। वहीं देश में शादी की कानूनी उम्र 20 साल तय है। आलोचकों का कहना है कि मौजूदा कानून की वजह से कई ऐसे मामले सामने आए, जहां आपसी सहमति से रिश्ते में रहने वाले किशोर लड़कों को जेल जाना पड़ा। कई मामलों में परिवारों ने रिश्ते का विरोध करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, खासकर अंतरजातीय संबंधों या घर से भागकर शादी करने वाले मामलों में। इसी बीच नेपाल में शादी की कानूनी उम्र 20 से घटाकर 18 साल करने पर भी बहस चल रही है। हालांकि इस प्रस्ताव को लेकर समाज में अलग-अलग राय सामने आ रही हैं। नेपाल के कानून सचिव उदय राज धुंगाना ने कहा कि किशोर जोड़ों से जुड़े मामलों की संख्या बढ़ने के बाद सरकार रोमियो और जूलियट कानून तैयार कर रही है। उन्होंने कहा, सरकार का उद्देश्य रेप कानून को कमजोर करना नहीं है, बल्कि शोषण और किशोरों के स्वाभाविक रिश्तों के बीच फर्क करना है।धुंगाना ने बताया कि सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि तीन साल तक के उम्र अंतर वाले मामलों में छूट दी जाए, जबकि इससे ज्यादा उम्र अंतर वाले मामलों पर सामान्य आपराधिक कानून लागू रहेगा।

## केरल की राजधानी में पेड़ काटने वाली लॉबी का बोलबाला

**तिरुवनंतपुरम, (वार्ता)।** केरल के पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि मानसून पूर्व तैयारियों के नाम पर राज्य की राजधानी में एक प्रभावशाली पेड़ कटाई गिरोह बड़े पैमाने पर सक्रिय है। कार्यकर्ताओं के अनुसार शहर में पेड़ों की कटाई का तरीका गंभीर चिंता का विषय बन गया है। उनका कहना है कि जहां सार्वजनिक सुरक्षा के मद्देनजर कुछ खतरनाक पेड़ों की छंटाई या हटाया जाना आवश्यक था, वहीं कई स्वस्थ पेड़ों और ऐसी बड़ी शाखाओं को भी काटा जा रहा है जिनसे कोई खतरा नहीं था। पर्यावरण कार्यकर्ताओं का दावा है कि हालिया विधानसभा चुनावों की मतगणना के बाद शहर में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की गतिविधियां अधिक दिखाई देने लगी हैं।

# संवैधानिक आरक्षण को कमजोर कर रही है भाजपा सरकार: अखिलेश यादव

लखनऊ,(वार्ता)

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर संवैधानिक आरक्षण प्रणाली को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोगों को संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने 'आरक्षण की लूट' से संबंधित 'पीडीए ऑडिट' नामक एक दस्तावेज जारी किया। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को और अधिक डेटा और तथ्यों के साथ अपडेट किया जाता रहेगा।

भाजपा पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि अगर छात्रों और अभ्यर्थियों को संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो समझा जाना चाहिए कि सरकार पक्षपाती है। उन्होंने कहा, अगर हमें संवैधानिक अधिकारों के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो इसका अभिप्राय है कि सरकार पक्षपाती है और जो पक्षपाती है वह बेवफा भी है। पूर्वाग्रह अपने आप में अन्याय है क्योंकि यह अधिकार छीन लेता है।

अखिलेश यादव ने आरक्षण को सामाजिक न्याय और समानता का जरिया बताया। उन्होंने कहा, आरक्षण सुरक्षा है। आरक्षण सामाजिक समन्वय का एक उपकरण और माध्यम भी है। आरक्षण दान नहीं है, यह एक अधिकार है। उन्होंने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आरक्षण आवश्यक है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि 'लेटरल एंट्री' नियुक्तियों जैसे तंत्रों के माध्यम से आरक्षण को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने दावा किया कि लेटरल एंट्री के जरिए अपनी पसंद के लोगों को पिछले दरवाजे से समायोजित किया जा रहा है ताकि आरक्षण की मांग धीरे-धीरे कमजोर हो जाए। लेटरल एंट्री से तात्पर्य सरकार के बाहर से व्यक्तियों को सीधे मध्य-स्तर और वरिष्ठ स्तर के पदों पर नियुक्त करने की प्रक्रिया से है। भाजपा सरकार की बुलडोजर कार्रवाई का जिक्र करते हुए श्री यादव ने तंज कसा, अगर भाजपा सरकार बुलडोजर चलाना चाहती है, तो उन्हें असमानता की असमान जमीन को समतल करने और सभी को उनका उचित आरक्षण प्रदान करने के लिए उपयोग करना चाहिए।

उन्होंने भाजपा पर संवैधानिक आरक्षण को लेकर बेईमानी में शामिल होने का भी आरोप लगाया और कहा कि सत्तारूढ़ दल समाज के वंचित वर्गों के लिए समान अवसर नहीं चाहता है।

फिल्म/टीवी मनोरंजन

# 'मैं वापस आऊंगा' का हिस्सा बनकर भावुक हुईं अंजना सुखानी



अभिनेत्री अंजना सुखानी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में काम करती नजर आएंगी। इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा हाल के समय की सबसे चर्चित रोमांटिक ड्रामा फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में वेदांग रैना, दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह और शरवरी के साथ अंजना सुखानी भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में हुए ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अंजना ने फिल्म का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर की और इम्तियाज अली का धन्यवाद किया कि उन्होंने उन्हें 'मेहर' के किरदार के लिए चुना। अंजना सुखानी ने कहा, इन सभी बड़े नामों के साथ जुड़ना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और खुशी की बात है। खास तौर पर मुकेश का धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस फिल्म के लिए चुना और भरोसा किया कि मैं यह किरदार निभा सकती हूं। इम्तियाज सर का भी शुक्रिया, जिन्होंने मुझे मेहर के रूप में देखा। मैं हमेशा इसके लिए शुक्रगुजार रहूंगी। इस फिल्म में इम्तियाज अली, एआर रहमान और इरशाद कामिल की तिकड़ी फिर साथ आई है, जिन्होंने इससे पहले अमर सिंह चमकीला, तमाशा और रॉकस्टार जैसी फिल्मों में साथ काम किया था। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित मैं वापस आऊंगा 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# पुलिस अधिकारी का किरदार निभाना आसान नहीं रहा :अनंदिता साहू



अभिनेत्री अनंदिता साहू का कहना है कि उनके लिये शो %सत्या साची' में पुलिस अधिकारी का किरदार निभाना आसान नहीं रहा है। सन नियों के शो सत्या साची में सच के लिए हमेशा निडर होकर खड़ी रहने वाली साची की कहानी, अब एक नए मोड़ पर पहुँच गई है। दर्शक अब साची को पुलिस अधिकारी बनने के लिए कड़ी मेहनत करते हुए देखेंगे। वह यह कदम अपने पति विक्रांत के लिए और न्याय की राह पर आगे बढ़ने के लिए उठा रही है। हालाँकि, स्क्रीन पर यह सफर बहुत प्रेरणादायक दिखाई देता है, लेकिन इसे निभाना अभिनेत्री अनंदिता साहू के लिए आसान नहीं था। साची के इस नए सफर को पर्दे पर उतारने के लिए उन्हें भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अपना अनुभव साझा करते हुए, अनंदिता साहू ने कहा, साची का किरदार निभाते हुए मैंने कई तरह के इमोशंस को महसूस किया। पहले साची के लिए उसकी पढ़ाई और उसकी बहन ही सबसे ज्यादा मायने रखती थीं। वह बहुत निडर लड़की थी, जो उनके लिए किसी भी हद तक जा सकती थी और हमेशा सच का साथ देती थी। शादी के बाद जब वह बहू बनी, तो उसे थोड़ा शांत और ज्यादा जिम्मेदार बनना पड़ा। अब शो में वह अपने पति विक्रांत के लिए कुछ खास करना चाहती है। इसी वजह से वह कड़ी मेहनत करती है और पुलिस अधिकारी बनती है। अनंदिता नेकहा, इस ट्रैक की शूटिंग के दौरान मुझे समझ आया कि पुलिस अधिकारी बनना बिल्कुल आसान नहीं है। ट्रेनिंग वाले सीन्स की शूटिंग करते समय मैं बहुत थक जाती थी, क्योंकि मैं नियमित रूप से एक्सरसाइज नहीं करती और न ही जिम जाना पसंद करती हूँ।

# अली अब्बास ज़फर की फिल्म में पहली बार स्क्रीन पर डांस करते नजर आएंगे अहान पांडे!



अभिनेता अहान पांडे अली अब्बास ज़फर की फिल्म में पहली बार स्क्रीन पर डांस करते नजर आएंगे। अहान पांडे अपनी बहन अलाना पांडे की शादी में अपने शानदार डांस मूव्स की वजह से इंटरनेट पर वायरल हो गए थे। उनके डांस वीडियो ने यूट्यूब पर 46 मिलियन से ज्यादा व्यूज़ हासिल किए थे। हर किसी को उम्मीद थी कि यश राज फिल्म्स और मोहित सूरी अपनी डेब्यू फिल्म 'सैयारा' में अहान को डांस करते हुए पेश करेंगे, लेकिन निर्देशक ने सभी को चौंकाते हुए उन्हें एक बेहद इंटेंस अवतार में पेश किया, जिसने दर्शकों को दीवाना बना दिया। 'सैयारा' ने अहान को रातोंरात स्टार और जेन ज़ी सेंसेशन बना दिया, क्योंकि पूरी नई पीढ़ी उनके इमोशनल और प्यार में डूबे लवर बॉय इमेज की दीवानी हो गई। पिछले कुछ महीनों से सोशल मीडिया पर लगातार यह चर्चा हो रही थी कि अहान के फैंस उन्हें बड़े पर्दे पर एक लार्जर देन लाइफ वाले हीरो के रूप में देखना चाहते हैं, जो गाए भी और डांस भी करे। अब लगता है कि यश राज फिल्म्स उनकी यह इच्छा उनके दूसरे प्रोजेक्ट, यानी अली अब्बास ज़फर की अनटाइटल्ड फिल्म में पूरी करने जा रहा है। एक सूत्र ने बताया,सालों तक अहान इंटरनेट पर सिर्फ कुछ झलकियों के जरिए लोगों के बीच मौजूद थे, लेकिन उनकी बहन अलाना पांडे की शादी ने उन्हें एक ऑनलाइन फेनोमेनन बना दिया। खास तौर पर 'आई एम द बेस्ट' गाने पर उनका डांस वीडियो इंस्टाग्राम और फैन पेज़ पर जबरदस्त वायरल हुआ। इसके अलावा कज़िन अनन्या पांडे के साथ 'सात समुंदर पार' पर किया गया उनका डांस भी इंटरनेट पर छा गया। फैंस ने कमेंट सेक्शन में उन्हें 'स्टार मटेरियल' बताते हुए उनके एक्सप्रेशंस, टाइमिंग और स्क्रीन प्रेज़ेंस की जमकर तारीफ की थी, वो भी उनकी आधिकारिक डेब्यू घोषणा से पहले। अब अली अब्बास की फिल्म में फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होने वाला है! अहान यूके में एक डांस नंबर शूट करने वाले हैं। सूत्र ने आगे कहा,यह पहली बार होगा जब अहान बड़े पर्दे पर डांस करते नजर आएंगे और हमें उम्मीद है कि यह पल बेहद खास और शानदार होगा। चार दिनों का शूट प्लान किया गया है, जिसमें अहान को उसी अंदाज़ में गाते और डांस करते दिखाया जाएगा, जैसा हमने वर्षों से बड़े सितारों को करते देखा है।

# करेली में विकास की रफ्तार : 82 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

### सड़क, नाली और कवर्ड नाला निर्माण से बदलेगी शहर की तस्वीर



**करेली, स्वतंत्र मत।** नगर पालिका परिषद करेली द्वारा शहर के समग्र विकास और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर के विभिन्न वार्डों में करीब 82 लाख रुपए की लागत के सड़क, नाली एवं कवर्ड नाला निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों से जहां शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, वहीं बरसात के दौरान जलभराव और गंदे पानी की समस्या से भी नागरिकों को राहत मिलेगी।

**जिला कलेक्टर से नगर विकास पर चर्चा**-नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार के नेतृत्व में शहर के प्रत्येक वार्ड में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने हाल ही में जिला कलेक्टर से मुलाकात कर नगर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी और अधोसंरचना से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों एवं आगामी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। नगर पालिका द्वारा शहर के सौंदर्यकरण और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**विशेष निधि कवर्ड नाला निर्माण**-भूमिपूजन कार्यक्रम के तहत सुभाष वार्ड स्थित लक्ष्मीपुरम कॉलोनी के सामने लगभग 65 लाख रुपए की लागत से बनने वाले कवर्ड नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। सिविल अस्पताल करेली के उद्घाटन के समय नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार द्वारा प्रहलाद सिंह पटेल पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री के समक्ष नाले निर्माण की मांग रखी थी जिसमें कैबिनेट मंत्री द्वारा तुरंत राशि दिलाने का आश्वासन दिया था। जिसके तहत कैबिनेट मंत्री द्वारा विशेष निधि से 50 लाख रुपए की राशि नगर पालिका को उपलब्ध कराई गई है इसके लिए नगरपालिका अध्यक्ष ने पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल एवं कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का धन्यवाद प्रेषित किया है। हरई माता मंदिर जाने के मार्ग में श्रद्धालुओं को गंदगी का सामना करना पड़ता था जिससे निजात मिलेगी एवं हरई माता से जुड़े श्रद्धालुओं की प्रमुख मांग रही अस्पताल के ठीक सामने कच्चा नाले से एक्सीडेंट का खतरा रहता था पूर्व में भी एक्सीडेंट हो चुके हैं कवर्ड नाले से सभी समस्याओं से निजात मिलेगी।यह कार्य लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांगों में शामिल था। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या काफी हद तक समाप्त होने की उम्मीद है।

**जयप्रकाश वार्ड बाउंड्री वॉल एवं सौंदर्यकरण**-इसके अलावा जयप्रकाश वार्ड में आशीष अग्रवाल के मकान से नागेश के मकान तक नाली निर्माण, राजेंद्र शर्मा के मकान से बालिका छात्रावास के पीछे तक सड़क निर्माण एवं बालिका छात्रावास के सामने पार्क की बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

**नागरिकों की सेवा उद्देश्य-ममार**-करेली शहर को आधुनिक और व्यवस्थित नगर के रूप में विकसित करना परिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाने के लिए परिषद निरंतर कार्य कर रही है। आने वाले समय में भी नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि नागरिकों को बेहतर जीवन सुविधा उपलब्ध कराना परिषद का उद्देश्य है। सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएंगे ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके।

**नियमित मॉनिटरिंग-सीएमओ**-नगर पालिका परिषद करेली के सीएमओ ने कहा कि परिषद द्वारा शहर के विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। बरसात को ध्यान में रखते हुए जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

**जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित**-भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार, पार्षद श्रीमती ज्योति जैन, पार्षद श्रीमती ज्योति सोनी, पार्षद श्रीमती संगीता शर्मा,पार्षद खालिद कुरैशी,पार्षद अनिल दुबे,पार्षद संजय जैन,पार्षद हेमंत मेहरा,भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र स्वामी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप ममार, विधायक प्रतिनिधि ब्रजेश माते, भाजपा जिला मंत्री रजत चौहान, एल्डरमैन राकेश बड़कुर, एल्डरमैन गणेश पटेल, अरुण झरिया,आनंद सोनी,कैलाश रघुवंशी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर, उपयंत्री योगेंद्र बाथरी, उपयंत्री पुष्पेश विश्वकर्मा,शैलेन्द्र सोनी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# 23 मई को बासादेही में मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह

### शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह एवं पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी होंगे अतिथि

**करेली, स्वतंत्र मत।**

नगर में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से च्मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोहज्ज का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह सत्र 2025-26 के अंतर्गत 23 मई 2026, शनिवार को आयोजित होगा, जिसमें बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं उनके पालकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन महिला सर्व ब्राह्मण समाज सभा, करेली द्वारा किया जा रहा है। समारोह में मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय लोकतंत्र सेनानी संघ के अध्यक्ष कैलाश सोनी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती विवेक पाण्डे जिला अध्यक्ष सर्वब्राह्मण महिला एकता संगठन, श्रीमती राव मंजू सिंह चेयरमैन आरडीपीएस स्कूल राजमार्ग तथा श्रीमती मंजू सोनी अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगी। आयोजकों के अनुसार यह सम्मान समारोह शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम श्रीमती भारती-मधुसूदन पालीवाल के निज निवास, ग्राम बांसादेही, करेली, जिला नरसिंहपुर में सायं 5ः30 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम की आयोजक श्रीमती भारती पालीवाल अध्यक्ष महिला सर्व ब्राह्मण समाज सभा करेली ने समाजजनों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## शहीद आशीष शर्मा स्मृति माँ नर्मदा कप का हुआ रंगारंग समापन



### ब्रदर्स एन्ड संस ने जीती प्रतियोगिता

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गत दिवस स्थानीय पुराना कॉलेज रुद्र मैदान में वीर शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की पावन स्मृति में आयोजित च्माँ नर्मदा कप - 2026च्च रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट लीग का समापन हर्ष उल्लास के साथ हुआ। समापन पूर्व प्रतियोगिता के फाइनल मैच का शुभारंभ पूर्व विधायक नरेश पाठक, युवा नेता राव अनुज प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा,रीतेश राय,सुरेन्द्र गुर्जर, हर्ष पाठक, अशोक भार्गव, गणेश सोनी, मालपानी जी, मधुसूदन पटैल, अमित पटैल सहित अन्य अतिथियों ने स्व आशीष शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में ब्रदर्स एन्ड संस टीम ने प्रिंस इलेवन को अंतिम ओवर में हराया। मैच उपरांत विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी, मैडल प्रदान किये गये। इसके अलावा अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने आयोजकों एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं कहा कि क्रिकेट प्रतिभाओ के प्रोत्साहन के लिए इस प्रकार का आयोजन एक सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर सभी ने वीर शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा जी के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्सेवा को नमन करते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं टीम भावना के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु साधुवाद दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद शुभम राजपूत एवं आभार प्रदर्शन ब्रजेश सोनी ने किया। आयोजन में राजा नीरस, हिम्मत सिंह, इलियास खान, जुल्फीकार अली आदि सक्रिय रहे।सम्पूर्ण आयोजन में नपा सहित अन्य सहयोगियों का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

## शतचंडी महायज्ञ में श्रद्धालु ले रहे धर्मलाभ

### कुसंगति से दूर रहे युवा पीढ़ी : विपिन बिहारी महाराज



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** समीपी ग्राम कामती के यज्ञ शाला प्रांगण में 5 कुण्डीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं नर्मदा चिंतन महापुराण का आयोजन कार्यक्रम के ?प्रेरणास्त्रोत अवधूत महायोगी श्री दादा गुरु भगवान की प्रेरणा से 17 मई से शुरू हो चुका है । प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 मई को कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञ स्थल पर प्रतिदिन रात को संतो के प्रवचन हो रहे है। प्रवचन में प्रथम दो दिन विपिन बिहारी जी महाराज ने अपने ठेठ देहाती बुंदेली भाषा में कहा कि दो चीज अपने वाले ही देते हैं दाग एवं दगा। हमें अच्छे लोगों से संगति करना चाहिए एवं बुरी संगत वालों से कोसों दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन 84 करोड़ योनियों के बाद प्राप्त होता है। अतः इसको ऐसे ही नई गवां देना चाहिए बल्कि बार-बार ईश्वर का स्मरण एवं भजन करना चाहिए। साथ ही अपने माता-पिता एवं सास ससुर का सम्मान करना चाहिए। हमें सदैव जीवन उपार्जन श्रम एवं मेहनत ईमानदारी के धन से करना चाहिए। हमारी प्रकृति नियंत्रक है वह सदैव संतुलन बनाकर रखती है। जैसा हम कर्म करेंगे वह लौटकर पुनः अपने पास आएगा। उन्होंने वर्तमान में युवा पीढ़ी को अपने कर्तव्य पद पर अग्रसर होने की सीख दी। उन्होंने युवाओं को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें व्यसनो से दूर रहना चाहिए।

## परिक्रमावासियों के लिये बना अपूर्ण सामुदायिक भवन में कोई व्यवस्था नही

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** ग्राम पंचायत गरारू के अंतर्गत घाट बम्होरी में परिक्रमा वासियो के लिये बना सामुदायिक भवन में विगत 03 वर्षो से अपूर्ण बना है जिसमें रहने की कोई व्यवस्था नही है। जबकि पैदल परिक्रमावासियो का यहा पर सतत् आना जाना बना रहता है। भवन में पेयजल लेटवाथ बिजली की कोई सुविधा नही है। भवन भी गुणवत्ताहीन बना है। खिड़की दरवाजे नही लगे फर्श भी नही हुआ है जिससे परिक्रमा वासियो को वड़ी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नजदीक में बना टीन शेड 50ग50 का बनना था लेकिन 35ग50 में ही बना है कार्य अभी अपूर्ण है। यहा पर बगीचा आश्रम में निवासरत राधारमण दास जी वर्षो से परिक्रमा वासियो की खाने पीने एवं रूकने की व्यवस्था कर रहे है।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी श्रीराम पटैल का नगर आगमन

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।**



जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी श्रीराम पटैल के प्रथम नगर आगमन पर उनका स्वागत किया गया एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के आगामी जिला प्रवास की तैयारियों को लेकर पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता में एवं जिला महामंत्री द्वय सुरेन्द्र मोहन नेमा व राहुल कौरव के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुई। जिसमें पिछड़ा वर्ग मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर टोली के साथ कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।बैठक को संबोधित करते हुए श्रीराम पटेल ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा कार्यकारिणी और अन्य दायित्वों में सभी पिछड़ा वर्ग के लोगों को लेना है। प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार प्रवास कार्यक्रम के दौरान पिछड़ा वर्ग समाज के जनप्रतिनिधियों की सूची तैयार करना है एवं सभी प्रकार के हितग्राहियों से संपर्क करके पिछड़ी समाज के जातियों के प्रमुख पदाधिकारियों की सूची तैयार करके वरिष्ठ पिछड़ा वर्ग कार्यकर्ताओं से प्रदेश अध्यक्ष की भेंट करवाना है। तथा पिछड़ा वर्ग समाज का सम्मेलन एवं सामाजिक कार्यक्रमों में जाकर सोशल मीडिया इन्फ्लुएन्सर मीट कर सगोष्ठी कराना है।बैठक को आगे संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्यों के साथ बैठक कर मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था कराना एवं आकांक्षी विधानसभाओं के प्रत्यासियों से मिलकर जिले में धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थानों को चिन्हित करके सांस्कृतिक स्थानों और गौरवशाली इतिहास की जानकारी एकत्र करके जिले में निवासरत पिछड़ा वर्ग समाजों के तीज त्यौहारों की जानकारी एकत्रित करनी चाहिए एवं पिछड़ा वर्ग की जातियों एवं उपजातियों को अधिक से अधिक भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा से जोड़ना है।

### ये रहे उपस्थित

बैठक का संचालन जिला महामंत्री राहुल कौरव एवं आभार पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री खेमचंद यादव ने किया उपरोक्त बैठक में सोशल मीडिया जिला प्रभारी श्रीकांत श्रीवास्तव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री राजेन्द्र पटैल, देवेन्द्र गंगोलिया, हेमराज यादव, मुन्ना कुशवाहा, जगदीश कौरव, राकेश चौरसिया, सौरभ सोनी, राकेश ऊमरे, लोकेश बाथरे, अरविन्द नोरिया, शैलेन्द्र पटैल, शुभम सिंह पटैल एवं कुनाल सिंह पटैल की उपस्थिति रही।

# भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रदेश भाजपा के दिशानिर्देशों के अनुपालन में, जनसाधारण की समस्याओं के निवारण हेतु जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में एक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में गोटेगांव के विधायक महेंद्र नागेश और जिला भाजपा के अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों द्वारा प्रस्तुत की गई विविध समस्याओं को अत्यंत गंभीरता से सुना और उनका त्वरित तथा प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित सरकारी विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए। इसके अतिरिक्त, विधायक स्वेच्छा अनुदान निधि का सदुपयोग करते हुए, अत्यंत आवश्यकता वाले व्यक्तियों को वित्तीय सहायता राशि भी स्वीकृत की गई, जिससे उन्हें तत्काल राहत प्राप्त हो सके।जनसुनवाई में लघु वनोपज समिति अध्यक्ष देवी सिंह पटेल ,जिला कार्यालय मंत्री सुदर्शन वैद्य,जिला संयोजक सोशल मीडिया भाजपा श्रीकांत श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष नीलेश शर्मा ,रामनारायण पटेल सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


# परिक्रमावासियों के लिये बना अपूर्ण सामुदायिक भवन में कोई व्यवस्था नहीं

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।**



ग्राम पंचायत गरारू के अंतर्गत घाट बम्होरी में परिक्रमा वासियो के लिये बना सामुदायिक भवन में विगत 03 वर्षो से अपूर्ण बना है जिसमें रहने की कोई व्यवस्था नही है। जबकि पैदल परिक्रमावासियो का यहा पर सतत् आना जाना बना रहता है। भवन में पेयजल लेटवाथ बिजली की कोई सुविधा नही है। भवन भी गुणवत्ताहीन बना है। खिड़की दरवाजे नही लगे फर्श भी नही हुआ है जिससे परिक्रमा वासियो को वड़ी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नजदीक में बना टीन शेड 50ग50 का बनना था लेकिन 35ग50 में ही बना है कार्य अभी अपूर्ण है। यहा पर बगीचा आश्रम में निवासरत राधारमण दास जी वर्षो से परिक्रमा वासियो की खाने पीने एवं रूकने की व्यवस्था कर रहे है। जबकि पंचायत द्वारा विधायक निधि से बना सामुदायिक भवन विगत 03 वर्षो से पूर्णरूप से नही बनने से परिक्रमा वासियो को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो विधायक ,जिला कलेक्टर जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी से अपूर्ण सामूदायिक भवन एवं टीनशेड शीघ्र पूर्ण करने की मांग स्थानीय निवासियो द्वारा की गई है।


# एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ





**सिंगरौली (स्वतंत्र मत)।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा सेडमैप भोपाल के सहयोग से अपने सीएसआर कार्यक्रमों के अंतर्गत च्स्वच्छता पखवाड़ा 2026च्च का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अभियान में जिले के युवाओं हेतु संचालित आर्मी एवं पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम एनटीपीसी विंध्याचल की स्वच्छता, नागरिक जिम्मेदारी एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो दीपज्ञान कोचिंग संस्थान से प्रारंभ होकर चुंनकुमारी स्टेडियम तक गई एवं पुनः वहीं वापस पहुँची। रैली के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता संबंधी संदेशों वाले नारों एवं पोस्टरों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास किया।

इस अवसर पर युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने हेतु स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जिम्मेदार नागरिकता विषय पर क्विज एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए ताकि युवाओं में सकारात्मक सहभागिता की भावना को बढ़ावा मिल सके।

उक्त कार्यक्रम में श्री डेविड देशमुख (अधिकारी-मा. संसाधन सीएसआर) एवं उनकी टीम व सेडमैप भोपाल कोर्डिनेटर श्री अशोक त्रिपाठी व कोचिंग संस्थान के शिक्षकगण उपस्थित रहे । छात्रों द्वारा एनटीपीसी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए कहा गया कि इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से हम सभी छात्रों को स्वच्छता जैसे कार्यक्रम में सम्मिलित होने की प्रेरणा मिली।

# भीषण गर्मी में पानी के लिए हाहाकार: बड़वारा की 66 ग्राम पंचायतों में नि:शुल्क प्याऊ खोलने की उठी मांग

## समाजसेवियों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कटनी जिले में इन दिनों सूरज के तीखे तेवरों ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार बढ़ रहे तापमान और तेजी से नीचे जा रहे वाटर लेवल जलस्तर के कारण ग्रामीण इलाकों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। भीषण गर्मी की इस स्थिति में समय पर पानी न मिलने के कारण राहगीरों, मजदूरों और स्कूली बच्चों की हालत खराब हो रही है। इसी गंभीर समस्या को देखते हुए बुधवार को बड़वारा विकासखंड क्षेत्र के जागरूक समाजसेवियों ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि बड़वारा जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी 66 ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों पर शासन के स्तर से तत्काल नि:शुल्क प्याऊ की व्यवस्था कराई जाए।



फोटो :विकास गुप्ता

### सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ न होने से बढ़ी परेशानी

ज्ञापन सौंपने पहुंची समाजसेवी सावित्री केवट, पूजा सिंह, नंदिनी रजक, प्रभा सेन, बबीता सिंह, फिजा बी और मैना सिंह मरकाम ने बताया कि मई-जून की इस तपती गर्मी में लोगों को सबसे ज्यादा आवश्यकता शुद्ध पेयजल की होती है। नियमानुसार, ग्रामीण इलाकों में प्रशासन और ग्राम पंचायतों के स्तर से गर्मी शुरू होते ही मुख्य बाजारों, बस स्टैंडों और सार्वजनिक स्थलों पर पानी की व्यवस्था कराई जानी चाहिए थी, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक ऐसी कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

### मजदूर, राहगीर और स्कूली बच्चों पर सबसे ज्यादा मार

समाजसेवियों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी का ध्यान इस बात की ओर भी आकर्षित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस वक्त मनरेगा के तहत मजदूर काम कर रहे हैं। वहीं, भीषण धूप में स्कूली बच्चे और आम राहगीर भी सफर

## चिलचिलाती धूप से राहगीर,मजदूर और स्कूली बच्चे परेशान

करने को मजबूर हैं। प्यास बुझाने के लिए उन्हें महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ रहा है या फिर भटकना पड़ रहा है। हमारी मांग है कि बड़वारा जनपद की समस्त 66 ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया जाए कि वे पंचायत फंड या प्रशासनिक स्तर से अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर नि:शुल्क प्याऊ केंद्र शुरू करें। यदि समय रहते यह व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी चिंताजनक हो सकती है।

### प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद

ज्ञापन सौंपने के बाद समाजसेवियों ने उम्मीद जताई है कि बड़वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी इस मानवीय संकट को गंभीरता से लेंगे और जल्द ही सभी पंचायतों को प्याऊ खोलने के सख्त निर्देश जारी करेंगे, ताकि इस भीषण गर्मी में जरूरतमंदों और प्यासे राहगीरों को राहत मिल सके।

# एसपी द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था का किया गया निरीक्षण



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर के प्रमुख यातायात प्रभावित क्षेत्रों बरगवां, मिशन चौक एवं चंडाक चौक का निरीक्षण कर बीती संध्या निर्मित जाम की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सीवर लाइन निर्माण कार्य के चलते मार्ग के वन-वे हो जाने से आवागमन प्रभावित हुआ एवं यातायात बाधित हुआ। निरीक्षण उपरांत नव नियुक्त थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक अनूप सिंह को यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि संबंधित क्षेत्रों में पर्याप्त बैरिकेडिंग, सांकेतिक संकेतक एवं सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। समस्या के स्थायी एवं प्रभावी निराकरण हेतु प्रशासनिक स्तर पर आकस्मिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला कलेक्टर आशीष तिवारी, नगर निगम कमिश्नर तपस्या परिहार एवं सीवर लाइन निर्माण कार्य से संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में आमजनहित को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में शहरवासियों को यातायात संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के उपरांत संबंधित क्षेत्रों में बैरिकेड्स एवं सांकेतिक चिन्ह लगाए गए तथा यातायात पुलिस द्वारा सतत मुस्तैदी के साथ ड्यूटी संपादित की गई, जिसके परिणामस्वरूप यातायात व्यवस्था सुचारु एवं व्यवस्थित बनी रही तथा जाम की स्थिति निर्मित नहीं हुई। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी यातायात, सूबेदार सोनम उइके, उप निरीक्षक सुदामा प्रसाद, सहायक उप निरीक्षक ईश्वर बागरी, आरक्षक राजकुमार, सुरेन्द्र तथा सैनिक सुरेन्द्र निगम, राकेश बड़गैयां एवं मनीष बर्मन सहित थाना यातायात के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जो भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

फोटो :विकास गुप्ता

## कलेक्टर ने की जिले के किसानों से अपील

# खाद वितरण और उपज खरीदी में दिक्कत से बचने किसान फार्मर रजिस्ट्री में जोड़ें अपने सभी खसरे

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में कृषि सेवाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री का काम तेजी से चल रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे समय रहते फार्मर रजिस्ट्री में अपनी आईडी के साथ सभी खसरों और बकेट को अनिवार्य रूप से जोड़ लें। भविष्य में किसानों को खाद वितरण, फसल उपार्जन और अन्य सरकारी योजनाओं एवं लाभों का निर्धारण फार्मर रजिस्ट्री में दर्ज जानकारी के आधार पर किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि यदि किसी किसान ने अपने बकेट में शामिल सभी खसरों को नहीं जोड़ा, तो भविष्य में उनके रिकॉर्ड में उपलब्ध सीमित रकबे के आधार पर ही खाद का वितरण या फसल की खरीदी की जाएगी। इसके



कारण किसानों को आर्थिक और प्रशासनिक नुकसान उठाना पड़ सकता है, इसलिए सभी कृषक अपनी जानकारी को पूरी तरह सही और अपडेट करा लें। जिले में फार्मर रजिस्ट्री के तहत कुल चिन्हित बकेट 7 लाख 4 हजार 972 है। जिसमें किसानों द्वारा क्लेम किए गए बकेट 2 लाख 25 हजार 169 के साथ कुल प्रगति 31.94 प्रतिशत है। बहोरीबंद तहसील 38.34 प्रतिशत की प्रगति के साथ जिले में शीर्ष पर है। किसानों की सुविधा के लिए पूरी प्रक्रिया को बेहद आसान बनाया गया है। किसान अपने मोबाइल पर फार्मर रजिस्ट्री ऐप डाउनलोड करके या शासन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर खुद बकेट और खसरे की जानकारी अपडेट कर सकते हैं।

इसके अलावा वे स्थानीय युवाओं, लोक सेवा केंद्र या राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों की मदद भी ले सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी किसानों से इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया है ताकि उन्हें भविष्य में निर्बाध रूप से सभी सरकारी योजनाओं, खाद वितरण एवं उपार्जन संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलता रहे।

फोटो :विकास गुप्ता

# विधायक विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा ने विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण एवं विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखने एमपीईबी कार्यपालन अभियंता शहरी को दिये निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)।

विधायक विधानसभा क्षेत्र मुड्वारा संदीप जायसवाल के द्वारा गर्मी के समय को ध्यान में रखते हुए विद्युत व्यववस्था सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए शहरी क्षेत्र में आ रही वोल्टेरज एंव अन्य लोड संबधित समस्याओं की जानकारी एंव उनके निराकरण के लिये किये जा रहे प्रयास की समीक्षा की गयी, जिसमें त्वरित निराकरण के लिए निदेर्शित किया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आ रही वोल्टेज की समस्याओ कि जानकारी ली एंव ट्रांसफार्मरों पर भार बढ्ने के कारण ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि बढाने संबधी विस्तृत चर्चा की गयी। विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल के द्वारा पूर्व में शहर में विभिन्न स्थानो में अतिरिक्त वितरण ट्रांसफॉर्मर एंव ट्रांसफार्मरों कि क्षमता वृद्धि किये जाने हेतु सूची विभाग से बनवायी गयी थी, जिसमें विधायक कि मांग पर उर्जा मंत्री द्वारा स्वीकृति प्रदान किये जाने के उपरांत शहरी क्षेत्र में विभागीय कार्ययोजना 2026-27 में सिस्टम को मजबूत बनाने के कार्य स्वीकृत हुए है। नवीन 11 केव्ही लाइनों की स्वीकृति जिसमे मुख्यत: 11 केव्ही चनेहटा फीडर जो कि 33/11 के वी उपकेंद्र पहरुआ उपकेंद्र से निर्गमित होकर पन्ना मोड बाईपास का क्षेत्र, ग्राम चनेहटी, मंटोला एव आस पास के शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा, 11 केव्ही समद्दिया इंटरकनेक्शन जिससे समदडिया चौराह पीडब्लूडी कॉलोनी इत्यादि क्षेत्र, 11 केव्ही अमकुही इंटरकनेक्शन, अमकुही



क्षेत्र, कलेक्टर कार्यालय, तहसील ऑफिस 400 केवी उपकेन्द्र मंझगवा फाटक से 2 न. अतिरिक्त नवीन 33 केव्ही चाका एवं 33 केव्ही पुरैना फीडर के शहर के पहरुआ, नई बस्ती, चाण्डक ढलान, बस स्टैंड, पन्ना मोड़ लगभग शहर के 20000 उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सकेगा।

शहर के विभिन स्थानों पर अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर की स्थापना एवं क्षमता वृद्धि जैसे कि, विश्राम बाबा, चौरसिया धर्म कांटा, ढालान, पुरैनी स्कूल के पास, आधार काप, झंडा बाजार, रबर फेक्ट्री रोड, दुबे कॉंलोनी मोड़, टेडी डीपी, रामजानकी हनुमान वार्ड, जैन कॉंलोनी गली न. 8, जैन कॉंलोनी, पाठक गली, इंद्रा नगर, यादव कंपाउंड चांडक चौक, पीडब्लूडी कॉंलोनी माधवनगर, कुम्हार मोहल्ला माधवनगर, संजय नगर माधवनगर, माधवनगर, अहमद नगर, माधवनगर गेट, साईं मंदिर छपरवाह वाला, एमईएस कॉंलोनी, शांति नगर पाकिस्तानी लखेरा वाटिका के पास लखेरा चर्च के पास लखेरा पहड़िया के पास, चाका वार्ड क्र. 04, मडई घरेलू वाला, लमतरा बस्ती वाला, पिलौंजी खेत वाला, भरवारा, कैलवारा खुर्द ग्राम पंचायत वाला, कैलवारा फाटक गायत्री मंदिर के पास, कैलवारा फाटक, देवराखुर्द, देवडोंगरा, कैलवारा खुर्द, पिलौंजी, छैघरा, पौंसरा, बरही रोड स्टेशन रोड अतिरिक्त, शिवाजी नगर, राय कॉलोनी, चनपुरिया बिलिंग झिंझरी, इत्यादि स्थानों पर अतिरिक्त या क्षमता वृद्धि की कार्यवाही किया जाना है जिससे कि संपूर्ण कटनी शहर एंव आस पास के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यस्था सुचारू रूप से व्यवस्थित किया जा सके। विधायक द्वारा सर्वे एंव कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है, जिससें पूरे शहर में विद्युत व्यस्था सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

फोटो :विकास गुप्ता

# पुलिस ने 3 नाबालिग बालिकाओं को मंडला से किया दस्तयाब



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के कुशल मार्ग दर्शन में थाना एनकेजे प्रभारी को अपहर्त बालिका को तलाश करने में मिली सफलता। कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा आपरेशन मुस्कान के तहत अधिक से अधिक अपहृत बालक/बालिका के दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देशन एवं उप पुलिस रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एनकेजे कटनी उप निरी रूपेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में 10 मई को लिटिल स्टार फाउडेशन हिरवारा से गुमी 03 नाबालिक बालिकाओ के दस्तयाबी हेतु टीम गठित कर थाना एनकेजे के अप. क्र. 247/26 धारा 137(2) बीएनएस के प्रकरण मे पुलिस लगातार घटनास्थल हिरवाड़ा एवम आस पास के समस्त रूट जैसे कौड़िया, गातखेड़ा, निवार रोड, बिलायतकला रोड, कटनी रोड एवम कटनी के समस्त रेलवे स्टेशन जैसे कटनी जंक्शन, मुरवारा एकटनी साउथ, झलवाड़ा, कटंगीकला स्टेशन आदि के लगभग आधा सैकड़ा सीसीटीव्ही कैमरे देखे गए एंव साइबर सेल कटनी से लगातार संपर्क कर तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए गए। थाना एनकेजे पुलिस टीम द्वारा निवास जिला मंडला से 03 नाबालिग बालिकाओ को पता तलाश कर दस्तयाब किया गया। थाना लाकर लिटिल स्टार फाउडेशन को सुपुर्द किया गया। बालिका के मिलने पर लिटिल स्टार फाउडेशन हिरवारा एवम् अपरहताओ के परिजनों ने एनकेजे पुलिस के कार्य की सराहना की है।



## निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर को यातायात थाना प्रभारी की जिम्मेदारी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जारी प्रशासनिक आदेश के तहत निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर को यातायात थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार ठाकुर की नई पदस्थापना यातायात थाना प्रभारी के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए इस फेरबदल को जिले की यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# श्रद्धा भक्ति के साथ याद की गई स्वर्गीय पदमा शुक्ला



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** स्वर्गीय पदमा शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश समाज कल्याण बोर्ड एवं मंत्री दर्जा प्राप्त समाजसेवी की स्मृति में कैमोर के ननवारा स्थित पदमा शुक्ला फार्म हाउस में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच सुंदरकांड पाठ, विशेष पूजन एवं आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं सहित आसपास के क्षेत्रों से आए गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, उद्योगपतियों एवं पत्रकारों ने सहभागिता कर स्वर्गीय पदमा शुक्ला को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और उपस्थित लोगों ने आध्यात्मिक अनुभूति का अनुभव किया। कार्यक्रम के पश्चात सात्विक स्मृति भोजन का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गौरतलब है कि स्वर्गीय पदमा शुक्ला ने अपने जीवनकाल में सदैव गरीबों एवं जरूरतमंदों की सहायता करते हुए क्षेत्र के विकास हेतु अनेक जनहितकारी कार्य किए। उनके सामाजिक योगदान को लोग आज भी श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं। इस अवसर पर शैलेंद्र शुक्ला, शांतनु शुक्ला, पूनम शुक्ला, डॉ. शिवानी शुक्ला, अवधेश शुक्ला, दुर्गा प्रसाद बड़ोलिया विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी सहित अनेक समाजसेवी, उद्योगपति, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

फोटो :विकास गुप्ता



## आहना ने किया दो दिन के समर कैंप का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की समाज सेविकाओं ने लिटिल स्टार डांस अकेडमी में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों को इको फ्रेंडली गुल्लक वितरण किए गए। जिसका उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक और सचेत करने के साथ-साथ पैसे जोड़ने की भावना विकसित करना था। अहाना ग्रुप की समाज सेविकाओं ने इस दौरान गुल्लक डेकोरेशन करने के साथ फैमिली मेंबर्स की फोटो के लिए हैंडमेड फोटो फ्रेम भी बनवाए। इस दौरान लगभग 50 बच्चों ने हिस्सा लिया। समर कैंप के आखिरी दिन बच्चों को उपहार सहित गुल्लक और फोटो फ्रेम भेंट किए गए। समर कैंप में बच्चों को फ्रूटी बांटी गई साथ ही बच्चों के साथ केक कटिंग भी की गई। इस कार्यक्रम में आहना ग्रुप की अध्यक्ष वाणी गट्टाणी, निशा गुप्ता, वंदना गट्टाणी, स्वाति नायक, शालिनी बजाज, रश्मि राय, रेनुका गोयनका, शिखा गुप्ता, पूजा गुप्ता मौजूद रही।

फोटो :विकास गुप्ता

# ऑनलाइन सट्टा खिलाते दो आरोपी गिरफ्तार, मुख्य सरगना फरार

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, डॉ. संतोष डेहरिया एवं सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के नेतृत्व में माधवनगर पुलिस द्वारा ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। 18 मई को उप निरीक्षक योगेश मिश्रा को भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि हास्पिटल लाइन निवासी मुकेश उर्फ मुक्कू पोपटानी अपने साथियों के साथ ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालित कर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है। सूचना प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल टीम के साथ संयुक्त





रूप से रफी किदवई वार्ड स्थित दुबे कॉलोनी में गगन नाकरा के मकान पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान हास्पिटल लाइन माधवनगर निवासी मुकेश उर्फ मुक्कू पोपटानी तथा वराछा, जिला सूरत निवासी हितेश डायाभाई खूट पटेल को ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालित करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। दोनों आरोपी लैपटॉप एवं मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहे थे। पूछताछ में आरोपियों द्वारा सट्टा संचालन का कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके से आरोपियों के कब्जे से 07 मोबाइल फोन, 10 विभिन्न बैंकों की पासबुक, 19 एटीएम कार्ड, एक कैलक्युलेटर, एक लैपटॉप, जियो कंपनी का वाई-फाई राउटर, एक एटीएम स्वाइप मशीन, हिसाब-किताब की एक कॉपी एवं नगद 4,800 जप्त किए गए। जप्त सामग्री की अनुमानित कुल कीमत लगभग 2,50,000/- है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह अवैध ऑनलाइन सट्टा अपने मित्र एवं मकान मालिक गगन नाकरा के कहने पर संचालित कर रहे थे। मुख्य सरगना गगन नाकरा मौके से फरार पाया गया, जिसकी तलाश जारी है। आरोपीगण के विरुद्ध संबंधित धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मौके पर प्राप्त बैंक खातों की जानकारी संबंधित बैंकों से प्राप्त की जा रही है। प्रकरण में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता पाए जाने पर उनके विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी।

# गुजरात की नजरें टॉप-2 में जगह बनाने पर

## सीएसके के लिए बेहद अहम मुकाबला

अहमदाबाद (वार्ता)

आईपीएल 2026 में गुरूवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच सीज़न का 66वां मैच खेला जाएगा। जीटी की टीम प्लेऑफ़ के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है। अब वो चाहेंगे कि अपने इस आख़िरी लीग मैच को जीतकर 18 अंकों तक पहुंचा जाए, ताकि अंक तालिका में पहले या दूसरे स्थान पर फ़िनिश कर सकें। वहीं सीएसके के लिए यह करो या मरो वाला मैच है। अगर वह इस मैच को जीतते हैं तो फिर प्लेऑफ़ की उम्मीदें ज़िंदा रहेंगी। हालांकि तब भी उन्हें दूसरी टीमों की हार-जीत पर निर्भर रहना होगा। दोनों टीमों ने अभी तक 9 मैच आईपीएल में खेले हैं। जिसमें से पांच मैच जीटी ने जीते हैं और सीएसके ने चार मैच जीते हैं।



### सीएसके के ओपनर्स पर भारी पड़े हैं रबाडा और सिराज

सीएसके के ओपनर्स के सामने सबसे बड़ी चुनौती कगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज की होगी। इन दोनों ने इस सीज़न वैसे भी पावरप्ले में जबरदस्त गेंदबाज़ी की है और संजू सैमसन और ऋतुराज गायकवाड़ के खि़लाफ इनका रिकॉर्ड और भी शानदार रहा है। सिराज और गायकवाड़ आईपीएल में 8 बार आमने-सामने हुए हैं, जिसमें गायकवाड़ सिर्फ़ 84 रन ही सिराज के खि़लाफ़ बना पाए हैं और एक बार आउट हुए हैं। वहीं रबाडा ने टी20 में गायकवाड़ को 12 पारियों में तीन बार आउट किया है। इस दौरान गायकवाड़ 100 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ़ 71 रन ही रबाडा के खि़लाफ़ बना पाए हैं।

सैमसन के ख़िलाफ़ भी सिराज का रिकॉर्ड काफी बढ़िया रहा है। सिराज ने आईपीएल की आठ पारियों में तीन बार सैमसन को आउट किया है, जबकि इस दौरान सिराज के ख़िलाफ़ सैमसन 100 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 41 रन ही बना पाए हैं। वहीं रबाडा भी टी 20 में सैमसन के ऊपर भारी पड़े हैं। दोनों पांच बार टी 20 में आमने-सामने हुए हैं। इस दौरान सैमसन 132 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 37 रन ही बना पाए हैं और तीन बार रबाडा ने उन्हें पवेलियन की राह दिखाई है। जीटी के लिए उनके कप्तान शुभमन गिल और जॉस बटलर लय में हैं। पिछले मैच में भी इनके बीच अच्छी साझेदारी हुई थी। अगर इन्हें पवेलियन की राह दिखानी है तो फिर सीएसके को अकील हुसैन को खिलाना होगा, क्योंकि गिल और बटलर के खि़लाफ़ अकील का रिकॉर्ड शानदार रहा है। टी 20 में अकील ने गिल को छह पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि गिल इस दौरान 108 की स्ट्राइक रेट से 39 रन ही अकील के खि़लाफ़ बना पाए हैं। वहीं बटलर को अकील ने 16 पारियों में चार बार पवेलियन की राह दिखाई है। ऐसे में अगर अकील को अटैक पर लगाया जाता है तो फिर बटलर और गिल मुश्किल में आ सकते हैं। साई सुदर्शन इस सीज़न काफ़ी शानदार लय में हैं। वह ऑरेंज कैप जीतने के दावेदारों में हैं। वहीं सीएसके के खि़लाफ़ भी उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। सीएसके के ख़िलाफ़ साई सुदर्शन ने छह पारियों में 64.3 के शानदार औसत से 386 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 175 का रहा है। वह सीएसके के ख़िलाफ़ दो अर्धशतक और एक शतक भी लगा चुके हैं। इसका मतलब कि सीएसके को इस मैच में साई सुदर्शन से काफ़ी ज़्यादा सावधान रहना होगा। साई सुदर्शन ने पिछली चार पारियों में चार 50 स्कोर बनाए हैं। अगर वह इस मैच में एक और अर्धशतक लगा देते हैं तो फिर डेविड वॉर्नर, जॉस बटलर और वीरेंदर सहवाग के आईपीएल में लगातार पांच अर्धशतकीय पारी के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे।

### मिडिल ओवर्स में कारगर साबित हुए हैं जेसन होल्डर

जीटी के पास पावरप्ले में जहां रबाडा और सिराज हैं तो वहीं मिडिल ओवर्स में जेसन होल्डर जैसे गेंदबाज़ हैं। जबसे होल्डर आए हैं, जीटी की गेंदबाज़ी और भी ख़तरनाक हो गई है। होल्डर ने मिडिल ओवर्स में बल्लेबाज़ों को बांध कर रखा है। इसका अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि होल्डर ने आईपीएल 2026 में 7-16 ओवर्स के दौरान सिर्फ़ सात की इकॉनमी से रन दिए हैं और इस दौरान 9 विकेट भी चटकाए हैं। वहीं 17-20 ओवर के दौरान उन्होंने सिर्फ़ 5.8 की इकॉनमी से रन दिए हैं और चार विकेट लिए हैं। ओवरऑल इस सीज़न होल्डर ने सात पारियों में 13 विकेट चटकाए हैं और उनका इकॉनमी रेट सिर्फ 6.9 का रहा है। इससे अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि वह कितने ज़बरदस्त साबित हुए हैं।

# ऑरेंज कैप पर वैभव सूर्यवंशी का कब्जा

जयपुर (वार्ता)

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की ऑरेंज कैप की दौड में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच खेले गये मुकाबले में पहले मिचेल मार्श और फिर वैभव सूर्यवंशी ने कब्जा किया। मिचेल मार्श एक सप्ताह पहले सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजो की सूची में आसपास भी नहीं थे आरआर के खिलाफ 57 गेंदों पर 96 रनों की पारी और इससे पहले अपनी पिछली दो पारियों में 111 और 90 रन बनाकर वह 563 रनों के साथ इस सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। लेकिन वह शीर्ष स्थान पर अधिक देर नहीं रह पाए, क्योंकि अब नंबर वैभव सूर्यवंशी का था। वैभव सूर्यवंशी न एक बार फिर आक्रामक पारी खेली। सूर्यवंशी ने इसी सीजन जयपुर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 103 रनों की पारी खेली थी लेकिन आरआर वह मैच हार गई थी। हालांकि इस मुकाबले में सूर्यवंशी ने 38 गेंदों पर 93 रनों की पारी खेली और आरआर ने प्लेऑफ के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया। वैभव सूर्यवंशी ने धीमी शुरुआत की। लेकिन जल्द ही उनके बल्ले से बड़े शॉट्स आने लगे और मात्र 23 गेंदों पर उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। अपनी पारी के समापन के बाद सूर्यवंशी 579 रनों के साथ ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए और



563 रनों के साथ मार्श दूसरे स्थान पर खिसक गए। एसआरएच के हाइनरिक क्लासन अब तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने 555 रन बनाए हैं। इसके बाद गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) हैं। पर्पल कैप तालिका में इस सीजन एलएसजी के सबसे सफल गेंदबाज प्रिंस यादव लगातार तीसरे मुकाबले में एक भी विकेट हासिल नहीं कर पाए और उनके नाम अभी भी 16 विकेट हैं। लेकिन जोफा आर्चर ने आयुष बदोनी को पहली पारी में पवेलियन लौटाया और वह इस विकेट के साथ कुल 18 विकेट हासिल करते हुए पर्पल कैप की दौड़ में चौथे स्थान पर पहुंच गए। शीर्ष तीन स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार (24 विकेट), गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा (21 विकेट) और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज (20 विकेट) बरकरार हैं।

## तेलंगाना की तुलसी रेड्डी पालपुनूरी ने माउंट एवरेस्ट फतह किया

हैदराबाद (वार्ता)

कई लोगों के लिए, माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना सबसे बड़ा रोमांच होता है। लेकिन भारतीय पर्वतारोही तुलसी रेड्डी पालपुनूरी के लिए, यह हिम्मत, अनुशासन, खुद में बदलाव और लगन का एक ऐसा सफर बन गया, जिसने लोगों को प्रेरित किया। हैदराबाद, तेलंगाना के कुथबुल्लापुर मंडल के बोवरमपेट गांव की रहने वाली तुलसी रेड्डी पालपुनूरी ने सालों के अनुशासन, सहनशक्ति बढ़ाने वाली ट्रेनिंग और लगातार की गई तैयारियों के बाद, आखिरकार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर सफलतापूर्वक कदम रख दिया है। तुलसी की कहानी को जो बात सबसे ज़्यादा प्रेरित करने वाली बनाती है, वह यह है कि इसकी शुरुआत कितने आम तरीके से हुई थी। कभी खाने-पीने की शौकीन रहीं तुलसी, जो बस फिट रहना चाहती थीं, धीरे-धीरे जिम की कसरत और सेहतमंद जीवनशैली को सहनशक्ति वाले खेलों और पर्वतारोहण के अपने जुनून में बदलती चली गईं। समय के साथ, उन्होंने कई स्थानीय दौड़ें, बेहद मुश्किल आयरनमैन चैलेंज और दुनिया भर में कई ऊंची चोटियों पर चढ़ाई के अभियान पूरे किए।

# 25 वें ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए जोकोविच रौलां गैरो पहुंचे

पेरिस, (वार्ता)

पूर्व नंबर एक नोवाक जोकोविच रौलां गैरो के लिए पेरिस पहुंच गए हैं और इस सीजन के दूसरे बड़े टूर्नामेंट में अपनी 22वीं बार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को कोर्ट फिलिप-चैट्रियर पर अलेक्जेंडर ज़्वेरेव के साथ अभ्यास किया। सर्बियाई खिलाड़ी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले भी चर्चा का मुख्य केंद्र बने हुए हैं, क्योंकि वे रिकॉर्ड 25वां बड़ा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। जोकोविच, जिन्होंने हाल ही में रोम में मुकाबला किया था, इस क्ले कोर्ट सीजन में दूसरी बार खेलेंगे। पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में रोम में फिर से एक्शन में लौटे थे; मार्च में इंडियन वेल्स में जैक ड्रेपर से चौथे दौर में हारने के बाद से उन्होंने कोई मुकाबला नहीं खेला था। फोरो



इटालिको में, जोकोविच दूसरे दौर में डिनो प्रिज़्मिक से हार गए थे। लेकिन 101 बार टूर-स्तरीय खिताब जीतने वाले खिलाड़ी का ध्यान अब रौलां गैरो पर है, एक ऐसा टूर्नामेंट जहाँ उन्होंने अपने पूरे करियर में काफी सफलता हासिल की है। सर्बियाई खिलाड़ी तीन बार के चैंपियन हैं, जिन्होंने 2016, 2021 और 2023 में ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, जोकोविच क्ले-कोर्ट के इस बड़े टूर्नामेंट में सात बार फाइनल तक पहुंचे हैं और टेरे बैट्यू (क्ले कोर्ट) पर 101 जीत दर्ज की हैं। पिछले साल, जानिक सिनर से हारने के बाद सेमीफाइनल में उनका सफर खत्म हो गया था। जोकोविच इस साल के टूर्नामेंट में 7-3 के रिकॉर्ड के साथ उतर रहे हैं।

# लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय पहले राउंड में हारे

कुआलालंपुर (वार्ता)

मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय का कैंपेन बुधवार को खत्म हो गया, क्योंकि दोनों भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी कुआलालंपुर के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में अपने पहले राउंड के मैच हार गए। पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन, जो बैडमिंटन रैंकिंग में 11वें नंबर पर भारत के टॉप पुरुष सिंगल्स खिलाड़ी हैं, उन्हें पहले राउंड में इंडोनेशिया के ज़की उबैदिल्लाह ने सीधे गेम में 21-17, 21-11 से हरा दिया। दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी उबैदिल्लाह और सेन पहले गेम में 14-14 से बराबर थे, लेकिन इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने 43 मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस बीच, एचएस प्रणय, जिन्होंने 2023 में बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट जीता था, जापान के दुनिया के 9वें नंबर के खिलाड़ी कोडाई नाराओका के खिलाफ एक घंटे 20 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले के बाद बाहर हो गए। पहला गेम हारने के बाद, एचएस प्रणय ने एक मैच पॉइंट बचाकर एक निर्णायक गेम के लिए मजबूर किया, जिसमें भारतीय शटलर ने अपने चार मैच पॉइंट गंवाए और



आखिर में 17-21, 22-20, 22-24 से हार गए। थारुन मन्नेपल्ली ने भी बढ़त गंवा दी और चीनी ताइपे के वांग पो-वेई से 21-17, 14-21, 8-21 से हार गए, जबकि किरण जॉर्ज को फ्रांस के सातवें सीड एलेक्स लैनियर - दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी - के खिलाफ मैच के बीच में ही रिटायर होना पड़ा। इन हार के साथ मलेशिया में भारत का पुरुष सिंगल्स अभियान खत्म हो गया। मालविका बंसोड़ ने जर्मन ओलंपियन यवोन ली को ठीक एक घंटे में 21-17, 16-21, 21-9 से हराकर महिला सिंगल्स में भारत की दिलचस्पी बनाए रखी। अश्मिता चालिहा, क्वालिफायर से आगे बढ़कर, इंडोनेशिया की थलिता रामाधनी विर्यावान पर 21-16, 21-13 से जीत के साथ दूसरे राउंड में पहुंच गईं। वहीं, अनमोल खरब को डेनमार्क की आठवीं सीड लाइन होजमार्क केजर्सफेल्ड के खिलाफ करीबी मुकाबले में 21-13, 16-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। तान्या हेमनाथ को चीनी ताइपे की हुआंग चिंग पिंग से 21-19, 21-7 से हार का सामना करना पड़ा। तन्वी शर्मा को थाईलैंड की पिचामोन ओपटनिपुथ के खिलाफ 21-10, 21-19 से हार का सामना करना पड़ा। इशारानी बरुआ को भी डेनमार्क की पांचवीं सीड लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ 17-21, 21-14, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। देविका सिहाग का मुकाबला आज दिन में रिपब्लिक ऑफ कोरिया की पार्क गा यून से होगा। विमेंस डबल्स में, रुतपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा की जापान की दूसरी सीड रिन इवानागा और की नाकानिशी - दुनिया की नंबर 7 जोड़ी - से 21-7, 21-6 से हार के साथ बैडमिंटन कैटेगरी में भारत की चुनौती खत्म हो गई। अश्विनी भट के/शिखा गौतम मंगलवार को बाहर हो गईं। इस बीच, मिक्स्ड डबल्स में, सात्विक रेड्डी कनापुरम/राधिका शर्मा स्कॉटलैंड के एलेक्जेंडर डन और जूली मैकफर्सन को 16-21, 21-14, 21-18 से हराकर आगे बढ़े। अशीथ सूर्या/अमृता प्रमुथेश इंडोनेशिया की बॉबी सेतियाबुडी और मेलाती डेवा ओक्टावियांती की जोड़ी से 21-13, 21-18 से हार गए। रोहन कपूर/रुथविका शिवानी गड्डे दिन में बाद में अमरी स्याहनावी और नीता वायोलिना मारवाह से खेलेंगे। पीवी सिंधु और सात्विक-चिराग इस साल बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले रहे हैं।

## रुपया 97 प्रति डॉलर के करीब

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया बुधवार को 16 पैसे टूटकर 96.86 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।सुबह कारोबार शुरू होने के कुछ देर बाद ही रुपया 97 प्रति डॉलर के एकदम करीब पहुंच गया था। यह पहली बार 96.9575 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गया था। पिछले कुछ दिनों से भारतीय मुद्रा लगातार नये निचले स्तर का रिकॉर्ड बना रही है। मंगलवार को यह 50 पैसे लुढ़ककर 96.70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज 19 पैसे नीचे 96.89 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। कुछ ही देर बाद 96.9575 रुपये प्रति डॉलर तक उतरने के बाद इसमें कुछ सुधार हुआ एक समय यह 96.65 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत भी हुआ था, लेकिन अंत में लाल निशान में बंद हुआ। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में करीब 0.1 प्रतिशत की तेजी से रुपये पर दबाव रहा। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार से पैसा निकालने से भी भारतीय मुद्रा कमजोर हुई है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में दो फीसदी से अधिक की गिरावट से रुपये को समर्थन मिला।

# यूरोबैंक मुंबई में खोलेगा कार्यालय

**मुंबई (वार्ता)।** पांच यूरोपीय देशों में कारोबार करने वाला यूरोबैंक गुरुवार को मुंबई में अपना प्रतिनिधि कार्यालय खोलेगा। यह भारत में किसी ग्रीस और साइप्रस के बैंक की पहली भौतिक उपस्थिति होगी। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडिस भी उद्घाटन समारोह में मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में यूनान , साइप्रस और भारत के वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधि, कारोबारियों और सरकारी अधिकारियों के शामिल



होने की संभावना है। यूरोबैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फोकियन करावियास ने बुधवार को यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि बैंक अपने भारतीय कार्यालय के उद्घाटन को लेकर बहुत उत्साहित है। इसे भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार, निवेश और वित्तीय संबंधों को मजबूत करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा माना जा रहा है, विशेष रूप से उभरते भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे और हाल ही में तेज हुई भारत-ईयू आर्थिक भागीदारी के संदर्भ में। यूरो बैंक यूनान , साइप्रस, लग्जमबर्ग, बुल्गारिया और ब्रिटेन में परिचालन करता है। श्री करावियास ने कहा, हम भारत में भौतिक उपस्थिति स्थापित करने वाले पहले ग्रीक और साइप्रस बैंक बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुंबई कार्यालय व्यापारिक संबंध बनाने, निवेश आकर्षित करने और यूरोप में विस्तार करने की इच्छुक भारतीय कंपनियों को समर्थन देने का केंद्र बनेगा।

## आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन अप्रैल में 1.7 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली (वार्ता)** देश में आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन सूचकांक में गत अप्रैल में साल-दर-साल 1.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। यह इस साल मार्च के 1.2 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल के एक प्रतिशत से अधिक है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2026 में बिजली, इस्पात और सीमेंट उद्योगों में अच्छी मजबूती देखने को मिली जबकि रिफाइनरी उत्पादों, कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और उर्वरकों के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गयी। बिजली उत्पादन 4.1 प्रतिशत, इस्पात का उत्पादन 6.2 प्रतिशत और सीमेंट का 9.4 प्रतिशत बढ़ा है। कोयला उत्पादन 8.7 फीसदी, रिफाइनरी उत्पादों का 0.5 प्रतिशत, कच्चे तेल का उत्पादन 3.9 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का 4.3 प्रतिशत और उर्वरकों का 8.6 प्रतिशत घट गया।



## देश का टॉफी निर्यात 12 साल में 166 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली (वार्ता)

मेलोडी पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच छिड़ी बहस के बीच वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को बताया कि पिछले 12 साल में देश का टॉफी निर्यात (रुपये में) 166 प्रतिशत बढ़ा है। साझा किये गये आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2013-14 में टॉफी का निर्यात 49.68 करोड़ रुपये था जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 132 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस प्रकार इसमें लगभग 166 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि ये आंकड़े रुपये में जारी किये गये हैं जिस कारण इस वृद्धि में बड़ा योगदान डॉलर के मुकाबले रुपये में पिछले 12 साल में आयी गिरावट का भी है। श्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में ये आंकड़े साझा करते हुए लिखा कि वैश्विक बाजार में भारतीय टॉफी की मांग बढ़ रही है और



मेड इन इंडिया टॉफी की मिठास दुनिया को लुभा रही है। उल्लेखनीय है कि ये आंकड़े तब जारी किये गये हैं जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक वीडियो में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने दिखाया है कि श्री मोदी ने उन्हें पारले कंपनी की मेलोडी टॉफी का एक पैकेट उपहार में दिया है। उनके इस वीडियो पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसे नेतृत्व नहीं नौटंकी करार दिया है और आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री को देश के सामने मंडरा रहे आर्थिक तूफान की चिंता नहीं है।

# शुरुआती गिरावट से उबरे शेयर बाजार

नयी दिल्ली (वार्ता)

ऑटो और बैंकिंग कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए अंत में बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 117.54 अंक (0.16 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 75,318.39 अंक पर पहुंच गया। बाजार में आज 877 अंक का उतार-चढ़ाव रहा। बीच कारोबार में सेंसेक्स नीचे 74,529 अंक और ऊपर 75,406 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 41 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 23,659 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार भी सुबह लाल निशान में रहने के बाद में हरे निशान में चला गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.49 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक



0.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। तेल एवं गैस, ऑटो, बैंकिंग और रियलटी सेक्टरों में तेजी रही जबकि मीडिया, एफएमसीजी और आईटी सेक्टर दबाव में रहे। एनएसई में जिन 3,372 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,720 के शेयर हरे निशान में और 1,542 के लाल निशान में रहे। अन्य 100 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 से 15 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे ज्यादा 2.83 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.29 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.01 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इंडिगो, ट्रेंट, अडानी पोर्ट्स,पावरग्रिड और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी मजबूती रही। बीईएल में 2.30 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। टेक महिंद्रा का शेयर 1.85 प्रतिशत, इटरनल का 1.52, टाटा स्टील का 1.08 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.03 प्रतिशत टूटा। आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.23 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत उतर गया।

# ग्रामीण विकास में रोजगार सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. मोहन यादव

### जंबूरी मैदान, भोपाल में हुआ ग्राम रोजगार सहायकों का राज्य स्तरीय महासम्मेलन

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्राम रोजगार सहायक ग्रामीण विकास और ग्राम को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनकी भूमिका हनुमान की तरह होती है। राज्य सरकार ग्राम रोजगार सहायकों के हित संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भोपाल के जंबूरी मैदान में हुए ग्राम रोजगार सहायकों के राज्य स्तरीय महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रोजगार सहायक प्रदेश की ग्राम पंचायतों में विकास की मुख्य धुरी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के डिजिटल भारत के स्वप्न को साकार करने ग्राम रोजगार सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। ग्राम रोजगार सहायक इस महत्वपूर्ण कार्य के सारथी हैं।

**सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग में आगे हैं ग्राम सहायक**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। उन्होंने ग्राम स्वराज का सपना देखा था। हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी ने डीबीटी व्यवस्था को लागू कर इसे लोकप्रिय बनाया है। हितग्राहियों तक योजनाओं की राशि पहुंचाने का कार्य इस पद्धति से हो रहा है। जिसका श्रेय रोजगार सहायकों और पंचायत सचिवों को जाता है। शासन और जनता के लिए कार्य करते हुए यही वर्ग अपनी बुद्धि, पराक्रम, पुरूषार्थ और कुशलता से समाज को आदर्श रूप में दिखाई देता है। अनेक असंभव कार्य भी वे कर दिखाते हैं। इस नाते जमीनी स्तर पर उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। समाज के निर्धन और जरूरतमंद व्यक्ति जो समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े हैं, उन्हें लाभान्वित करने में अपनी भूमिका निभाते है।



**गरीब कल्याण में ग्राम सहायकों की महत्वपूर्ण है भूमिका**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी महिला, किसान, युवा और गरीबों के हित को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहे हैं। ग्राम सहायकों की भूमिका भी इन वर्गों के विकास में पुरुषार्थ के रूप में समाज को आदर्श रूप में दिखाई देती है। ग्राम सहायक और पंचायत सचिव युक्ति और बुद्धि का उपयोग कर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे–वीबी जी–राम–जी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन) के क्रियान्वयन और जनता की विभिन्न समस्याओं का समाधान का रास्ता निकालते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर गेहूं उपार्जन कार्य में भी ग्राम सहायकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए घोषणा की कि प्रदेश में जिन किसानों के उपार्जन के लिए स्लॉट 23 मई तक बुक थे। उन किसानों के लिये आवश्यकतानुसार उपार्जन कार्य 28 मई तक बढ़ाने का प्रबंध किया जायेगा।

**जल गंगा संवर्धन के अच्छे परिणाम लाने में जुटे हैं ग्राम सहायक**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यो में अग्रणी है। प्रदेश को ग्राम सहायकों के परिश्रम से इस कार्य में प्रथम स्थान आने का यश मिला है। कुओं, बावड़ियों, तालाबों और नदियों को उपयोगी बनाने, आम जनता को पानी बचाने और जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहे ग्राम सहायक निष्ठा से कार्य कर रहे हैं।

**ग्राम सहायकों की चिंता करेगी राज्य सरकार**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्राम सचिवों के मानदेय बढ़ाने और उन्हें अन्य सुविधायें प्रदान करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार पूरी चिंता करते हुए आवश्यक कदम उठाएगी। पूर्व में भी पारिश्रमिक दोगुना करने का निर्णय लिया जा चुका है। ग्राम सहायकों के हित में और संगठन के पदाधिकारियों के परामर्श से बैठक में विचार–विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिया जायेगा।

**दुर्घटना का शिकार हुए परिवारों को आर्थिक सहायता की घोषणा**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस महासम्मेलन के लिए भोपाल आ रहे दो ग्राम सहायक श्री मीणा और श्री लखन के दुर्घटना में असामयिक देवलोक गमन का समाचार पीड़ादायक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए, दोनों के परिजन को 10–10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसके साथ ही गंभीर घायल को 1 लाख रुपये और अन्य सामान्य घायलों को समुचित उपचार के लिए 50–50 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की।



# कौशल प्रशिक्षण से बढ़ रहा बेटियों का आत्मविश्वास

### आत्मनिर्भर जीवन की ओर बढ़ रहे कदम

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश की बेटियां अब आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की योजनाएं उन्हें कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार के बेहतर अवसर दे रही हैं। यही कारण है कि बड़ी संख्या में महिलाएं अब तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़ रही हैं। कौशल प्रशिक्षण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। प्रदेश की बेटियां राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। शासकीय महिला आईटीआई बैतूल की प्रशिक्षणार्थी सुश्री त्रिशा तावड़े ने राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद परीक्षा में सेंट्रल ज़ोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया ट्रेड टॉपर्स में मध्यप्रदेश के 10 प्रतिभागियों में 5 बेटियाँ शामिल रहीं। प्रदेश में 934 आईटीआई हैं। इनमें 290 शासकीय और 644 निजी आईटीआई शामिल हैं। इन संस्थानों में युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुसार कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सत्र 2025 में शासकीय आईटीआई में 94.55 प्रतिशत प्रवेश हुआ। यह अब तक का सर्वाधिक प्रवेश प्रतिशत है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए शासकीय आईटीआई में 35 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। इसका अच्छा परिणाम दिखाई दे रहा है। प्रदेश की आईटीआई में वर्तमान में 71 आधुनिक ट्रेड्स में 15 हजार से अधिक महिला प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), स्टेनोग्राफर हिन्दी और इलेक्ट्रिशियन जैसे ट्रेडों में बड़ी संख्या में बेटियाँ प्रशिक्षण ले रही हैं। यह बदलते माहौल और बेटियों के बढ़ते आत्मविश्वास को दर्शाता है।

# सजगता, सहयोग और सावधानी से सिकल सेल उन्मूलन संभव : पटेल



### राज्यपाल द्वारा सिकल सेल-एनीमिया जांच मशीन गजेल लोकार्पित

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर आनुवांशिक बीमारी के उन्मूलन में जागरूकता और जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। समय पर जांच और समुचित उपचार से रोग को नियंत्रित किया जा सकता है। जानकारी के अभाव में यह बीमारी माता–पिता से बच्चों तक पहुंच जाती है, लेकिन सजगता, सहयोग और सावधानी से इसका उन्मूलन संभव है। राज्यपाल श्री पटेल बुधवार को बैतूल के भीमपुर में सिकल सेल स्वास्थ्य शिविर एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री दुर्गादास उईके भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को सिकल सेल मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही हैं। देशभर में लगभग 7 करोड़ से अधिक स्क्रीनिंग की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आज का आयोजन इसी दिशा में मजबूत कदम है।

राज्यपाल श्री पटेल ने बैतूल जिले में सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों की सराहना की। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास के संकल्प से सिकल सेल उन्मूलन का आह्वान किया।राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कोई भी बच्चा सिकल सेल से प्रभावित नहीं हो। इसके लिए विवाह से पूर्व लड़का और लड़की के स्वास्थ्य कार्ड का मिलान अवश्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन के लिए एलोपैथी, आयुर्वेद और होम्योपैथी में शोध एवं उपचार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल और टी.बी. मरीजों को तैलीय एवं फास्ट फूड नहीं खाने, पौष्टिक आहार लेने, नियमित व्यायाम करने तथा अनुशासित जीवन शैली अपनाने की सलाह दी। राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बैगा, सहरिया और भारिया जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना, जनजातीय ग्रामों की अधोसंरचना विकास और मूलभूत सुविधाओं की दृष्टि से अभूतपूर्व है। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों का मानचित्र तैयार कर सरकार के प्रयासों को आवश्यकताओं के अनुरूप पहुँचाने के निर्देश दिए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि शिक्षा ही प्रगति और सफलता का सबसे बड़ा माध्यम है। बेटियों को प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक समान अवसर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए।



### गुरुदेव के जन्म दिवस पर सेवा का संदेश जिला अस्पताल में फल वितरण

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** रसिक संत किशोर दास महाराज के जन्मदिवस के पावन अवसर पर शासकीय जिला अस्पताल में सेवाभाव से ओतप्रोत एक सराहनीय पहल की गई। इस अवसर पर युवा साथियों ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों एवं बच्चों के बीच फल एवं बिस्कुट का वितरण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना और गुरुदेव के आदर्शों को जनजन तक पहुंचाना रहा। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को भी फल वितरित कर सेवा का संदेश दिया गया। इस सेवा कार्य में भाजपा जिला मंत्री भारत यादव, नैतिक रजक, नैतिक वाल्मीकि, नैतिक पाठक, हरिओम, तनु पटेल, अंकुर नामदेव, गौरव रजक, गोलू भैया सहित समस्त युवा साथियों की अहम भूमिका रही।

# अगले पांच साल तक जारी रहेगी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

### लाखों किसानों को मिलेगा लाभ

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** किसान कल्याण वर्ष में मध्यप्रदेश के किसानों को बडा तोहफा देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को अगले पांच साल तक जारी रखने का फैसला लिया है। योजना के प्रभावी क्रि?यान्वयन के लिये मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में 11608.47 करोड़ रूपये स्वीकृत किये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से फसल क्षति होने पर किसानों को सहायता देने योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन, फसल स्थिति और उपज निर्धारण में तकनीकी के उपयोग में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। वर्ष 2023–24 में 35.18 लाख कृषक आवेदनों पर राशि रूपये 961.68 करोड़ का दावा भुगतान किया गया। वर्ष 2024–25 में 35.56 लाख कृषक आवेदनों पर राशि रूपये 275.86 करोड़ का दावा भुगतान किया गया। प्रदेश में वर्ष 2016 से किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिल रहा है।



योजना में भागीदार किसानों को फसल नुकसान या क्षति होने पर वित्तीय सहायता मिलती है। खरीफ मौसम में बीमित राशि का 2 प्रतिशत, रबी मौसम में 1.5 प्रतिशत अधिकतम प्रीमियम किसानों द्वारा देय होता है। किसानों द्वारा देय प्रीमियम और बीमांकित प्रीमियम की दर के अंतर को सामान्य प्रीमियम सब्सिडी की दर माना जाता है। इसकी भागीदारी केन्द्र और राज्य द्वारा बराबर वहन की जाती है।



### नवोदय वार्ड में गहराया जल संकट

**20 दिनों से नहीं पहुंचा पानी, टैंकर सप्लाई नाकाफी**

**हटा (स्वतंत्र मत)।** नगर के नवोदय वार्ड में इन दिनों भीषण जल संकट बना हुआ है। वार्डवासियों का आरोप है कि पिछले करीब 20 दिनों से नियमित जल सप्लाई बंद हैए जिससे लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका द्वारा टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा है लेकिन यह व्यवस्था जरूरत के मुकाबले नाकाफी साबित हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड में 30 से अधिक परिवार निवासरत हैं जबकि एक टैंकर पानी से सभी की जरूरत पूरी होना संभव नहीं हो पा रहा है। सुबह से ही लोग अपने घरों के सामने बर्तन और कुप्पे रखकर टैंकर का इंतजार करते हैं लेकिन टैंकर पहुंचते ही महज पांच मिनट में खाली हो जाता है। ऐसे में जिसे जितना पानी मिल पाता हैए उसी में गुजारा करना पड़ रहा है। वार्ड निवासी शकीला बी और बहिदन बी ने बताया कि पिछले 20 दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है जिससे घरेलू कामकाज और पीने के पानी की समस्या गंभीर हो गई है।

### राजपूत क्षत्रिय समाज के मेधावी छात्र होगें सम्मानित

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** 17 जून को वीरशिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती पर स्व. हरि सिंह हजारी एवं श्रीमती श्याम बाई हजारी की स्मृति में राजपूत क्षत्रिय समाज के ऐसे मेधावी छात्र जिन्होनें इस वर्ष कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में 80 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त किये है उन्हें कार्यक्रम में सम्मानित किया जावेगा। ऐसे राजपूत क्षत्रिय समाज के मेधावी छात्र अपनी अंक सूची राकेश सिंह हजारी फुटेरा वार्ड 2, लक्ष्मण सिंह राजपूत पुराना थाना, बबलू ठाकुर जबलपुर नाका, धीरज सिंह परिहार हिनौता वालों के पास 30 मई तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

क्रमांक-का.से./2026-27/75 दिनांक 18/05/2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभाग क्रमांक 3 वार्ड क्रमांक 9 (दादा बाबूराय परांजपे वार्ड) अंतर्गत मौजा कटंगा प.ह.नं. 06 खसरा नं. 40/1 कुल रकबा 0.53 हेक्टेयर (5300 वर्गमीटर) भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास (KHANA HIGH LIFE PHASE-II) की अनुमति हेतु विकासकर्ता / कालोनाईजर मेसर्स कान्हा निर्माण पार्टनर श्री रामरतन यादव पिता स्व. श्री ईश्वरी प्रसाद यादव पता 3018/ए, आदर्श नगर, नर्मदा रोड़, जबलपुर कालोनाईजर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरुद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है--

**बंधक सम्पति का विवरण- भूखंड क्रमांक- 1, 2, 3, 4 कुल 04 नग क्षेत्रफल 413.42 वर्गमीटर**

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं बंधक मुक्ति करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

**प्रभारी कॉलोनी सेल**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 20/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रीता यादव पत्नी श्री तुलसी यादव ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंतीबाई के भवन क्रमांक दुर्गा नगर भटौली सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000380225 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 595 व.फु. सीमेन्ट शीट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र अनु. विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती चंद्रकला चौधरी पति आनंद चौधरी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 20/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संतोष कुमार पटेल पिता जानकी प्रसाद पटेल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक दुर्गा नगर भटौली पारस किराना के आगे सम्पत्ति के पिन क्रमांक 7003287897 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 400 व.फु. सीमेन्ट शीट जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र अनु. विक्रय प्रत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री जयकिशन पटेल पिता नारायण प्रसाद पटेल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 20/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सोमिन्दर कुमार कनोजिया पिता स्व. राजकुमार कनोजिया ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मीबाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 25 का भाग रानी लक्ष्मीबाई सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000381556 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 972 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति बीना कनोजिया पति स्व. राजकुमार कनोजिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 20/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जय प्रकाश पिल्लई पिता वेणु गोपाल स्वामी ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मीबाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 151 निरमन नगर कजरवारा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 100441534 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1600 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राजेश कुमार शर्मा पिता राजबली शर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी, जबलपुर

रा.प्र.क्र./ 0404/अ-6/2026-27

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमति अलका यादव पति स्व. विनोद कुमार यादव निवासी मकान नं. 19 नवल होम्स अभिनंदन कालोनी जबलपुर द्वारा ग्राम तिलहरी प.ह.नं. 23 नं.बं. 231 ख.नं. 107/4, 107/36 रकबा 610 हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/ वसीयतनामा/ सहमति/पत्र/फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्रात दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 19/05/2026 को जारी

जारी दिनांक : 19/05/2026
पेशी दिनांक : 25/05/2026

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रांझी जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 20/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मनोरमा यादव पति श्री विजय कुमार यादव ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मीबाई के भवन क्रमांक हल्का नं. 23 प्लाट नं. 60 खसरा नं. 19/3 कृष्ण कालोनी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000387880 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 900 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री मनीष कुमार पिता पारस नाथ यादव,श्रीमति उषा कुमार पत्नी मनीष कुमार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 20/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति ज्योति गुप्ता पत्नी जितेन्द्र गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक पी. 30 ख.नं. 399 का भाग चैतन्य सिटी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004582800 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1177 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/श्रीमती संतोष कुमारी पिता/पति राम नरेश यादव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 20/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री (1) शिविर अग्रवाल (2) रितेश अग्रवाल (3) रिचा अग्रवाल (4) ऋतु अग्रवाल पिता कृष्ण कुमार अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक दुकान नं. 32,32 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398228 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल मेजनाइन 700 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 360 व.फु. / 360 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र त्याग पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल पिता राम किशोर अग्रवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 20/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुश्री निधि कुमारी पिता स्व. श्री उमेश कुमार विश्वकर्मा ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक मं.नं. फ्लेट नं. 7/6 फर्स्ट फ्लोर 06 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398804 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित प्रथम तल 700 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज सरोज दीवान स्व. श्री आदर्श वर्धन दीवान का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 20/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री किशोर कुमार चौरसिया पिता श्री भैयालाल ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मीबाई के भवन क्रमांक फ्लेट नं. 503 राजुल एक्जोटिका कजरवारा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 9000229309 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित द्वितीय तल पांचवी मंजिल 1613 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती आशा शुक्ला पति सुधीर चंद्र शुक्ला का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर



**➤ विभिन्न मुद्दों को लेकर व्यापारियों ने की चर्चा**

## सराफा एसोसिएशन सिहोरा की नई कार्यकारणी ने ली शपथ

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सराफा एसोसिएशन सिहोरा-खितौला के तत्वावधान में त्रिआयामी कार्यक्रम का आयोजन रुकमणी पैलेस में किया गया जिसमे व्यापारिक एकता, संगठन सशक्तिकरण, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण और व्यापार वृद्धि संगोष्ठी जैसे महत्वपूर्ण पड़ाव संपन्न हुए। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के सचिव आशीष सोनी द्वारा किया गया, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रहा। मुख्य अतिथि राजा सराफा, नवीन सराफ, अमित अग्रवाल, ओम सोनी, महेंद्र ओसवाल, केके सुहाने, विवेक अग्रवाल रहे।

**➤ 5 ज्योतिर्लिंग और द्वारकाधीश मंदिर का कराएगी दर्शन**

## मध्यप्रदेश के शहरों से गुजरेगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो दिनांक 11 जुलाई को रीवा शहर से 5 ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारकाधीश मंदिर एवं एलोरा यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, शुजालपुर एवं उज्जैन स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। इस यात्रा में द्वारका, सोमनाथ, भीमाशंकर, त्रिम्ब्केश्वर, घृष्णेश्वर एवं एलोरा के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा।









# ई-फार्मेसी के विरोध में सड़कों पर उतरे दवा व्यापारी

**ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ केमिस्टों की देशव्यापी हड़ताल, अस्पतालों और जन औषधि केंद्रों पर खुली रहीं दुकानें**

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ऑनलाइन दवा बिक्री और ई-फार्मेसी के बढ़ते चलन के विरोध में बुधवार को केमिस्ट संगठनों द्वारा बुलाई गई देशव्यापी हड़ताल का जबलपुर में व्यापक असर देखने को मिला। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान और मध्य प्रदेश केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के समर्थन से शहर के लगभग 2000 पारंपरिक मेडिकल स्टोर पूरी तरह बंद रहे। हालांकि, आपातकालीन स्थिति और मरीजों की सुविधा को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने पहले ही मोर्चा संभाल लिया था।

### जनस्वास्थ्य और बिना जांच दवा बिक्री पर उठाए सवाल

हड़ताल पर उतरे केमिस्ट संगठनों का आरोप है कि कई ऑनलाइन ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म बिना किसी पुख्ता जांच-पड़ताल और एक्सपायर हो चुके (पुराने) पर्चों के आधार पर धड़ल्ले से दवाएं घर पहुंचा रहे हैं। संगठनों का तर्क है कि इससे न सिर्फ गलत दवाओं के सेवन और उनके दुरुपयोग का खतरा बढ़ रहा है, बल्कि यह सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। पारंपरिक मेडिकल स्टोर संचालकों के मुताबिक, दुकानों पर दवा देने से पहले पर्चे की वैधता और मरीज की जरूरत का उचित परीक्षण किया जाता है, जो ऑनलाइन व्यवस्था में पूरी तरह गायब है।

### प्रशासन मुस्तैद, जरूरी सेवाएं रहीं बहाल

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों को दवाओं के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन ने पहले से ही चाक-चौबंद व्यवस्था कर रखी थी। हड़ताल के दौरान शासकीय एवं निजी अस्पतालों में संचालित दवा दुकानें, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र, अमृत फार्मेसी जैसे आवश्यक केंद्रों को पूरी तरह चालू रखा गया। प्रशासन द्वारा की गई इस वैकल्पिक व्यवस्था के कारण गंभीर और आपातकालीन श्रेणी के मरीजों को जरूरी दवाएं समय पर उपलब्ध हो सकीं, जिससे शहर में किसी बड़ी अप्रिय स्थिति या गंभीर संकट को टलते देखा गया। हालांकि, आम दिनों की तुलना में निजी मेडिकल स्टोर बंद होने से आम नागरिकों को सामान्य दवाएं खरीदने में थोड़ी मशक्कत जरूर करनी पड़ी।

# झुलसा देने वाली गर्मी से हर कोई हलाकान

### जबलपुर में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, 44.9 डिग्री पहुंचा तापमान

जबलपुर (स्वतंत्र मत।

संस्कारधानी जबलपुर इस समय भीषण और झुलसाने वाली गर्मी की चपेट में है। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री बढ़कर 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस तीव्र तपन और चिलचिलाती धूप के कारण आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं, न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य के आसपास ही बना हुआ है। मौसम विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो इस वर्ष गर्मी ने पिछले साल का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। पिछले वर्ष आज ही के दिन जबलपुर का अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस था। यानी पिछले साल की तुलना में इस बार पारा लगभग 4 डिग्री सेल्सियस अधिक ऊपर चढ़ चुका है।

#### सूखे मौसम और कम आर्द्रता ने बढ़ाई मुसीबत

पिछले 24 घंटों में क्षेत्र में बारिश पूरी तरह शून्य रही है। हालांकि, इस सीजन में अब तक कुल 33.7 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो पिछले साल इस समय तक हुई 13.8 मिमी बारिश से अधिक है। इसके



बावजूद, हवा में आर्द्रता (नमी) का स्तर गिरकर मात्र 28 प्रतिशत पर आ गया है। पश्चिमी दिशा से आ रही 3 से 4 किमी प्रति घंटे की धीमी और सूखी हवाओं ने वातावरण में सूखापन और बेचैनी बढ़ा दी है। सुबह 11 बजते ही सूर्यदेव के तेवर इतने तीखे हो जाते हैं कि दोपहर के समय सड़कों पर अघोषित कर्फ्यू जैसा नजारा दिखने लगता है। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में लोगों को गंभीर लू की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

# सांसद आशीष दुबे ने किया ग्रामीण इलाकों का दौरा



जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।

जबलपुर लोकसभा सांसद आशीष दुबे ने पाटन विधानसभा अंतर्गत मझोली पूर्व मंडल के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर ग्रामीण क्षेत्रों की विकास संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की। अपने प्रवास के दौरान सांसद दुबे ने मड़ई, छपरा, पहरुआ, बरगी, मोहला, धनगवां, महगवां, खलरी, डूंडी, हरदुआ, बरखेड़ा, दिनारी खमरिया, गौरहा एवं गंजताल ग्राम पंचायतों में पहुंचकर स्थानीयजनों, किसानों, महिलाओं एवं युवाओं से संवाद किया। प्रत्येक स्थान पर स्थानीय समस्याओं एवं विकास कार्यों से संबंधित सुझाव व जानकारी प्राप्त की। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में गांव,गरीब,किसान और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रवास के दौरान राजेश दाहिया,रामकृष्ण पटेल,कमलेश पटेल,प्रमोद मिश्रा, नरेंद्र पटेल, विनय असाटी, आशीष पटेल, अल्का गर्ग, नीलू बाजपेयी, अंकित तिवारी, रवि यादव, सुमित मिश्रा,विवेक पटेल सहित भाजपा परिवारजन एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे।

# संगठनात्मक मजबूती और जनसमस्याओं को लेकर बनी रणनीति

**कुंडम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

स्थानीय सामुदायिक भवन कुंडम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करने के साथ-साथ जनहित से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यविभाजन, मंडलम कमेटियों के गठन तथा मंडलम अध्यक्षों द्वारा पंचायत कमेटियों में बैठकर बीएलए-2 सत्यापन कार्य को गति देने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र में गांव-गांव बिक रही अवैध शराब, पैर पसारते जुआ-सट्टा और किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आक्रोश



व्यक्त किया गया। इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने पंचायत, मंडलम, तहसील और जिला स्तर पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने की रणनीति बनाई है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, विधानसभा प्रभारी महेंद्र जैन, ब्लॉक प्रभारी समलू दादा, रामकुमार सैयाम, ब्लॉक अध्यक्ष विपिन जायसवाल, मुन्ना मरावी, सुकीर्ति त्रिपाठी, दीपेंद्र मरकाम, धर्मसिंह मरावी, मनीष सोनी, मंडलम अध्यक्ष गौरी बाई, ओमकार सिंह मसराम, देवराज मार्को, लाल सिंह मरावी, आशीष साहू, रिंकू साहू, प्रह्लाद झरिया, राजकुमार साहू, अनूप सिंह परस्ते, हर्षित नायक, टी.एस. मार्को, मंगल सिंह धुर्वे, लोटन सिंह मार्को, मनसुख परस्ते, अच्छेलाल कुंजाम और शाहमेन भाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। नेताओं ने साफ किया कि जनसमस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा और किसानों व आम जनता के हक की लड़ाई के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा।

## कई थानों और चौकियों के प्रभारी बदले

**महिला पुलिस अधिकारियों को मिली फील्ड की कमान**



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर की कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने देर रात जिले के कई थाना और चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में तत्काल प्रभाव से बदलाव कर दिया है। इस अचानक हुई प्रशासनिक सर्जरी से पूरे पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। इस फेरबदल में सबसे बड़ा और चौंकाने वाला बदलाव शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील माने जाने वाले सिविल लाइन थाने में देखने को मिला है। यहाँ पदस्थ थाना प्रभारी पूर्वा चौरसिया को तत्काल प्रभाव से हटाकर लाइन हाजिर (लाइन अटैच) कर दिया गया है। वहीं, पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल पर भरोसा जताते हुए उन्हें सिविल लाइन थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, निरीक्षक अनिल पटेल को विजय नगर थाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसपी सम्पत उपाध्याय की इस नई सूची में महिला पुलिस अधिकारियों को फील्ड में आगे लाने का साफ संदेश दिखाई दे रहा है। महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र माने जाने वाले चरगवां थाने की कमान महिला टीआई सरोजिनी को सौंपी गई है।

# ट्रक के कुचलने से युवक की मौत

### गुस्साए लोगों ने किया पथराव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन स्थित नित्य गोपाल मंदिर के पास पैदल जा रहे युवक घनश्याम पटेल को ट्रक ने टक्कर मारकर कुचल दिया. हादसे में घनश्याम के सिर व चेहरे पर गंभीर चोटें आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक रुक गया, गुस्साए लोगो ने पथराव किया तो चालक ट्रक लेकर भाग निकला। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चौधरी मोहल्ला पाटन निवासी घनश्याम



विश्वकर्मा पैदल अपने घर की ओर जा रहा था। इस दौरान शहपुरा की ओर से आए ट्रक क्रमांक यूपी 78 डीटी 0425 के चालक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगते ही घनश्याम उछलकर सामने की ओर गिरा, जिसे देख चालक अपना संतुलन खो बैठा और घनश्याम को रौंदते हुए निकल गया। दुर्घटना होते देख आसपास के लोगों में चीख पुकार मच गई। इस बीच ट्रक चालक भी रुक गया, लेकिन लोगों के आक्रोश को देखते हुए वह लहराते हुए ट्रक लेकर भाग निकला। इस बीच लोगों ने ट्रक को रोकने पीछा किया लेकिन वह तेज गति से भाग गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई, जिन्होने ट्रक पर पथरा शुरु कर दिया, जिससे चालक ट्रक लेकर भाग निकला। वहीं गुस्साए लोगों ने प्रदर्शन शुरु कर दिया. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने पूछताछ के बाद कटंगी की ओर भागे ट्रक चालक की तलाश शुरु कर दी। घटना के बाद मौके पर जाम के हालात निर्मित हो गए थे। दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लगी रही. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर प्रकरण दर्ज कर लिया।




# कुछ कर दिखाने के जज्बे के साथ शूटिंग रेंज में उतरीं शहर की बेटियां

**ग्रीष्मकालीन शिविर में सीख रहीं शूटिंग की बारीकियां**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में मशाल परिसर में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत शूटिंग (निशानेबाजी) के प्रशिक्षण ने लड़कियों को आकर्षित किया है। शिविर में 10 से 16 वर्ष आयु की छह लड़कियों के साथ नौ लड़के भी ओपन साइट एअर राइफल से निशानेबाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने जानकारी दी कि जबलपुर में सिर्फ केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के द्वारा ही ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत शूटिंग का गहन प्रशिक्षण प्रदान करने की पहल व सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद ने गन फॉर ग्लोरी की स्थानीय शाखा के सहयोग से



शूटिंग का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है।

#### नगर की चार महिला शूटर बनी प्रेरणा

जबलपुर की चार महिला शूटरों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 37 पदक जीतने के बाद यहां की लड़कियों की रूचि निशानेबाजी में बढ़ी है। जबलपुर की श्रेया अग्रवाल, महिमा अग्रवाल, रूबिना फ्रांसिस व गौतमी भनोत ने पिछले कुछ वर्षों में शूटिंग में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसका परिणाम यह है कि केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में छह लड़कियां बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। प्रशिक्षण शिविर के समन्वयक रितिक तिवारी ने कहा कि पन्द्रह दिन के भीतर कुछ लड़कियों में भविष्य की संभावनाएं दिखी हैं। इन्हें भविष्य में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में अवसर मिलने की संभावना है।

#### 10 मीटर का शूटिंग का प्रशिक्षण

प्रशिक्षण शिविर में ओपन साइट एअर राइफल से 10 मीटर शूटिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राष्टीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 10 मीटर शूटिंग स्पर्धा खासी लोकप्रिय स्पर्धा मानी जाती है। प्रतिदिन निशांत बावरिया व विवेक सराठे 15 प्रतिभागियों को गहन प्रशिक्षण दे रहे हैं। दोनों प्रशिक्षक प्रतिभागी प्रशिक्षणार्थियों की मेहनत व उत्साह से स्वयं उत्साहित हैं। उनका मानना है कि इतने कम समय में सभी प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**